आषाढ़ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 6 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 102, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com




फिल्म अल्फा में नजर आएंगी आलिया भट्ट 16

रोहित के बिना नई शुरूआत करेगी युवा टीम 15

## सुनक हटे, कीर स्टार्मर बने ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री



**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में शुक्रवार 4 जुलाई को हुए आम चुनाव में लेबर पार्टी को प्रचंड जीत मिली है। कीर स्टार्मर के नेतृत्व में लेबर पार्टी को 650 में से 412 सीटें मिली हैं। किंग चार्ल्स तृतीय ने बकिंघम पैलेस में बैठक के दौरान स्टार्मर को नई सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया। इसी के साथ स्टार्मर आधिकारिक तौर पर देश के 58वें प्रधानमंत्री बन गए। ब्रिटेन में लेबर पार्टी 14 वर्ष के इंतजार के बाद वापस सत्ता में आई है। निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी की हार स्वीकार कर ली। सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को अब तक की सबसे बुरी हार का सामना करना पड़ा है। हालांकि, ऋषि सुनक अपनी सीट से चुनाव जीत गए हैं। इस बीच लेबर पार्टी नेता कीर स्टार्मर ने कहा कि इस तरह का जनादेश एक बड़ी जिम्मेदारी का अहसास दिलाता है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने स्टार्मर को दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कीर स्टार्मर को बधाई दी है। मोदी ने एक्स पर लिखा कि कीर स्टार्मर को ब्रिटेन के आम चुनावों में जीत के लिए बधाई और शुभकामनाएं। मैं आपसी विकास, समृद्धि को बढ़ावा देने, भारत-यूके व्यापक साझेदारी को और मजबूत करने करे सकारात्मक सहयोग की आशा करता हूं।

**राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने सुप्रीम कोर्ट में कहा-ईमानदार छात्रों के हित प्रभावित होंगे**

# नीट-यूजी को रद करना व्यापक जनहित के प्रतिकूल

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि विवादों से घिरी नीट-स्नातक 2024 परीक्षा को रद करना बेहद प्रतिकूल होगा और व्यापक जनहित के लिए, विशेष रूप से इसे उत्तीर्ण करने वालों के करियर की संभावनाओं के लिए काफी हानिकारक होगा।

शीर्ष अदालत में दायर एक याचिका के जवाब में दाखिल अपने हलफनामे में एनटीए ने कहा कि कथित घटना/लीक के प्रयास का 5 मई को आयोजित पूरी परीक्षा के संचालन पर कोई असर पड़ता नहीं दिखा है क्योंकि जांच एजेंसियों द्वारा इसमें शामिल पाए गए उम्मीदवारों की संख्या, परीक्षा में शामिल उम्मीदवारों की संख्या की तुलना में नगण्य है। उपर्युक्त कारक के आधार पर पूरी परीक्षा को रद करना, व्यापक जनहित के लिए, विशेष रूप से योग्य उम्मीदवारों के करियर के लिए, अत्यधिक प्रतिकूल और हानिकारक होगा।

एजेंसी ने कहा कि नीट-स्नातक 2024 परीक्षा बिना किसी अवैध गतिविधि के पूरी तरह से निष्पक्ष और गोपनीयता के साथ आयोजित की गई थी और सामूहिक कदाचार का दावा पूरी तरह से अपुष्ट, भ्रामक है। एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए द्वारा पांच मई को नीट-यूजी आयोजित की गई थी। शीर्ष अदालत 8 जुलाई को विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई करेगी, जिनमें पांच मई को आयोजित परीक्षा में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली तथा परीक्षा को नए सिरे से आयोजित करने का निर्देश देने के अनुरोध वाली याचिकाएं भी शामिल हैं।



### 11 अगस्त को दो पालियों में होगी नीट-पीजी

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) 2024 का आयोजन 11 अगस्त को दो पालियों में किया जाएगा। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) ने शुक्रवार को यह घोषणा की। पहले यह परीक्षा 23 जून को होनी थी। बोर्ड ने कहा एनबीईएमएस के 22 जून 2024 के नोटिस के क्रम में नीट-पीजी 2024 परीक्षा का कार्यक्रम अब पुन: निर्धारित किया गया है। अब यह 11 अगस्त को दो पालियों में होगी। नीट-पीजी 2024 में शामिल होने के लिए पात्रता के उद्देश्य से कट-ऑफ तारीख 15 अगस्त, 2024 रहेगी।

## एक नजर

### अगस्त में गिर सकती है मोदी सरकार : लालू



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने शुक्रवार को दावा किया कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार कमजोर है और अगले महीने की शुरुआत में गिर सकती है। प्रसाद ने राजद के स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में यह दावा किया। पार्टी के 28 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लालू के छोटे बेटे और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी मौजूद थे। प्रसाद ने पार्टी कार्यकर्ताओं से ऐसी किसी भी स्थिति के लिए तैयार रहने का आग्रह किया।

### दिल्ली जल बोर्ड घोटाले में 4 राज्यों में ईडी का छापा

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली जल बोर्ड के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट भ्रष्टाचार मामले में दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई और हैदराबाद में छापे मारे हैं। ईडी ने कहा कि 3 जुलाई को तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान 41 लाख रुपये, विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज़ और डिजिटल साक्ष्य बरामद किए गए। ईडी, दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) की प्राथमिकी के आधार पर जांच कर रही है। एजेंसी ने दिल्ली में 10 एसटीपी के विस्तार में 1943 करोड़ के घोटाले का आरोप लगाया है।

# बाबा भोले लापता, आश्रमों पर छापा

**हाथरस हादसा**

## मैनपुरी स्थित आश्रम में घुसी पुलिस, नोएडा में कार्रवाई की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाथरस हादसे में प्रवचनकर्ता बाबा भोले फिलहाल लापता हैं। पुलिस उनके अलग-अलग आश्रमों का पता लगाकर छापेमारी कर रही है। गुरुवार की देर रात पुलिस ने मैनपुरी स्थित आश्रम में छापा मारा। कहा जा रहा है कि पुलिस यहां से दो वाहन भी उठा कर ले गई है। इसी तरह नोएडा स्थित एक आश्रम का भी पता चला है। पुलिस को जानकारी मिली है कि आश्रम अवैध है, ऐसी स्थिति में आश्रम पर कार्रवाई करने की तैयारी हो रही है।

मैनपुरी स्थित आश्रम पर रात 12 से एक बजे के बीच छापा मारा गया था। इस दौरान पुलिस आश्रम के अंदर एक घंटे तक मौजूद रही। पुलिस के बाहर आने के दौरान देखा गया कि आश्रम के अंदर खड़े दो अतिरिक्त वाहन लेकर जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने हल्ला उड़ाया कि पुलिस बाबा को गिरफ्तार करके ले जा रही है, हालांकि पुलिस ने इसका खंडन किया है। बाबा साकार विश्वहरि के अधिवक्ता डॉ. एपी सिंह ने बताया कि इन गाड़ियों में कौन था इसका पता नहीं चल सका है। उधर, गौतमबुद्धनगर में नोएडा के सेक्टर 87 में वर्ष 2021 में निर्मित आश्रम पर कार्रवाई की तैयारी की सूचना है। बताया जा रहा है कि इस आश्रम में शनिवार और रविवार को कीर्तन होता था। स्थानीय लोगों ने बताया कि आश्रम बनने के बाद बाबा यहां सिर्फ एक बार आए हैं।

### पीड़ितों से मिले राहुल, कहा-प्रशासन से चूक हुई



**हाथरस।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हाथरस में भगदड़ की घटना के संबंध में शुक्रवार को कहा कि प्रशासन की ओर से चूक हुई थी। कांग्रेस नेता ने साथ ही कहा कि वह इसे राजनीतिक रंग नहीं देना चाहते। गांधी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पीड़ितों के लिए बिना किसी देरी के अधिकतम मुआवजा जारी करने का भी आग्रह किया। हाथरस में शुक्रवार सुबह पीड़ित परिवारों से मुलाकात के बाद गांधी ने कहा कि यह दुख की बात है कि इतने परिवारों को कष्ट सहना पड़ा, इतने लोगों ने अपनी जान गंवा दी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रशासन की ओर से कुछ चूक हुई है। गलतियां हुई हैं और उनकी पहचान की जानी चाहिए। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि उन्होंने मृतकों के परिजनों से बातचीत की। उनका कहना है कि प्रशासन की ओर से चूक हुई है। पुलिस की जो व्यवस्था होनी चाहिए थी वो नहीं थी। हाथरस से पहले गांधी ने अलीगढ़ में भी पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उनके साथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, पार्टी की प्रदेश इकाई के प्रभारी अविनाश पांडे, पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत और अन्य पदाधिकारी भी थे।

### अलवर में साम्राज्य का पता चला

**अलवर में साम्राज्य का पता चला :** भोले बाबा का साम्राज्य उप्र. ही नहीं बल्कि राजस्थान में भी पाया गया है। अलवर जिले में एक आश्रम में बाबा 2020 और 2021 में रुके थे। इस आश्रम में तमाम सुख सुविधाएं मौजूद बताई जा रही हैं। यहां के एक सेवादार ने बताया कि बाबा ने पूरे एक वर्ष तक यहां प्रवचन दिया था। आसपास के लोग उनके चरणों की धूल लेने आते थे। इसी आश्रम में बाबा की पत्नी (मैया जी) का भी कमरा बताया जा रहा है। डेढ़ बीघे में फैले इस आश्रम की भी पुलिस जांच करेगी।

### मुख्य आरोपी मधुकर को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** हाथरस भगदड़ हादसे का मुख्य आरोपी देव प्रकाश मधुकर को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। वह हादसे के बाद से फरार था। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 1 लाख रुपये का ईनाम घोषित किया था। सूत्रों के मुताबिक उसने शुक्रवार शाम दिल्ली में यूपी पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेने के बाद संक्षिप्त पूछताछ की फिर उसे गिरफ्तार कर लिया। बताते हैं कि वह दिल्ली में किसी अस्पताल में भर्ती था। देव प्रकाश मधुकर को साकार विश्व हरि उर्फ भोले बाबा का मुख्य सेवादार बताया जाता है। हादसे के बाद सत्संग आयोजन को लेकर उसका नाम मुख्य रूप से आया था। तभी से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। एटा में मीडिया से वार्ता में बाबा के वकील एपी सिंह ने कहा था कि मधुकर घायल हैं, वह हार्ट पेशेंट हैं। अस्पताल में भर्ती हैं।

### आज हाथरस पहुंचेगा तीन सदस्यीय जांच आयोग

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के रिटायर्ड न्यायाधीश बृजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच आयोग की टीम शनिवार को हाथरस पहुंचेगी। जांच आयोग की इस टीम में पूर्व आईएएस हेमंत राव, पूर्व आईपीएस भावेश कुमार सिंह मौजूद रहेंगे। न्यायिक जांच आयोग की टीम सुबह 11 बजे हाथरस पहुंचेगी। सुबह 11 से 12 बजे तक टीम के डीएम, एसपी व अन्य अधिकारियों से वार्ता करेगी। दोपहर एक बजे घटनास्थल फुलरई मुगलगढ़ी के लिए रवाना होंगे। दोपहर दो से चार बजे तक घटनास्थल का निरीक्षण करेंगे। शाम छह से आठ बजे के मध्य अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन, मंडलायुक्त अलीगढ़, पुलिस महानिरीक्षक अलीगढ़ सहित अन्य अफसरों से मुलाकात व अभिलेखों का अवलोकन करेंगे। 7 जुलाई को सुबह 9 बजे से दोपहर एक बजे तक आयोग के सदस्य जन सामान्य से मुलाकात करेंगे।

## एसआईटी ने दर्ज किए सौ से अधिक लोगों के बयान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य सचिव और डीजीपी ने मुख्यमंत्री से मिलकर की ब्रीफिंग
- जांच रिपोर्ट में हादसे के मूल कारण और लापरवाही का जिक्र

**अमृत विचार :** हाथरस दुर्घटना पर एसआईटी ने अपनी जांच लगभग तैयार कर ली है। इस जांच रिपोर्ट में डीएम-एसपी समेत फिलहाल 100 से अधिक के लोगों के बयान दर्ज है। रिपोर्ट अभी शासन तक नहीं पहुंची है, हालांकि मुख्यमंत्री को इस संबध में मुख्य सचिव व डीजीपी ने ब्रीफिंग की है।

शासन ने मंगलवार को हुए हादसे के बाद एडीजी आगरा जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ की अध्यक्षता में एसआईटी का गठन किया था। जिसमें मंडलायुक्त चैत्रा बी. को भी शामिल किया गया। हादसे के बाद बुधवार सुबह तक राहत व बचाव कार्य और फिर दोपहर में मुख्यमंत्री घटनास्थल का दौरा रहने के चलते एसआईटी की जांच रफ्तार नहीं पकड़ पाई थी। मुख्यमंत्री के जाने के बाद जांच तेज हो गई। सबसे पहले यह प्रारूप तैयार किया गया, जिसमें तय किया गया कि किन-किन लोगों के बयान होने हैं। उन सभी की सूची बनाकर उन्हें बयान दर्ज कराने के लिए समय तय किया गया था। और भी लोगों से पूछताछ पुलिस लाइन में हो रही है। गुरुवार रात तक करीब 100 से अधिक लोगों के बयान दर्ज हो चुके थे।



### भीड़ पर सेवादारों की जबरदस्ती पड़ी भारी

जांच में डीएम-एसएसपी सहित लगभग सौ लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, घटनास्थल पर तैनात एक-एक पुलिस और अन्य सभी विभागों के कर्मचारी-अधिकारी, प्रारंभिक सूचना वाले कर्मी, एंबुलेंस कर्मी, डॉक्टर, पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टर, किसान, चश्मदीद, घायल, तहसील और जिला स्तर के अधिकारी आदि शामिल हैं। रिपोर्ट में भगदड़ का मूल कारण, लापरवाही और अनदेखियों का भी जिक्र है। कार्यक्रम स्थल पर जमीन के दलदली होने व सेवादारों की भूमिका को लेकर जिक्र किया गया है। कार्यक्रम स्थल पर कोई एग्जिट गेट नहीं बनाया गया था। बाबा के करीब जाने के लिए लोग धक्का-मुक्की करने लगे थे। सेवादारों ने डंडा दिखाकर रोकना चाहा। इस बड़े कारण से भगदड़ होने की बात कही जा रही है।

# सरोगेसी से मां बनीं महिलाओं को भी मातृत्व अवकाश लेने का अधिकार : उड़ीसा हाईकोर्ट

भुवनेश्वर, एजेंसी

- तीन महीने के अंदर याचिकाकर्ता को मातृत्व अवकाश देने का दिया निर्देश

उड़ीसा हाईकोर्ट ने व्यवस्था दी है कि किराए की कोख के जरिए मां बनने वाली महिला कर्मियों को वैसे ही मातृत्व अवकाश एवं अन्य लाभ पाने का अधिकार है जो प्राकृतिक रूप से बच्चे को जन्म देने वाली या बच्चा गोद लेकर मां बनने वाली महिलाओं को प्राप्त है।

न्यायमूर्ति एसके पाणिग्रही की एकल पीठ ने 25 जून को ओडिशा वित्त सेवा की महिला अधिकारी सुप्रिया जेना की 2020 में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह व्यवस्था दी। जेना किराए की कोख के जरिए मां बनीं लेकिन उन्हें ओडिशा सरकार में उनके उच्च अधिकारी ने 180 दिन का मातृत्व अवकाश देने से मना कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि जिस तरह प्राकृतिक रूप से मां बनने वाली सरकारी कर्मियों को 180 दिन का अवकाश मिलता है, उसी तरह एक साल उम्र तक के बच्चे को गोद लेने वाली सरकारी कर्मियों को भी बच्चे की देखभाल के लिए 180 दिन की छुट्टी मिलती है। कोर्ट ने कहा कि लेकिन किराए की कोख से प्राप्त संतान की देखभाल के लिए मातृत्व अवकाश का प्रावधान नहीं है। कोर्ट ने कहा कि यदि सरकार गोद लेकर मां बनने वाली महिला को मातृत्व अवकाश दे सकती है तो उस माता को मातृत्व अवकाश से वंचित करना सर्वथा अनपयुक्त होगा जिसे किराए की कोख देने वाली महिला के गर्भ में संतान पाने को इच्छुक दंपति के अंडाणु या शुक्राणु से तैयार भ्रूण के अधिरोपण के बाद इस प्रक्रिया से बच्चा मिला हो। उच्च न्यायालय ने व्यवस्था दी कि सभी नई माताओं के प्रति समान बर्ताव एवं सहायता सुनिश्चित करने के लिए उन (महिला) कर्मियों को भी मातृत्व अवकाश दिया जाए, भले ही वह किसी भी तरह मां क्यों न बनी हों। उच्च न्यायालय ने कहा कि इन माताओं को मातृत्व अवकाश देने से यह सुनिश्चित होता है कि उनके पास अपने बच्चे के लिए स्थिर एवं प्यार भरा माहौल तैयार करने के लिए जरूरी वक्त होता है तथा जच्चा एवं बच्चा के कल्याण को बढ़ावा मिलता है। उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को इस आदेश की सूचना मिलने के तीन महीने के अंदर याचिकाकर्ता को 180 दिन का मातृत्व अवकाश प्रदान करने का निर्देश दिया।

**आबकारी घोटाला**

## केजरीवाल की बेल याचिका पर सीबीआई से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत (बेल) याचिका पर सीबीआई से शुक्रवार को जवाब मांगा। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने जमानत याचिका पर सीबीआई को नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई के लिए 17 जुलाई की तारीख निर्धारित की। केजरीवाल ने जमानत की मांग करते हुए दावा किया कि सीबीआई के मामले में उन्हें गिरफ्तार करने की कोई आवश्यकता नहीं थी।

# बिहार में वज्रपात से 20 लोगों की मौत, कई झुलसे

पटना, एजेंसी

- झुलसे लोगों को कराया गया अस्पताल में भर्ती

बिहार के अलग-अलग जिलों में शुक्रवार को वज्रपात की घटना में 20 लोगों की मौत हो गई। भागलपुर में चार, जहानाबाद में तीन, मधेपुरा, सहरसा, नालंदा, बेगूसराय और वैशाली में दो-दो लोग तथा पूर्वी चंपारण, रोहतास और सारण में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

भागलपुर जिले के घोघा थाना के ब्रहमचारी टोला निवासी उपेन्द्र मंडल (34), कुशाहा गांव निवासी मोनिका देवी (36) की मौत हो गई। रंगरा थाना क्षेत्र के कलबलिया धार के समीप आरती (16) की मौत हो गई तथा ममता कुमारी और नूजी कुमारी झुलस गईं जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं कहलगांव थाना क्षेत्र में उत्तम पटेल (19) की मौत हो गई। मधेपुरा जिले के गम्हरिआ थाना क्षेत्र में मदन यादव की मौत हो गई तथा एक महिला झुलस गई। बिहारीगंज थाना क्षेत्र में ममता देवी (35) की मौत हो गई तथा एक अन्य झुलस गई। सहरसा जिले में कुश कुमार (15) और अंजलि कुमारी (16) की मौत हो गई। रोहतास जिले में रौशन कुमार की मौत हो गई जबकि पूर्वी चंपारण जिले में एक की मौत हुई।

## अमृतपाल व अब्दुल रशीद ने ली सांसद पद की शपथ





**नई दिल्ली।** पैरोल पर जेल से बाहर आए कट्टरपंथी सिख उपदेशक अमृतपाल सिंह और कश्मीरी नेता शेख अब्दुल रशीद ने शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। रशीद आतंकवाद के वित्तपोषण मामले में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं जबकि सिंह राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत दर्ज मामले में असम के डिब्रूगढ़ की जेल में कैद हैं। सुरक्षाकर्मी सुबह उन्हें संसद परिसर लाए थे। सिंह (31) और रशीद (56) ने जेल में रहते हुए क्रमशः पंजाब के खडूर साहिब और जम्मू-कश्मीर के बारामूला से निर्दलीय उम्मदीवार के रूप में लोकसभा चुनाव जीता था।

# बिहार में पुल ढहने के मामले में 14 अभियंता निलंबित

पटना, एजेंसी

- 17 दिन में 10 पुलों के ढहने के मामले में सरकार की कार्रवाई

बिहार सरकार ने शुक्रवार को राज्य में पिछले कुछ दिनों में कई पुलों के ध्वस्त होने की घटनाओं के सिलसिले में 14 अभियंताओं को निलंबित कर दिया।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। जांच समिति द्वारा जल संसाधन विभाग को जांच रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद यह निर्णय लिया गया। जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद ने यहां कहा कि जांच में अभियंता लापरवाह और निगरानी को अप्रभावी पाया गया जिसके कारण राज्य में कई छोटे पुल ढह गए। जिन कर्मचारियों पर गाज गिरी है उनमें तीन अधिशासी अभियंता भी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि पिछले 17 दिनों में सीवान, सारण, मधुबनी, अररिया, पूर्वी चंपारण और किशनगंज जिलों में कुल 10 पुल ढह गए। लगातार पुल ढहने की घटनाओं को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरा था। राजद के तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री मोदी पर भी तंज कसे थे। इन घटनाओं के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उच्च स्तरीय समिति गठित कर राज्य के सभी पुलों की जांच के निर्देश दिए हैं।

## महाराष्ट्र में प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी रोकने को विधेयक

**मुंबई।** परीक्षाओं के पेपर लीक को लेकर चिंताओं के बीच, महाराष्ट्र सरकार ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा में एक विधेयक पेश किया, जिसका उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार को रोकना है। इस विधेयक में अपराधियों को पांच साल तक जेल की सजा का प्रावधान किया गया है। विधानसभा में मंत्री शंभुराज देसाई ने महाराष्ट्र प्रतियोगी परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 विधेयक पेश किया। विधेयक के तहत, प्रतियोगी परीक्षाओं के आयोजन से संबंधित अपराध संज्ञेय, गैर-जमानती और गैर-समझौता योग्य होंगे।

# लावारिस गायों को अपनाएगी सरकार, मां जैसी होगी देखभाल

## मिशन गोवंश में जुटीं गृह, राजस्व, पशुपालन, नगर विकास, ग्राम्य विकास और पंचायतीराज विभाग की संयुक्त टीमें

अजय दयाल, लखनऊ



- लखनऊ और बरेली मंडल में चला अभियान बनेगा प्रदेशव्यापी
- छह सरकारी विभागों को है सड़क पर घूमती गायों की तलाश
- फिलहाल लगभग 15 लाख गोवंशों का रखा जा रहा है ख्याल

**अमृत विचार :** राज्य सरकार को सड़क पर छुट्टा घूम रहीं एक-एक गायों की तलाश है। इन लावारिस गायों को अपना बनाकर गो-माता मानकर ही देखभाल करने का उद्देश्य है। इस सर्च-आपरेशन को उप्र. सरकार के छह विभाग मिलकर अंजाम तक पहुंचाएंगे।

बेसहारा गायों का न केवल ऑनलाइन डेटा फीड होगा बल्कि मेडिकल चेकअप करने बाद उन्हें विभिन्न गोशालाओं में लाकर अच्छे से देखभाल भी की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरुप तैयार यह योजना फिलहाल लखनऊ और बरेली मंडल के लिए है। इस दौरान 20 जुलाई तक लखनऊ, उन्नाव, सीतापुर, रायबरेली, हरदोई और लखीमपुरखीरी के अलावा पश्चिम प्रदेश के बदायूं, बरेली, पीलीभीत और शाहजहांपुर में भी सड़कों पर बेसहारा विचरण कर रहीं गायों को पकड़कर गोशालाओं में लाया जा रहा है। अभी यह 15 दिनों का विशेष अभियान है, आने वाले दिनों में राज्य के सभी मंडलों में ऐसी मुहिम चलेगी। इस बाबत प्रमुख सचिव पशुपालन रविन्द्र की तरफ से आदेश सभी जिलाधिकारियों को भेज दिया गया है।

> सर्च-आपरेशन जैसे इस अभियान का उद्देश्य शहरों-गांवों में बेसहारा विचरण कर रहे गोवंशों का शत-प्रतिशत संरक्षण करना है। इसके लिए शहरी क्षेत्रों में प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय जबकि ग्रामीण क्षेत्र में मुख्य विकास अधिकारी नोडल अधिकारी होंगे।
> – सतीश अग्रवाल, संयुक्त निदेशक, गोशाला

### बड़ी राजनीतिक काट भी बना अभियान

गोवंश से जुड़ी ताजा मुहिम सड़क से सदन तक छुट्टा जानवरों को लेकर आवाज बुलंद कर रहे विपक्ष के मुद्दे की भी बड़ी काट है। इस अभियान को अंजाम देने में पशुपालन के अलावा गृह, राजस्व, ग्राम्य विकास, नगर विकास और पंचायतीराज विभाग शामिल हैं।

### 18 हजार 230 गोवंशों की हो रही देखभाल

राज्य में कुल 313 गो-संरक्षण केन्द्र क्रियाशील हैं जिनमें अभी 18 हजार 230 गोवंशों की देखभाल की जा रही है। इनके चारे पर 14 लाख 97 हजार 943 रुपये खर्च भी किए जा रहे हैं। 174 गो-आश्रय स्थल निर्माणाधीन हैं जहां निराश्रित गायों को रखा जाना है। नए स्थलों के बन जाने के बाद ऐसे केन्द्रों की कुल संख्या 487 हो जाएगी।




## शहर में आज



☞ राहुल गांधी की छवि बिगाड़ने के विरोध में जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी की ओर से कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन 12 :00 बजे।

☞ हाथरस की घटना के विरोध में आर्य प्रतिनिधि सभा के द्वारा जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया जाएगा 11 :00 बजे।

☞ कुंवर सर्वेश सिंह मेमोरियल सेल्फी प्वाइंट का लोकार्पण पूर्व राज्यसभा सांसद जफर इस्लाम के द्वारा कंपनी बाग पीलीकोठी पर 11 :00 बजे।

## एक नजर

### श्रीराम कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सरस्वती विहार लाइनपार स्थित श्री दुर्गा शिव मंदिर में राम कथा का आयोजन किया गया। इसमें कथा व्यास पुरुषोत्तम दास ने श्रीराम की लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि राम पिता के वचन का पालन करने के लिए राजपाठ तक त्याग दिया। सीता माता पति के साथ वन गईं तो लक्ष्मण ने भी वन गमन किया। व्यवस्था में मनमोहन सैनी, रामोवतार, अनुराधा अग्रवाल, प्रदीप शर्मा, दीपक, राधारानी आदि व्यवस्था में रहे।

# बारिश से कई जगह सड़कें जलमग्न तो कहीं धंसी

## कांठ रोड पर सीवरेज पाइपलाइन व बिजली के तारों के भूमिगतीकरण कार्य के चलते हादसे की संभावना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सुबह से हो रही बारिश से महानगर में कई मोहल्लों में पानी भरने से जनजीवन बेपटरी हो गया है। रामगंगा विहार, कांठ रोड सहित अन्य जगहों पर जगह-जगह सड़कें धंस गई हैं। जिससे हादसे की आशंका बढ़ गई है। कांठ रोड पर पुलिस ने कई जगह सड़क धंसने की जगह पर बैरिकेड लगाकर लोगों को सतर्क किया है।

शुक्रवार को सुबह से दोपहर तक हुई बारिश से आशियाना, सिविल लाइंस, रामतलैया, रामगंगा विहार आदि कॉलोनियों की गलियों और मुख्य सड़क पर पानी भर गया। झब्बू का नाला में पानी भरने से तालाब की स्थिति बन गई है। जलनिकासी के प्रबंध में ढिलाई नागरिकों पर भारी पड़ी। नगर निगम प्रशासन की ओर से नाला निर्माण व तलीझाड़ सफाई में देरी से मानसून की बारिश जनजीवन को बेतरतीब कर दी है। गड्ढों में वाहनों के पहिए फंसने से हादसा होते-होते बचा। रामगंगा विहार कॉलोनी में कई जगह दोपहिया वाहन चालक फिसल कर गिर गए। गनीमत रही कि उन्हें गंभीर चोट नहीं आई। कांठ रोड पर भी कई वाहनों के पहिए सड़क के गड्ढों में फंस गए। जिसे राहगीरों व आसपास के लोगों ने धक्का देकर निकाला।



कांठ रोड स्थित अकबर के किले के सामने जलभराव के दौरान गुजरते वाहन।



नवीन नगर में बरसात के बाद टूटी सड़क। ● अमृत विचार

- **यातायात पुलिस ने सड़क पर कई जगह बैरिकेड लगाकर लोगों को सतर्क किया**

नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल का कहना है कि जलनिकासी के लिए सभी प्रबंध किए जा रहे हैं। पंपिंग स्टेशनों से लगातार पानी निकासी कराई जा रही है। अधिकारियों व कर्मचारियों को अपने अपने जोन में नालों की सफाई और जलभराव की समस्या दूर करने का निर्देश दिया है।

### क्षतिग्रस्त साइफन का काम अब भी अधूरा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मूंढापांडे के अगापुर से मंडोली तक 9 .03 किलोमीटर का लंबा रास्ता पिछले साल हुई मूसलाधार बरसात के बाद क्षतिग्रस्त हो गया था। क्षेत्रवासियों ने कई बार विभागीय अधिकारियों को लिखित शिकायत दी गई। एक साल बाद काम शुरू हुआ लेकिन, मानसून से पहले पूरा नहीं हो पाया। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक काम पूरा होने में अभी तीन से चार दिन लगेंगे। क्षेत्रवासियों के सामने अभी भी समस्या बरकार है। आए दिन यहां हादसे होते रहते हैं। इस रास्ते के क्षतिग्रस्त होने से आधा दर्जन गांव के हजारों लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वहीं मानपुर पट्टी के कोसी नदी के तटबंध पर बने साइफन के क्षतिग्रस्त होने से किसानों के खेतों में कोसी नदी और बरसात के पानी आने की वजह से काफी संख्या में फसलें बर्बाद हो गई हैं। जबकि पिछले साल ही साइफन के क्षतिग्रस्त होने की शिकायतें ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से की थी। लेकिन, साल भर तक शिकायत पर कोई सुनवाई नहीं हुई। मानसून के ठीक पहले सिंचाई विभाग जागा और क्षतिग्रस्त साइफन की मरम्मत का काम शुरू किया है जो अभी भी अधूरा है।

### बिजली का खंभा गिरने से एक घंटा आपूर्ति बाधित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आशियाना फेज एक स्थित कन्या प्राइमरी पाठशाला से चंद कदम की दूरी पर शुक्रवार को अचानक बिजली का पोल गिर गया। जिससे सौ से अधिक घरों की आपूर्ति बाधित हो गई जिसको दुरुस्त करने में एक घंटे से अधिक समय लग गया। जेई शिवकुमार मौर्य ने बताया कि पोल टूटने से सौ से अधिक घरों की आपूर्ति बाधित रही। एक से दो घंटे की मशक्कत के बाद शाम तक आपूर्ति सुचारू हो गई।

# जलनिकासी के प्रबंध में लाएं तेजी लापरवाही करने पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **जिलाधिकारी ने बारिश से महानगर में हुए जलभराव को देखते हुए किया निरीक्षण**

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अनुज सिंह ने शुक्रवार को बारिश के बाद महानगर में कई जगह जलभराव को देखते हुए विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। नगर निगम के अधिकारियों से दो टूक कहा कि जलनिकासी के प्रबंध दुरुस्त कर इसमें तेजी लाएं। नाला सफाई व सिल्ट उठाने में लापरवाही पर कार्रवाई होगी।

जिलाधिकारी ने करूला नाला, भोलानाथ कालोनी के पास का नाला, लाकड़ी फाजलपुर होते हुए ढक्का कुन्दनपुर और लाइनपार के मोहल्लों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने भोलानाथ कॉलोनी के नाले की पैमाइश कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नाले से निकले सिल्ट की सही से सफाई कराकर उठान सुनिश्चित करें। उन्होंने करूला नाले के निरीक्षण के दौरान नालों से अतिक्रमण हटाने के लिए त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। नगर निगम के अधिकारियों को मोबाइल मड पम्प का भी प्रयोग करने के लिए कहा। इस दौरान नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल, अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार के अलावा नगर निगम के अन्य अधिकारी व क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक आदि मौजूद रहे।



महानगर में नाले का निरीक्षण करते जिलाधिकारी अनुज सिंह। ● अमृत विचार

# जिले में बारिश से कई जगह जलभराव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** शुक्रवार को सुबह से शाम तक रुक-रुक कर बारिश का क्रम चला। जिले में 85 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। जिसमें सर्वाधिक बिलारी में 84 मिलीमीटर वर्षा हुई। रामगंगा नदी का कटघर पुल पर जलस्तर सुबह 188.97 मीटर रहा जो उतार के क्रम में था। महानगर में भी कई जगह जलभराव से लोगों को परेशानी हुई।



झब्बू का नाला क्षेत्र में बारिश के पानी से हुआ जल भराव। ● अमृत विचार

मानसून के सक्रिय होने पर शुक्रवार को सुबह से बारिश का क्रम चला। इससे जलभराव व सड़क पर कई जगह कीचड़ पसर गया। बारिश से तापमान में कमी आई। अधिकतम तापमान 27.5 और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। आर्द्रता 95 प्रतिशत रहा। जबकि 2 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चली हवा से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। बारिश से नदियों के जलस्तर में उतार चढ़ाव का क्रम चलता रहा। जिला बाढ़ कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार रामगंगा नदी का कटघर रेलवे पुल के पास सुबह 10 बजे जलस्तर 188.97 मीटर रिकॉर्ड किया गया। जबकि यहां अधिकतम जलस्तर 193.94 मीटर है। गागन नदी का जलस्तर सुबह 10 बजे 189.05 मीटर रहा। कंट्रोल रूम से बताया गया कि कालागढ़ में रामगंगा नदी का जलस्तर 334.410 मीटर रहा। जबकि अधिकतम 366.200 मीटर है। बताया कि जिले में 85 मिलीमीटर बारिश हुई। जिसमें सर्वाधिक बिलारी में 84 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। ठाकुरद्वारा और कांठ में बारिश शून्य रही। कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर उत्तराखंड के मौसम वैज्ञानिक आरके सिंह ने बताया कि शनिवार को मध्यम से भारी वर्षा का अनुमान है। तापमान में और कमी आएगी।

# बारिश से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बना तालाब

**अगवानपुर, अमृत विचार:** कांवड़ पथ रोड पर बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की हालत काफी समय से जर्जर है। इतना ही नहीं शुक्रवार को बारिश के चलते अस्पताल में तालाब जैसी स्थिति बन गई। जिससे चिकित्सकों, कर्मचारियों के साथ-साथ मरीजों व तीमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

अस्पताल का निर्माण सड़क से लगभग चार फिट नीचे किया गया है। वही स्थित प्राथमिक आयुर्वेदिक अस्पताल की छत से प्लास्टर टूटकर गिर रहा है और बारिश का पानी छत से टपक रहा है। यही हालत होम्योपैथिक अस्पताल की है। इसको लेकर पूर्व प्रधान हाजी फराईम आदि ने भी डीएम को ज्ञापन देकर अस्पताल में भराव और भवन की मरम्मत कराने की मांग की है। वहां मौजूद सफाई कर्मचारियों ने बताया कि पानी की निकासी का कोई प्रबंध नहीं है। पहले खेत में पानी निकल जाता था, लेकिन खेत वाले ने बाउंड्री कर ली है जिसकी वजह से पानी अस्पताल में ही भरा रहता है।



अगवानपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भरा बारिश का पानी। ● अमृत विचार

# भाजपाइयों ने रोपे पौधे, करेंगे देखभाल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के महानगर महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में चंद्रनगर मंडल के पंचवटी पार्क बुद्धि विहार फेस द्वितीय में पौधरोपण किया गया। इसमें नगर विधायक रितेश गुप्ता, विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त सहित अन्य ने पौधे लगाए।

नगर विधायक रितेश गुप्ता ने कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने और वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़ पौधे लगाना अत्यंत आवश्यक है। पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर उपकार करती है। पेड़ पौधे हमें छाया और फल फूल भी प्रदान करते हैं। साथ ही प्रदूषण भी कम होता है। हमें पौधे लगाने के साथ ही इसकी देखभाल भी करनी चाहिए। एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त ने कहा कि पौधों को बढ़ने के लिए उपजाऊ भूमि की आवश्यकता होती है। पेड़ पौधे पर्यावरण के तापमान को बनाए रखने में सहायक होते हैं। महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए समय-समय पर पौधरोपण किया जाता है। प्रदूषण बढ़ने से हो रहे नुकसान को कम करने में पेड़ पौधे काफी महत्वपूर्ण हैं। पौधे लगाकर हमें हर ओर हरियाली फैलानी होगी। इस दौरान देवराज सिंह चौहान, अजय प्रताप सिंह, कार्यक्रम संयोजक सुनीता शर्मा, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, पार्षद कविता गुप्ता, शम्मी भटनागर, राम प्रकाश शर्मा, सुधांशु कौशिक, कपिल गुप्ता, गिरीश शर्मा सहित महानगर व मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे।



पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान पौधे लगाते नगर विधायक रितेश गुप्ता।

### एनसीसी कैडेट्स ने कॉलेज में किया पौधरोपण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** केजीके इंटर कॉलेज में शुक्रवार को 23 यूपी बटालियन एनसीसी के आदेशानुसार पौधरोपण किया गया। यह रोपे पौधे बटालियन की ओर से प्राप्त किए गए। इस मौके पर एनसीसी कैडेट्स ने कॉलेज परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरान जय गोपाल, सर्वेंद्र सिंह, हवलदार धर्मेंद्र सिंह, प्रवक्ता पुष्पेश मिश्र, मुरारी सिंह ने सहयोग किया।

### पौधरोपण के लिए चलाया अभियान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** 23 यूपी बटालियन एनसीसी की ओर से शुक्रवार को विभिन्न विद्यालयों में पौधरोपण किया गया। इसी क्रम में महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज और विद्यालय प्रांगण के बाहर भी पौधरोपण किया गया। इस मौके पर कर्नल गौरव गुप्ता, अरुण कुमार शुक्ला, मेजर राजीव ढल, विपिन कुमार गुप्ता, सूबेदार मेजर, जगवंत सिंह, सूबेदार सतीश कुमार, हवलदार तेज कुमार लिम्बू सहित बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेटों ने पौधरोपण किया।

**परेशानी** — सड़कों में गड्ढे, पत्थर और कंक्रीट से पटा कांवड़ मार्ग, कांवड़ यात्रा से पहले मार्ग को दुरुस्त करने में जुटा लोक निर्माण विभाग

# हरिद्वार जाने वाला मुख्य मार्ग खस्ता हाल, होगी मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** श्रावण महीने में शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा में जर्जर रास्ते व कांवड़ मार्ग की खस्ताहाली कांवड़ियों के लिए अड़चन बनेगी। टूटी सड़कों के कंकड़ पत्थर मुरादाबाद से हरिद्वार जाने वाले मुख्य मार्ग में जहां तहां पड़े हैं जो कांवड़ियों के लिए मुसीबत बनेंगे। हालांकि जिलाधिकारी ने 2 जुलाई को अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर कांवड़ मार्ग को जल्द दुरूस्त करने का निर्देश दिया था। जिसके बाद काम में तेजी आने की उम्मीद जगी है।



कांठ रोड पर टूटी सड़क में भरा पानी। ● अमृत विचार

पीलीकोठी से कांठ रोड होते हुए हरिद्वार को जाने वाले मार्ग की हालत इन दिनों काफी खराब है। सामान्य राहगीर इसमें हिचकोले खाते हुए जा रहे हैं। इस महीने श्रावण शुरू होने पर कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में गंगा जल भरने हरिद्वार जाएंगे। ऐसे में टूटी व जर्जर सड़कों पर नंगे पैर चलने में उनको मुश्किल होगी। सड़क पर हुए गड्ढों में वाहनों के पलटने का खतरा भी बना है। जबकि श्रावण मास के शुरू होने में मात्र 16 दिन शेष हैं। जिलाधिकारी के निर्देश के बाद लोक निर्माण विभाग के अधिकारी कार्य में जुट गए हैं। पीएसी तिराहे से लेकर अगवानपुर चीनी मिल तिराहे तक गड्ढों को भरने का कार्य शुरू कर दिया गया है। इस मार्ग पर जल निगम की ओर से सीवर पाइप लाइन डालने का काम भी अभी तक पूरा न होने से सड़कों के निर्माण में अड़चन बना हुआ है।

कांठ रोड पर किला तिराहे से लेकर छजलैट तक मार्ग की हालत इतनी खराब है कि इस पर नंगे पैर चलना तो दूर वाहनों के पलटने का खतरा भी हर समय बना रहता है। ऐसे में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए गंगा जल भरने वाले शिवभक्तों को भी कड़ी परीक्षा देनी होगी। इस समय सड़क के दोनों ओर गड्ढों में पानी भरा है।

लोक निर्माण विभाग के जेई विशाल आजाद का कहना है कि 22 किलोमीटर के स्टेट हाइवे का निर्माण कराए जाने का प्रस्ताव मार्च में हुआ था। इसकी टेंडर प्रक्रिया 15 जून को पूरी हुई थी। जिसके 15 दिन बाद एक जुलाई को एमएन कंस्ट्रक्शन कंपनी ने कार्य शुरू कर दिया। बरसात शुरू होने के कारण कार्य में तेजी नहीं आई। पीवीआर मॉल के पास अभी भी कार्य चल रहा है। लेकिन पीडब्ल्यूडी सड़क के गड्ढे भरने का कार्य कर रहा है।

# बिजली कटौती, ट्रिपिंग से उपभोक्ता परेशान

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** बीते कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है। इसमें बिजली की समस्या भी बढ़ गई है। गुरुवार रात भी कई मोहल्लों में बिजली घंटों गायब रहीं। तो शुक्रवार को बारिश के बीच ट्रिपिंग की समस्या बनी रही।

हरथला निवासी अनिकेत ने बताया कि गुरुवार रात बिजली घंटों गुल रही। जिससे काफी परेशानी हुई। वहीं रामगंगा विहार निवासी सचिन अहलावत ने कहा कि बारिश के दिनों में अकसर ट्रिपिंग की समस्या आती है। इस बार भी दिन में कई बार बिजली आती जाती है। वहीं करूला, मुफ्ती टोली समेत अन्य इलाकों में भी बिजली कटौती जैसी समस्या सामने आई। अधिशासी अभियंता प्रथम सुधाकर कुमार ने बताया कि बारिश के दिनों में छोटी मोटे फाल्ट हो जाते हैं। जिससे बिजली बाधित होती है। फिलहाल कोई बड़ा फाल्ट नहीं हुआ है।



पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे

REGISTRATION INDIA TM©

We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax

अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।

- Ngo Registration
- Society Registration
- Trust Registration
- Section 8 Company Registration
- Project Report
- Audit Report
- Annual Report
- 12A Registration
- 80G Registration
- Website for Ngo
- Niti Ayog Registration (NGO Darpan)
- E-Anudan, FCRA & MHRD
- One Person Company Registration
- LLP Company Registration
- Private Limited Company Registration
- MSME Registration & CSR
- Service Tax & DSC
- 35AC Registration
- Pan Card for Ngo
- PAN Registration
- Trade Mark Registration
- Copy Right Registration
- Patent Registration

अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।

T&C Apply

एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Contact: 7500277920, 7500223290 | Email: teamindia5050@gmail.com

**आज का मौसम**

मध्यम बारिश का अनुमान है।

28.0° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:22 | सूर्यास्त 07:17

**एक नजर**

### यूपीएससी में चयन पर पूर्व छात्र का सम्मान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गांधी नगर पब्लिक स्कूल के पूर्व छात्र राजन नवनीत सिंह को यूपीएससी 2023 की परीक्षा में चयन होने पर प्रबंधन की ओर से सम्मानित किया गया। राजन ने यूपीएससी में 937 रैंक पाकर विद्यालय और महानगर का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम में राजन ने कहा कि सभी के जीवन में दो चीजें बहुत महत्व रखती हैं। किस्मत व दूसरी मेहनत। किस्मत तो आपके हाथ में नहीं, लेकिन मेहनत स्वयं पर निर्भर करती है। विद्यालय के विजय गुप्ता ने राजन की सराहना की। सचिव अशोक सिंघल ने राजन को बधाई दी। प्रधानाचार्या शशि शर्मा ने राजन और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया। उप प्रधानाचार्या गुरविंदर कौर ने भी बधाई दी, संचालन सोना रस्तोगी ने किया।

# ट्रक से भिड़ी दंपति की बाइक, पति की मौत

## सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल पत्नी का अस्पताल में चल रहा इलाज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** पाकबड़ा थाना क्षेत्र में पुराने टोलटैक्स के निकट दिल्ली जा रहे दंपति की बाइक ट्रक से टकरा गई। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को अस्पताल ले गई। गंभीर रूप से घायल लैब टेक्नीशियन ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जबकि, महिला का इलाज चल रहा है। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



रामपुर के मिलक क्षेत्र के गांव परम निवासी धनपाल सिंह (32) दिल्ली के निजी अस्पताल में लैब टेक्नीशियन थे। वह शुक्रवार सुबह पत्नी सुनीता के साथ बाइक से दिल्ली जा रहे थे। इसी दौरान लगभग आठ बजे पाकबड़ा थाना क्षेत्र के निकट पुराने टोल टैक्स पर बारिश की वजह से तेज रफ्तार बाइक ट्रक के पीछे जा घुसी। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस आनन-फानन में दोनों को अस्पताल ले गई। धनपाल ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जबकि पत्नी सुनीता का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने धनपाल के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक, घटनास्थल से क्षतिग्रस्त बाइक बरामद की है। परिजनों की तहरीर पर आगे कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस ट्रक व उसके चालक की पहचान के लिए घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।



पोस्टमार्टम हाउस पर खड़े मृतक धनपाल सिंह के परिजन। ● अमृत विचार

### दिल्ली के निजी अस्पताल में नौकरी करता था मृतक

सड़क दुर्घटना के शिकार धनपाल 15 साल से दिल्ली के एक निजी अस्पताल में लैब टेक्नीशियन की नौकरी करते थे। वह दिल्ली से चार दिन पहले ही घर आए थे। परिजनों ने बताया है कि धनपाल के बड़े भाई ने जाने से पहले दंपति को एक-दो दिन और रुकने के लिए कहा था, लेकिन धनपाल नहीं माने। घर से रवाना होने के कुछ देर बाद धनपाल की मौत की खबर सुनकर परिजन स्तब्ध रह गए। धनपाल की मां बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ीं। इसके बाद परिवार में कोहराम मच गया।

- **रामपुर जिले के मिलक क्षेत्र के गांव परम के हैं निवासी, चार दिन पहले दिल्ली से घर पर आए थे पति-पत्नी**

# व्यापारियों ने बाजार बंद कर जताया विरोध

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में फुटवियर शॉप के नौकर ने 12 वर्षीय बच्ची की साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। पुलिस ने मंगलवार को ही आरोपी का चालान कर मामला रफा दफा कर दिया। घटना की जानकारी के बाद विश्व हिंदू परिषद व व्यापार मंडल के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को नवीन नगर बाजार बंद करने की घोषणा कर दी। तेज बारिश में भी लोगों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

बता दें कि सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के ही रहने वाला व्यक्ति मंगलवार को नई चप्पल दिलाने के लिए किशोरी को साथ लेकर नवीन नगर स्थित फुटवियर की दुकान पर गए थे। जहां पर एक नौकर भी काम करता था। नौकर गोदाम में चप्पल दिखाने के बहाने किशोरी को ले गया। दुकान से थोड़ी दूरी पर ही गोदाम है। उसके बाद वह किशोरी के साथ अश्लील हरकतें करने लगा। विरोध करने पर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। रोती-बिलखती किशोरी दुकान पर बैठे पिता के पास पहुंची। इसके बाद विवाद बढ़ गया। किशोरी के साथ ओछी हरकत से नाराज पिता ने नौकर की जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की।

पुलिस ने आरोपी का चालान कर उस समय मामला रफा दफा कर दिया। घटना के चार दिन बाद भनक विश्व हिंदू परिषद व व्यापार मंडल को लग गई। शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद व व्यापार मंडल के कार्यकर्ताओं ने नवीन नगर बाजार बंद करा दिया। विरोध प्रदर्शन कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। पुलिस के मुताबिक, मामले की जांच की जा रही है। किशोरी के परिजनों की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



नवीन नगर में विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी से जानकारी करती पुलिस। ● अमृत विचार

### फुटवियर की दुकान और गोदाम खाली कराने की मांग

मंगलवार को हुई घटना की भनक लगने के बाद विश्व हिंदू परिषद व व्यापार मंडल के कार्यकर्ताओं में रोष है। नवीन नगर में सभी दुकानदारों ने बाजार बंद कर नाराजगी जताई। दुकानदारों ने भी एकजुट होकर कर कार्रवाई की मांग की है। घटनास्थल के समीप एक सब्जी विक्रेता का कहना है कि, फुटवियर के मालिक का भतीजा उनके यहां पर डेढ़ साल से नौकरी करता था। वह खुद इस घटना से स्तब्ध हैं। वहीं स्थानीय लोग अब फुटवियर की दुकान और गोदाम खाली कराने की मांग रहे हैं।

- **चार दिन पूर्व नौकर ने बच्ची से किया था दुष्कर्म का प्रयास**
- **व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने की कार्रवाई की मांग**

# जेईई, नीट की तैयारी को क्लासेज शुरू

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत मौजूदा शैक्षिक सत्र में सिविल सर्विसेज, जेईई, नीट व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रशिक्षण सत्र (क्लासेज) का आरंभ शुक्रवार को हिन्दू पीजी कॉलेज में मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने किया। उन्होंने अभ्यर्थियों को बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

मंडलायुक्त व अन्य अधिकारियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप जलाकर व माल्यार्पण कर सत्र की शुरुआत कराई। योजना में शामिल पंजीकृत अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे-सिविल सर्विसेज परीक्षा, जेईई व नीट की तैयारी के निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार कक्षाएं संचालित होंगी।

मंडलायुक्त के साथ जिलाधिकारी अनुज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी देकर उनका मार्गदर्शन किया। मंडलायुक्त ने कहा कि योजना में अधिक से अधिक छात्र विभिन्न परीक्षाओं में चयनित होकर जनपद को गौरवान्वित करेंगे इसका मुझे विश्वास है।

जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं को सिविल सर्विसेज, जेईई व नीट की प्रतियोगी परीक्षा में सफलता के लिए अपने अनुभव बताए। उनकी समस्याओं का समाधान भी किया। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रशिक्षण के लिए चयनित छात्रों को अपना अनुभव साझा किया। कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरुण कुमार दुबे, प्राचार्य हिन्दू पीजी कॉलेज सत्यव्रत सिंह रावत, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेन्द्र कुमार गौतम, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विजय कुमार यादव, अभ्युदय योजना संचालन समिति के सदस्य के प्रवक्ता डॉ..आनन्द कुमार सिंह और कोर्स कोआर्डिनेटर नूर आलम व सिविल सर्विसेज, जेईई नीट की कोचिंग के लिए चयनित प्रतियोगी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



अभ्युदय योजना का दीप जलाकर आरंभ करते मंडलायुक्त, साथ में सीडीओ व अन्य।

- **मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने किया प्रशिक्षण सत्र का आरंभ**
- **जिलाधिकारी व सीडीओ ने साझा किया अपना अनुभव**

# ट्रामा सेंटर में दूसरे दिन भी दुर्गंध, वायरिंग भी जली

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आग लगने की घटना के दूसरे दिन दोपहर को भी जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर के अंदर खड़ा होना मुश्किल हो रहा था। तीक्ष्ण दुर्गंध थी। सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। सीटी स्कैन वाले रूम से मेडिकल कर्मचारी मोबाइल की रोशनी में फाइलें सुरक्षित करते मिले। यहां मिले बिजली कर्मी ने बताया कि सीटी स्कैन, एक्स-रे, इलेक्ट्रिकल रूम वाली लाइन के कमरों की बिजली वायरिंग जल गई है। उधर, खबर मिली है कि जिला अस्पताल की ओपीडी व इमरजेंसी में भी पिछले महीने लखनऊ की टीम ने ऑडिट किया था। अग्नि सुरक्षा के कई बिंदुओं में खामियां पाई गई थीं।

**जिला महिला अस्पताल के पास भी नहीं फायर एनओसी :** महिला अस्पताल के पास भी अग्नि सुरक्षा के संबंध में एनओसी नहीं है। वैसे यहां हर दिन 15 से अधिक शिशु और महिलाएं भर्ती रहती हैं। न्यूबोर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) में भी अक्सर 10 से अधिक नवजात भर्ती रहते हैं। कई प्राइवेट अस्पतालों से भी यहां बच्चों को रेफर किया जाता है। इसके बाद भी अग्नि सुरक्षा के इंतजाम नाकाफी हैं।

# अस्पताल में आग से बचाव के पर्याप्त इंतजाम नहीं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अनदेखी**

- **2022 में हैंडओवर हुआ था चार मंजिला मल्टीस्टोरी भवन, अब तक नहीं लग पाया स्प्रिंकलर सिस्टम**

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल को अग्निशमन विभाग से एनओसी न मिलने का प्रमुख कारण चार मंजिला इमारत में स्प्रिंकलर न लगा होना रहा है। वैसे इस इमारत के दो फ्लोर, भूतल व प्रथम तल पर स्प्रिंकलर लगाने की टेक्निकल स्वीकृति शासन से मिल चुकी है। जबकि, यह मल्टीस्टोरी वाली बिल्डिंग अस्पताल प्रशासन को 2022 में कार्यदायी संस्था ने हैंडओवर की थी। फिलहाल, अग्निशमन विभाग का कहना है कि जब इस मल्टीस्टोरी वाली बिल्डिंग में फायर सेफ्टी सिस्टम लग जाएगा तभी पूरे अस्पताल की एक साथ एनओसी देंगे, अलग-अलग भवन/वार्ड के लिए एनओसी नहीं देंगे।

प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता का कहना है कि ट्रामा सेंटर में फायर सेफ्टी के सभी इंतजाम हैं। सेंसर लगे हैं। हाईड्रेंट सिस्टम भी लगा है, उसी से पानी लेकर आग बुझाई गई थी। वैसे एक मंजिल भवन में स्प्रिंकलर की जरूरत नहीं होती है। उन्होंने बताया कि मल्टीस्टोरी वाली चार मंजिला इमारत में स्प्रिंकलर लगने हैं, इस भवन को कार्यदायी संस्था उप्र आवास विकास परिषद ने बनाया था। जब यह भवन बना उस समय स्प्रिंकलर सिस्टम लगाने का प्रावधान नहीं था। यह चार मंजिला इमारत कार्यदायी संस्था ने वर्ष 2022 में जिला अस्पताल को हैंडओवर किया था। उस समय तत्कालीन प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक ने अग्निशमन विभाग को एनओसी के लिए पत्राचार किया था तो मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने शर्त लगा दी थी कि चार मंजिला इमारत में स्प्रिंकलर सिस्टम लगाओ, तभी एनओसी मिलेगी।

उसी दौरान से एनओसी लेने की प्रक्रिया के तहत स्वास्थ्य महानिदेशालय से पत्राचार चल रहा है। नतीजा यह हुआ है कि अभी तक चार मंजिला इमारत में से दो फ्लोर, भूतल व प्रथम तल के भवन स्प्रिंकलर सिस्टम लगाने की टेक्निकल स्वीकृति शासन से मिल गई है।

लेकिन, डॉ. संगीता गुप्ता ने कहा कि वह शासन से धनराशि प्राप्त होने का इंतजार नहीं करेंगी और स्प्रिंकलर सिस्टम लगाने का काम प्रारंभ कराएंगी। इस काम को अगले एक-डेढ़ महीने में पूरा कर लेंगी। इसके बाद शेष दो फ्लोर, तीसरे व चौथी मंजिल के भवन पर भी स्प्रिंकलर सिस्टम लगाने की स्वीकृति के लिए शासन में पत्राचार करेंगे।

**जान जोखिम में डाल सुरक्षित किए थे ऑक्सीजन सिलेंडर :** प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक ने कहा, आग बुझने के दो घंटे बाद हम लोग ट्रामा सेंटर में प्रवेश कर पाए हैं। इतना अधिक धुआं और दुर्गंध थी कि सांस लेना मुश्किल हो रहा था। आग लगने के दौरान बैटरियां दग रही थीं और ट्रामा सेंटर के अंदर ऑक्सीजन के चार सिलेंडर भी रखे थे। इसी बीच में जान जोखिम में डालकर मैनेजर ने सभी चारों ऑक्सीजन सिलेंडर सुरक्षित कर लिया था। नहीं तो और अधिक बड़ा ब्लास्ट हो सकता था। सीएमएस ने कहा, मेडिकल स्टॉफ, रोगी, ऑक्सीजन सिलेंडर और सीटी स्कैन मशीन...सब सुरक्षित है। कोई जनहानि नहीं हुई।

### 100 किलोवॉट का यूपीएस जला

प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक ने कहा, बिजली की लाइन में कोई फाल्ट नहीं था। हादसा बैटरी में शॉर्ट-सर्किट की वजह से हुआ है। गनीमत रही कि टेक्नीशियन ने सीटी स्कैन मशीन की पॉवर काट कर लाइन बंद कर दी थी तो उम्मीद है कि यह मशीन सुरक्षित होगी। 100 किलोवॉट का यूपीएस जल गया है, उसी रूम में 34 बैटरियां लगी थीं जो जल गई हैं।

> जिला अस्पताल को फायर सेफ्टी के संबंध में हमने एनओसी क्यों नहीं दी है, यह बात अस्पताल प्रशासन को मालूम है। उन्हीं से कारण पूछिए।
>
> – **कृष्णकांत ओझा,** मुख्य अग्निशमन अधिकारी

**भारोत्तोलन क्लस्टर प्रतियोगिता** | डीआईजी ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित कर किया सम्मानित, 14 वाहिनियों के 300 खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग

# 43वीं वाहिनी पीएसी एटा की टीम बनी विजेता, मेजबान टीम उपविजेता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** तीन दिन से चल रही भारोत्तोलन क्लस्टर प्रतियोगिता शुक्रवार को संपन्न हो गई है। इस बार 23वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद ने प्रतियोगिता की मेजबानी की थी। प्रतियोगिता में 14 वाहिनियों की टीमों के 300 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था।

आखिरी दिन मुख्य अतिथि डीआईजी मुनिराज जी ने विजेताओं को पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया। भारोत्तोलन में एटा की टीम को विजेता का गौरव हासिल हुआ। वहीं मेजबान टीम उपविजेता रही। पावर लिफ्टिंग में गौतमबुद्धनगर की टीम को विजेता का खिताब मिला। अलीगढ़ की टीम उपविजेता बनी।

बुधवार को 23वीं वाहिनी के कमांडेंट अमित कुमार ने तीन दिवसीय प्रतियोगिता का फीता काटकर आरंभ किया था। प्रतियोगिता में पश्चिमी जोन पीएसी के सभी 14 वाहिनी से करीब 300 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। शुक्रवार को 23वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद में प्रतियोगिता के आखिरी दिन ढोल-नगाड़ों के साथ मुख्य अतिथि डीआईजी का पहले स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होंने बारी-बारी से विजेताओं को शील्ड, मेडल प्रदान किए। इस बार पश्चिमी जोन पीएसी की 27वीं अंतर वाहिनी भारोत्तोलन क्लस्टर प्रतियोगिता की मेजबानी 23वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद को मिली थी। समापन समारोह में डीआईजी ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। भारोत्तोलन प्रतियोगिता में 225 अंक प्राप्त कर 43वीं वाहिनी पीएसी एटा की टीम को विजेता का गौरव हासिल हुआ। वहीं 201 अंक प्राप्त कर 23वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद की टीम उपविजेता रही। पावर लिफ्टिंग में 44 अंक प्राप्त कर 49वीं वाहिनी पीएसी गौतमबुद्धनगर विजेता बनी। 41 अंक पाकर 45वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़ उपविजेता रही। तीन दिन तक चली प्रतियोगिता के आखिरी दिन शुक्रवार को आयोजन के सहायक सचिव डिप्टी कमांडेंट मोहम्मद परवेज आलम ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान 14 वाहिनियों से आए सभी प्रतियोगी उपस्थित रहे। वहीं आयोजन में उपनिरीक्षक उत्तम कुमार, मुख्य निर्णायक पवन कुमार, वेटलिफ्टिंग के राष्ट्रीय खिलाड़ी सर्वेश सिंह, राकेश कुमार, जितेन्द्र कश्यप, आकाश कश्यप, शरद कुमार शामिल रहे।



विजेता टीम को ट्राफी देते डीआईजी मुनिराज जी। ● अमृत विचार

- **23वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद ने की मेजबानी**
- **पावर लिफ्टिंग में 49वीं वाहिनी पीएसी गौतमबुद्धनगर प्रथम**

# अवैध खनन सामग्री लाने वालों पर चेक पोस्ट पर करें सख्ती

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **चेकिंग के दौरान दूसरी तहसील के नायब तहसीलदार रहें शामिल**

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला टास्क फोर्स की बैठक हुई। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य से खनन से भरी गाड़ियों पर कड़ी नजर रखते हुए कार्रवाई करें। जिलाधिकारी ने कहा कि चेक पोस्ट पर ड्यूटी बढ़ाकर तीन शिफ्ट की जाएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि नायब तहसीलदार स्तर के अधिकारियों की ड्यूटी लगाएं लेकिन, यह नायब तहसीलदार दूसरे तहसील के रखे जाने चाहिए। परिवहन विभाग के कर्मचारी और वाणिज्य कर व खनन विभाग के अधिकारी भी ड्यूटी में शामिल रहेंगे। हर सप्ताह चेक पोस्ट पर ड्यूटी में परिवर्तन करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि ओवरलोडिंग पर भी कार्रवाई की जाए। चेकिंग टीम के मोबाइल पर माइनिंग मित्र का ऐप डाउनलोड कराया जाए। जिस गाड़ी में माइनिंग टैग नहीं है उसका चालान करने के साथ ही फर्जी माइनिंग टैग पर रोक लगाने का निर्देश दिया। सभी विभागों के अधिकारी अपने दायित्व को गंभीरता व ईमानदारी से निभाएं, लापरवाही करने वालों पर भी कार्रवाई होगी। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र, परिवहन, सामाजिक वानिकी प्रभाग, खनन, परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पुलिस से मारपीट मामले में महिला गिरफ्तार, भेजा जेल

**मैनाठेर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव डींगरपुर में पुलिसकर्मियों से मारपीट मामले में पुलिस ने महिला को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को भाइयों में आपस में कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद दोनों भाइयों ने मिलकर एक भाई नासिर के साथ मारपीट की और हाथ में चाकू मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। मामले की सूचना मिलने पर पहुंचे पुलिस के दो जवानों के साथ भी तीनों ने मारपीट की थी। इस मामले में घायल नासिर ने छह लोगों के खिलाफ तहरीर दी थी। जबकि घायल सिपाहियों की ओर से तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। शुक्रवार को पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है जिसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

### कैंसर से डरने की नहीं लड़ने की जरूरत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रोटरी क्लब मुरादाबाद ब्रास सिटी स्टार्स की ओर से शुक्रवार को पीलीकोठी स्थित एक होटल में मैक्स हॉस्पिटल के साथ कार्यक्रम किया गया। इसमें मुख्य वक्ता मैक्स हॉस्पिटल पटपटगंज दिल्ली से आए कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. समीर खत्री रहे। उन्होंने बताया कि कैंसर से डरने की नहीं बल्कि लड़ने की जरूरत है। क्लब की ओर से सचिव भरत अग्रवाल ने डॉ. समीर खत्री को सम्मानित किया। क्लब अध्यक्ष विदुर गर्ग ने डॉ. समीर को रोटरी टी शर्ट भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान आयुषी अग्रवाल, अर्ची गर्ग, अनुज, आदित्य, रुही रस्तोगी व विकास अग्रवाल मौजूद रहे।

# अभाविप कार्यकर्ताओं ने टीएमयू के गेट पर किया धरना-प्रदर्शन

## कार्यकर्ताओं ने यूनिवर्सिटी का गेट तोड़ने की कोशिश की, पुलिस से नोकझोंक, एडीएम सिटी, एसपी देहात मौके पर पहुंचे

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचारः** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय में विगत कई वर्षों और एक माह में तीन संदिग्ध हालात में आत्महत्याएं करने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से विश्वविद्यालय के गेट पर धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर हंगामा किया। हंगामा बढ़ता देख एडीएम सिटी, एसपी देहात समेत भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने वाइस चांसलर के आने के बाद उन्हें ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने 24 घंटे के अंदर कॉलेज प्रबंधन की टीम भंग कर दोबारा बनाने की मांग की। साथ ही राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली को संबोधित ज्ञापन में सीबीआई जांच की मांग की।

शुक्रवार को बड़ी संख्या में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी और कार्यकर्ता तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी पहुंचे। यहां उन्होंने गेट पर धरना-प्रदर्शन करते हुए जमकर हंगामा किया। इस दौरान सभी विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता गेट तोड़ने के लिए गेट पर चढ़ गए। सभी ने गेट तोड़ने की भरपूर कोशिश की। पुलिस के काफी मनाने के बाद सभी गेट से नीचे उतरे। यह हंगामा बढ़ते देख एसपी देहात संदीप कुमार मीणा, एडीएम सिटी ज्योति सिंह, एसडीएम सदर, एएसपी अमरिंदर सिंह, सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर, थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह और मझोला थाना प्रभारी कमलकांत वर्मा समेत बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रहा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। सभी ने जमकर टीएमयू प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए। सुसाइड करने वाले डॉक्टर ओशो राग चौधरी की माता पूनम चौधरी का कहना है कि सुसाइड मामले में टीएमयू प्रबंधन की कोई गलती नहीं है।



टीएमयू के सामने धरने पर बैठे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता।

### क्या बोले पदाधिकारी

प्रांत सहमंत्री गौरव गौड़ ने बताया कि वर्षों से देखा गया है कि समय-समय पर विद्यार्थियों व अध्यापकों द्वारा आत्महत्या के मामले सामने आए हैं, जिसमें से किसी भी मामले में विश्वविद्यालय व स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई भी संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई है। अमन शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय के अंदर पिछले एक दशक के अंदर कई आत्महत्याएं हुईं तथा पिछले एक महीने के अंदर तीन की मौत सवाल खड़ा करती है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सुधांशु चाहल, लक्षित सिंघल, अर्जुन बुटार, पुनीत अग्रवाल, सतेंद्र चौहान, अनिरुद्ध, विकास गोला, रितिक चौहान, अस्मित चौधरी, गौरव, सोहित राघव, शिवांगी शर्मा, अक्षित शर्मा, अभिषेक चौहान, अनिकेत चौहान, अखिल सिद्धू, गुंजन, श्रुति, तनिष्का, कुमकुम, मीनाक्षी, मोनिका, मेघना प्रजापति आदि सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एक माह में तीन आत्महत्या

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मेरठ प्रांत की मंत्री क्षमा शर्मा का कहना है कि विश्वविद्यालय में एक माह में ही तीन आत्महत्या की घटनाएं सामने आई हैं। जिस कारण विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के बीच एक भय का माहौल उत्पन्न हुआ है। आत्महत्या करने वालों में एक शिक्षक डॉक्टर अदिति त्यागी, बीबीए छात्र अक्षत जैन और एमडी छात्र ओशो राज हैं। इन तीनों मामलों में आत्महत्या से पूर्व कोई भी सुसाइड नोट प्राप्त नहीं हुआ है। विश्वविद्यालय में एक माह में तीन सुसाइड होना एक गंभीर जांच का विषय है।

### टीएमयू ने एमबीबीएस छात्रों को बातचीत के लिए भेजा

हंगामे के दौरान टीएमयू में पढ़ने वाले एमबीबीएस छात्रों को अभाविप के पदाधिकारियों से बात करने के लिए भेजा तो हंगामा हो गया। कार्यकर्ताओं ने हंगामा कर उन्हें भगा दिया। इस बीच पुलिस से भी नोकझोंक होती रही। वाइस चांसलर से मिलने की जिद पर अड़े रहे। वाइस चांसलर के आने के बाद विद्यार्थी परिषद के कुछ लोगों ने बात की। जिस पर उन्हें आश्वासन दिया गया कि विद्यार्थी परिषद की मांगों पर जरूरी कार्रवाई करेंगे।


प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते अपना दल( के )के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### टीएमयू में हो रही मौतों की कराई जाए सीबीआई जांच

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अपना दल ( के ) के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष डॉ. रामेश्वर दयाल तुरैहा के नेतृत्व में शुक्रवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के अधिकारी को सौंपकर तीर्थंकर महावीर चिकित्सा विश्वविद्यालय ( टीएमयू ) में एमडी एनेस्थीसिया के छात्र ओशो राग चौधरी सहित अन्य की मौतों की सीबीआई से जांच कराने की मांग की। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि एक दिन पूर्व टीएमयू में एमडी एनेस्थीसिया के छात्र ओशो राग चौधरी की मौत हो गई। पिछले दिनों पैथोलॉजी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.अदिति मल्होत्रा, जून में बीबीए फाइनल ईयर के छात्र अक्षत जैन, नवंबर 2023 में बीटेक प्रथम वर्ष की छात्रा करुणा विश्वकर्मा, वर्ष 2021 में एमडीएस की छात्रा डॉ. वैशाली व अन्य कई छात्राओं की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौतों की सीबीआई से जांच कराई जाए। तभी असलियत सामने आएगी। मंडल अध्यक्ष डॉ. रामेश्वर दयाल तुरैहा ने कहा कि 25 दिन में टीएमयू में संदिग्ध परिस्थितियों में तीन मौतें हो चुकी है। इससे पूर्व भी कई मौतें हो चुकी हैं जबकि मुरादाबाद में कई सरकारी/गैर सरकारी शिक्षण संस्थाएं हैं उनमें आज तक कोई घटना नहीं हुई। फिर टीएमयू में ही क्यों ऐसी घटनाएं हो रही हैं ? ये गंभीर विषय है इसकी सीबीआई से जांच होनी चाहिए। यदि शीघ्र ही जांच कर कार्रवाई नहीं की गई तो अपना दल ( के ) के पदाधिकारी लखनऊ विधानसभा व दिल्ली जंतर मंतर पर धरना/प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान जिला अध्यक्ष अंकित ठाकुर, महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष ठाकुर मंजू राठौर, राकेश कश्यप, अजय सैनी, राहुल सागर, विमल सागर, प्रदीप चौहान, नेमवती चंद्रा, धर्मेंद्र कश्यप,बीएल गुप्ता, राजेश गंगवार आदि मौजूद रहे।

### एजेंसी पार्टनर ने बनाई अश्लील वीडियो

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** कटघर थाना क्षेत्र की युवती को इंस्टाग्राम की दोस्ती भारी पड़ गई। दिल्ली की युवती से पहले दोस्ती हुई, फिर दोनों ने मिलकर साझेदारी में एजेंसी खोल ली। इस बीच दिल्ली की युवती चार दिन तक पीड़िता के घर पर रूकी। इसी दौरान उसने नहाते समय गुपचुप तरीके से पीड़िता के अश्लील फोटो व वीडियो बना ली। अब युवती और उसका प्रेमी फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र की निवासी युवती ने तहरीर में बताया है कि दिसंबर 2023 में इंस्टाग्राम से उसकी दोस्ती दिल्ली की रहने वाली युवती से हुई थी। इसके बाद दोनों ने एक एजेंसी खोलने की प्लानिंग की। दिल्ली की युवती ने पीड़ित के एकाउंट में 2 लाख रुपये ट्रांसफर किए। फिर दोनों ने एक मार्केटिंग एजेंसी खोल ली। इसी दौरान युवती चार दिन तक पीड़िता के घर पर रूकी रही। इस बीच उसने गुपचुप तरीके से पीड़िता के नहाते समय फोटो व वीडियो बना ली। कुछ समय बाद उसने बीमारी का हवाला देकर पैसों की मांग की। इसके बाद पीड़िता ने उसके एकाउंट में एक लाख 80 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। पीड़िता का आरोप है कि युवती और उसके ब्वॉयफ्रेंड फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उससे छह लाख रुपयों की मांग की है।

# दुबई में ली ट्रेनिंग, महानगर में की ठगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- लोगों से धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार :** भगतपुर पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी दुबई से ट्रेनिंग लेकर महानगर में लोगों का उज्जवन स्मॉल फाइनेंस बैंक में एकाउंट खुलाकर दोगुने मुनाफे का झांसा देकर उनके साथ धोखाधड़ी कर रहे थे। एकाउंट खुलाने के बाद बैंक एटीएम और पासबुक खुद रख लेते थे। इनका मुख्य सरगना अभी भी फरार है।

एसपी देहात संदीप मीणा ने बताया है कि कुछ दिन पहले भगतपुर के जीशान ने धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। शुक्रवार को भगतपुर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। संदीप मीना ने बताया है कि कुछ समय पहले दोनों आरोपी काशीपुर के राशिद पुत्र तस्लीम के साथ साइबर अपराध की ट्रेनिंग लेने के लिए दुबई गए थे। वहां पर आरोपियों की पहचान छत्तीसगढ़ और दिल्ली के साइबर ठगों से हुई। वापस लौटने के बाद साइबर अपराधियों ने अपना जाल बिछा दिया। आम लोगों को जाल में फंसाने के लिए आरोपियों ने नया तरीका अपनाया। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि सबसे पहले वह लोगों से पांच हजार रुपये हर माह देने का झांसा देकर उज्जवन स्मॉल फाइनेंस बैंक में एकाउंट खुलवाते थे। इसके बाद बैंक एटीएम और पासबुक खुद अपने पास रख लेते थे। फिर साइबर फ्रॉड का पैसा आम लोगों के खाते में डलवाते थे, ताकि वह पकड़े न जा सके। इसके बाद लोगों के खातों से बैंक एटीएम के माध्यम से आरोपी सारा पैसा निकाल लेते थे। संदीप मीना ने बताया है कि साइबर ठगों का गैंग पूरे देश में फैला हुआ। दोगुना मुनाफे का झांसा देकर आम लोगों के साथ ठगी करते हैं।

उन्होंने बताया है कि कार्रवाई के दौरान दानिश अली पुत्र मुनव्वर और अफजाल पुत्र इकरार हुसैन को गिरफ्तार किया है। ये दोनों बहेड़ी के गांव रोशनपुर के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों के पास 9 मोबाइल, 3 लैपटॉप, 35 एटीएम, 10 चेकबुक समेत कुछ दस्तावेज बरामद हुए हैं। वहीं गैंग के सरगना राशिद की तलाश की जा रही है।

### कारपेंटर ने फंदे से लटककर की आत्महत्या, परिजनों में कोहराम

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** मझोला थाना क्षेत्र में कारपेंटर ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। परिजन शव लेकर फरुखाबाद के लिए रवाना हो गए हैं।

थाना इलाके में बन रही गुलशन सोसाइटी में कारपेंटर का काम कर रहे रामवीर ( 35 ) पुत्र जगन्नाथ निवासी फरुखाबाद का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके कमरे में लटका मिला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। रामवीर की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मचा हुआ है। ठेकेदार सुनील कुमार ने बताया कि गुरुवार दोपहर बाद से रामवीर ने छुट्टी ली थी। वह कहीं घूमने गया था। इसके बाद वह शराब के नशे में लौटा और अपने कमरे पर चला गया। शुक्रवार को सुबह जाकर देखा तो वह कमरे में फंदे से लटका मिला। इसके बाद मझोला पुलिस को घटना की सूचना दी गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे उतार कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इसी दौरान परिजनों को सूचना दी गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर देर रात शव परिजनों को सौंप दिया। परिजन शव लेकर फरुखाबाद रवाना हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### प्रशासन वाहन चालकों से कड़ाई से कराए नियमों का पालन

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** पंजाबी समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक स्टेशन रोड बुध बाजार में हुई। इसमें महानगर में बढ़ते जाम पर चिंता प्रकट की गई।

महानगर अध्यक्ष राजीव गुंबर एडवोकेट ने कहा कि महानगर में लगातार जाम बढ़ता जा रहा है। जिस कारण आवाजाही में काफी परेशानी होती है। महानगर में बड़े वाहनों के चालकों ने तो समस्त सीमाएं लांघकर नो एंट्री के नियमों का पालन करना बंद कर दिया है। वक्ताओं ने जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि महानगर में बढ़ रहे जाम से मुक्ति दिलाने के लिए वाहन चालकों से नियमों का पालन कड़ाई से कराएं। बैठक की अध्यक्षता राजीव गुंबर एडवोकेट व संचालन राहुल गगनेजा ने किया। बैठक में नीटा धमीजा, हरीश भसीन, कमल गुलाटी, डॉ. राजीव कुमार, सतीश रहेजा, राहुल सेठी, प्रभु जोत बग्गा, आशा सिंह, हेमा खत्री, सीमा भोला, देश रतन कत्याल, पोरस सचदेवा, काले पहलवान, सुरेंद्र डब्बू, राकेश बठला, राजू बठला, विक्की अरोड़ा, सतीश अरोड़ा, हरिकिशन छाबड़ा, सूरजपाल छाबड़ा, केडी छाबड़ा, विजय अरोड़ा, महेंद्र अनेजा, उमेश अरोड़ा, पंकज अरोड़ा, विक्की सियालकोट, भूपेंद्र सिंह बाली, गुरविंदर सिंह, ज्ञानेंद्र गांधी, विजय मदान, राधेश्याम अरोड़ा, कपिल छाबड़ा जितेंद्र कोहली आदि मौजूद रहे।

# बैठक में दी कानून की जानकारी

कार्यालय संववाददाता, मुरादाबाद

- डिस्ट्रिक्ट इनकम टैक्स बार एसोसिएशन की बैठक आयोजित
- पांच नए अधिवक्ताओं को दिलाई सदस्यता की शपथ

**अमृत विचारः** महानगर के रामगंगा विहार स्थित एक रेस्टोरेंट में डिस्ट्रिक्ट इनकम टैक्स बार एसोसिएशन की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता अरविंद कुमार सिंघल व संचालन अतुल सक्सेना ने की। बैठक में पांच नए अधिवक्ताओं को संस्था की सदस्यता की शपथ दिलाई गई। साथ ही नए व पुराने कानूनों की जानकारी दी गई।

जीएसटी कानून पर चर्चा करते हुए शिशिर गुप्ता ने जीएसटी कानून के नवीनतम संशोधनों की जानकारी दी। अधिवक्ता अंकित गुप्ता ने जीएसटी में फर्म स्वामी की मृत्यु के बाद फर्म बंद करने व मृतक के उत्तराधिकारी द्वारा फर्म को आगे चलाने के नियमों के बारे में बताया। वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद कुमार सिंघल ने आयकर की नई व पुरानी व्यवस्थाओं को समझाया। बैठक में राजीव अग्रवाल, उपदेश चंद्र अग्रवाल, राजीव रस्तौगी, आलोक सैनी, नीरज भटनागर, राजीव रंजन अग्रवाल, अजय अग्रवाल, प्रवीन रावत, शावेज़ मलिक, हरिशंकर पाल, दीपक अग्रवाल, प्रवीन रावत, क्षितिज शर्मा, उदित अग्रवाल, गौरव गुप्ता आदि उपस्थित रहे।


बैठक को संबोधित करते अध्यक्ष एके सिंघल। ● अमृत विचार

उपलब्धि — आर्म स्पोर्ट्स फेडरेशन इंडिया की ओर से मुंबई में आयोजित हुई प्रतियोगिता

# चैंपियनशिप में महानगर के खिलाड़ियों ने जीते पदक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** आर्म स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में महानगर के खिलाड़ियों ने पदक जीतकर नाम रोशन किया है। साथ ही उत्तर प्रदेश की टीम को प्रतियोगिता में दूसरा स्थान दिलाया है। सेंट मैरी स्कूल की अंशिका ने 40 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। महानगर पहुंचने पर खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत हुआ।

आर्म स्पोर्ट्स फेडरेशन इंडिया की ओर से 48वीं आर्म स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन मुंबई ( महाराष्ट्र ) में 29 जून से 1 जुलाई तक हुआ। इस प्रतियोगिता में देशभर के 12 राज्यों के 345 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रदर्शन बहुत शानदार रहा और ओवरऑल चैंपियनशिप में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में मुरादाबाद के खिलाड़ियों ने उत्तर प्रदेश से खेल कर कई पदक जीत कर अपने जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया।


आर्म स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी व उपस्थित कोच। ● अमृत विचार

### महिला वर्ग में इन खिलाड़ियों ने मारी बाजी

महिला वर्ग में सेंट मैरी स्कूल की अंशिका गोस्वामी ने जूनियर वर्ग में 40 किग्रा में स्वर्ण पदक, याशी विश्नोई ने 45 किग्रा में स्वर्ण पदक, सलोनी रावत ने 70 किग्रा में रजत पदक, पीएमएस स्कूल की गौरी शर्मा ने 55 किग्रा में कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं सेंट मैरी स्कूल की नव्या चाहल 70 किग्रा में कांस्य पदक और तृषा बिष्ट में 50 किग्रा में रजत पदक प्राप्त किया।

### बालक वर्ग में इन खिलाड़ियों का रहा जलवा

सेंटफोर्ट स्कूल के देव गौर ने जूनियर वर्ग में 70 किग्रा में स्वर्ण पदक, आरआरके स्कूल के रुचिन मलिक ने जूनियर वर्ग में 75 किग्रा में स्वर्ण पदक, केसीएम स्कूल के शांतनु ने 75 किग्रा में स्वर्ण पदक, वीकेएस स्कूल के दनिश्क प्रताप ने 80 किग्रा में स्वर्ण पदक, पीएमएस स्कूल के विनायक ने 90 किग्रा में स्वर्ण पदक, एमपीएस स्कूल के देव सिंह ने 90 किग्रा में रजत पदक जीता। शुक्रवार को एसोसिएशन के सचिव देवेंद्र राणा व अध्यक्ष विपिन जखमोला द्वारा बच्चों का स्वागत किया गया।


## कार्यालय मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, मुरादाबाद

### सार्वजनिक सूचना

जनसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय / व्यवसायिक / रेन्ट / नजूल / इम्प्रूवमेंट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तांतरण / नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है:-

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड संख्या | योजना का नाम | मृत्यु/विक्रय विलेख दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी/ क्रेता का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं का नाम | मूल आवंटी से आवेदक का संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. |
| 1. | श्रीमती प्रमिला पुत्री श्री राजेन्द्र प्रसाद, निवासी- द्वारा प्राणसुख, नया गांव, 24 पी० ए०सी० के सामने, मुरादाबाद, उ०प्र०। | 3A-186 (भूखण्ड) | नया मुरादाबाद | विक्रय विलेख दिनांक 18.09.2013 | श्री राकेश कुमार पुत्र श्री कन्हैया सिंह, निवासी कमरा नं0 20, तृतीय टाईप, हाईडिल कालोनी, मझोला, मुरादाबाद, उ०प्र०। (मो०नं० 9412141809) | — | विक्रेता/क्रेता |
| 2. | श्रीमती नूतन शर्मा पत्नी श्री जी०एन० शर्मा, निवासी-बी-8/8 हैनिमैन एवलैब प्लाट न0-40, सेक्टर-06, द्वारिका, नई दिल्ली-110075 | 15A-101 (भूखण्ड) | नया मुरादाबाद | विक्रय विलेख दिनांक 02.02.2024 | श्रीमती पल्लवी गुप्ता पत्नी श्री कपिल गुप्ता, निवासी-मकान नं० सी-2/245, मानसरोवर कालौनी, दिल्ली रोड,मुरादाबाद। (मो०नं० 6396451210) | — | विक्रेता/क्रेता |
| 3. | डा० उन्नति गुप्ता पत्नी श्री सौरभ गुप्ता, निवासी-17, सिविल लाइन्स, नियर इलाहाबाद बैंक पी०एस० सिविल लाइन्स, जनपद मुरादाबाद, उ०प्र०। | 10E-61 (भूखण्ड) | नया मुरादाबाद | विक्रय विलेख दिनांक 12.01.2024 | श्रीमती कीर्ति शर्मा पत्नी श्री राजकुमार शर्मा, निवासी-एच/187 ए, रेलवे हरथला कालोनी, सिविल लाईन, जनपद मुरादाबाद, उ०प्र०। (मो०नं० 8445759787) | — | विक्रेता/क्रेता |
| 4. | श्री राजीव कोहली पुत्र श्री बलराज कोहली, निवासी-आर-816, न्यू राजेन्द्र नगर, नई दिल्ली। | 6D-86 (भूखण्ड) | नया मुरादाबाद | विक्रय विलेख दिनांक 26.03.2014 | श्री संजीव कुमार सक्सेना पुत्र श्री राम मोहन सक्सैना, निवासी-टी-2/14, डी०एम० कालोनी, लोहिया नगर, गाजियाबाद, उ०प्र०। (मो0नं0 9891182676) | — | विक्रेता/क्रेता |
| 5. | श्री योगेन्द्र कुमार पुत्र श्री रामसरन सिंह, निवासी-2/319 आवास विकास, बुद्धि विहार, मझोला, जनपद मुरादाबाद, उ०प्र०। | 1A-25 (भूखण्ड) | नया मुरादाबाद | विक्रय विलेख दिनांक 25.07.2022 | श्री हर्ष अग्रवाल पुत्र श्री विपिन कुमार अग्रवाल, निवासी-बी/26, मानसरोवर कालोनी, दिल्ली रोड, तहसील व जिला मुरादाबाद, उ०प्र०। (मो०नं० 8650801702) | — | विक्रेता/क्रेता |
| 6. | श्री मनोज कुमार साऊ पुत्र स्व० रामेश्वर साऊ, निवासी-आर्यभट्ट स्टेशनरी धर्मा मार्केट निकट सब्जी मार्केट, अट्टा सेक्टर-29, नोएडा, उ०प्र०। | 15E-128 (भूखण्ड) | नया मुरादाबाद | विक्रय विलेख दिनांक 24.08.2018 | श्रीमती वन्दना गुप्ता पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता, निवासी-ई-39, मानसरोवर कालोनी, दिल्ली रोड, मुरादाबाद, उ०प्र०। (मो0नं0 8923950057) | — | विक्रेता/क्रेता |
| 7. | श्री मुनीष सहानी पुत्र श्री विश्वा मित्तर, निवासी-87ए, बार्ड नं० 02, महरोली, दिल्ली-110030 | 16D-118 (भूखण्ड) | नया मुरादाबाद | विक्रय विलेख दिनांक 15.10.2015 | श्रीमती अशु गुप्ता पत्नी श्री आकाश गुप्ता, निवासी-मकान नं0 81ख, मकबरा-11, जनपद मुरादाबाद, उ०प्र०। (मो०नं० 9808938090) | — | विक्रेता/क्रेता |
| 8. | श्रीमती आरती जैन पत्नी श्री सुरेश जैन, निवासी-ए-83, सेक्टर 23, नोएडा, उ०प्र०। | 7A-76 (भूखण्ड) | नया मुरादाबाद | विक्रय विलेख दिनांक 09.03.2016 | श्रीमती मुक्ता अग्रवाल पत्नी श्री विवेक अग्रवाल, श्रीमती पारूल अग्रवाल पत्नी श्री विकास गोयल एवं श्रीमती सविता अग्रवाल पत्नी श्री आशीष गोयल, निवासीगणः- साहू मौहल्ला, मण्डी चौक, जनपद मुरादाबाद, उ०प्र०। (मो०नं० 9719059072) | — | विक्रेता/क्रेता |
| 9. | श्रीमती मीनू अग्रवाल पत्नी श्री आलोक अग्रवाल, निवासी-70, आवास विकास कालोनी, मुरादाबाद, उ०प्र०। | 13F-168 (भूखण्ड) | नया मुरादाबाद | विक्रय विलेख दिनांक 29.11.2022 | श्री राजीव कुमार पुत्र श्री शिशु पाल सिंह व श्रीमती अन्जू पत्नी श्री राजीव कुमार, निवासीगणः- हनुमान नगर, लाइनपार, शहर व जिला मुरादाबाद, उ०प्र०। (मो0नं0 9759049911) | — | विक्रेता/क्रेता |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 15 दिनो के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेंगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**प्रभारी सम्पत्ति**

## एक नजर

### फरार गोतस्कर काशीपुर से किया गया गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** उत्तराखंड के काशीपुर थाने की पुलिस ने एक वर्ष से फरार गोतस्कर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ गैर जमानती वांरट भी जारी किए गए थे। ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव फरीदनगर निवासी हसन अली उर्फ हुसैनी के खिलाफ उत्तराखंड में काशीपुर कोतवाली पुलिस ने 12 जुलाई 2023 को मामला दर्ज कराया था। तभी से आरोपी हसन अली उर्फ हुसैनी फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए उसके घर व कई स्थानों पर पुलिस दबिश दे रही थी। इस बीच अदालत ने वांछित आरोपी की गिरफ्तारी के लिए गैर जमानती वारंट भी जारी किया गया था। काशीपुर पुलिस ने हसन अली को बस स्टेशन काशीपुर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे अदालत के समक्ष पेश किया।

### बिजलीकर्मी को पीटने के मामले में चार पर रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** बिजली बिल वसूली करने के बाद उपकेंद्र जाते समय विद्युतकर्मी को रास्ते में पीटने के मामले में तहरीर पर एक नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। गांव पायंदापुर निवासी बिजलीकर्मी शशिकांत ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। इसमें बताया कि वह अवर अभियंता, लाइनमैन व संविदाकर्मियों के साथ राजस्व वसूली के बाद मीनपुर मोहनचक से वापस उपकेंद्र जा रहा था। जैसे ही ये सभी पायंदापुर मार्ग पर पहुंचे तभी मीरपुर निवासी पंकज कुमार के ट्यूबवेल के पास खेत से निकलकर शिवम के साथ तीन युवकों ने उसे लाठी डंडे से मारना पीटना शुरू कर दिया। पीड़ित के साथियों को आता देख आरोपी फरार हो गए। इसके बाद पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। इस पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### मारपीट में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** मारपीट के मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गांव शिवनगर निवासी अल्पना चौहान पत्नी स्व सोमवीर सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह घर से बाहर गई थी। तभी उसकी पुत्र पड़ोसियों के बच्चों के साथ खेल रहा था। कुछ देर बाद उसका बेटा घर आ गया। तभी ज्योति ने कहा कि घर आकर उसके बेटे को पीटने की बात कही। महिला ने ज्योति से पूछा तो वह आग बबूला हो गई। महिला से ज्योति, उसके देवर, ससुर ने गाली गलौज की इस विरोध किया तो आरोपी उस पर हमलावर हो गई। आरोप है कि ज्योति के देवर ने उसे जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर ज्योति, राजीव, विजपाल के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### मारपीट के मामले में चार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई

**कांठ, अमृत विचार :** छजलैट थाना क्षेत्र के गांव मतलबपुर सदरपुर निवासी एक व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने उसके व उसकी पुत्रवधू के साथ मारपीट के मामले में चार लोगों के विरोध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम मतलब पुर सदरपुर निवासी महेंद्र सिंह ने थाने में तहरीर दी थी। इसमें उसने बताया कि गांव के ही मुनेश, सेंकी, राहुल, प्रमोद ने उनके व उनकी पुत्रवधू के साथ गाली गलौज, मारपीट की। जान से करने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चारों व्यक्तियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# कच्चे मकान की छत गिरी, मलबे में दबने से भाई-बहन की मौत

## गांव भिड़वारी में हुई घटना, तहसील प्रशासन और विधायक ने परिजनों को दिया मदद का भरोसा

संवाददाता, बिलारी/कुंदरकी

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव भिड़वारी में शुक्रवार सुबह बारिश के दौरान मजदूर के कच्चे मकान की छत भरभराकर गिर गई। इसके मलबे में दबने से मजदूर की बेटी और बेटे की मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे तहसील प्रशासन और विधायक फहीम इरफान ने पीड़ित को मदद का आश्वसन दिया। इस बीच पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिए हैं।

सोनकपुर थाना क्षेत्र के गांव भिड़वारी में मजदूर शहजाद का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी और पांच बच्चे हैं। सभी बच्चे गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में पढ़ते हैं। शुक्रवार सुबह 9 से 10 बजे के बीच उनके बच्चे मकान के बरामदे में थे। इस बीच बारिश के दौरान उनके मकान के बरामदे की कच्ची छत भरभरा कर गिर गई। इसके मलबे में शहजाद का बेटा सानिब (11) और बेटी इकरा उर्फ अलशिफा (12) दब गए। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। परिजनों व ग्रामीणों ने मलबा हटाकर भाई-बहन को बाहर निकालने की कोशिश की। लेकिन बारिश तेज होने की वजह से वे उन्हें काफी देर नहीं निकाल सके।

सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से दोनों भाई-बहन को मलबे से बाहर निकाला। इससे पहले ही सानिब व इकरा उर्फ अलशिफा की मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों की सूचना के बाद सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान घटनास्थल पर पहुंचे।

उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया और मदद करने का आश्वसन दिया। उन्होंने एसडीएम से फोन पर बात करके घटना स्थल पर आकर पीड़ित की मदद करने का आग्राह किया तो एसडीएम मणि अरोड़ा, तहसीलदार कमलेश तिवारी, नायब तहसील, लेखपाल, कानूनगो व अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे।

अधिकारियों ने पीड़ित को मदद करने का भरोसा दिया और बच्चों के शवों का पोस्टमार्टम करने के लिए कहा। इसके बाद पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिए। देर शाम तक दोनों के शव घर पहुंचने का इंतजार किया जा रहा था।



घटनास्थल पर मौजूद विधायक फहीम इरफान व अन्य। ● अमृत विचार



मां-बाप के साथ सानिब और इकरा। ● फाइल फोटो

### सपा मुखिया से घटना के संबंध में बात करेंगे विधायक

**बिलारी/कुंदरकी, अमृत विचार :** शहजाद के मकान की छत गिरने से उनके बेटे सानिब और बेटी इकरा की मौत की सूचना मिलने पर बिलारी विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल पर परिजनों व ग्रामीणों से बात की। घटनास्थल पर ही उन्होंने जिलाधिकारी और सीडीओ से बात की। कहा कि तहसील के उच्च अधिकारियों को मौके पर भेजे और पीड़ित परिवार को पर्याप्त मुआवजा दिलाए। विधायक ने कहा कि दुख की घड़ी में वह पीड़ित परिवार के साथ है। गांव में जो भी कच्चे मकान हैं, उन्हें चिह्नित करके प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चयनित कराए। भविष्य में इस प्रकार की कोई घटना न हो सके। उन्होंने एसडीएम और बीडीओ को भी घटना की जानकारी दी। देवीय आपदा के तहत उचित मुआवजा और सहायता दिलाने की बात कही। इस पर एसडीएम ने उन्हें पीड़ित परिजनों की मदद का भरोसा दिया। साथ ही बच्चों के शवों का पोस्टमार्टम कराने का आग्रह किया। इस विधायक ने पीड़ित परिजनों से बात करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा विधायक ने कहा कि वह घटना की जानकारी के संबंध में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद अखिलेश यादव से बात करेंगे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष हाजी मौहम्मद उसमान एडवोकेट, पूर्व प्रधान जाकिर मलिक समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### दहेज उत्पीड़न में पांच लोगों पर मामला दर्ज

**बिलारी, अमृत विचार :** शादी के 13 साल बाद दहेज में 50 हजार व गाड़ी की मांग को लेकर महिला को परेशान किया गया। उसको लेकर महिला ने कोतवाली में तहरीर दी। तहरीर पर पांच लोगों के विरुद्ध पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्र के गांव रुस्तमनगर सहसपुर के मोहल्ला किसान चौक निवासी वर्षा पत्नी राकेश ने कोतवाली में मामला दर्ज कराया हो। उसने पुलिस को बताया कि उसकी शादी 13 वर्ष पहले चंदौसी में नई बस्ती गोशाला निवासी राकेश के साथ हुई थी। शादी में काफी दान दहेज दिया। लेकिन ससुराल वाले खुश नहीं थे। छह जून को पति राकेश, देवर अमर सिंह, जेठ राम अवतार, देवरानी सुनीता व देवर अजय उसे घर से निकलने लगे। उसने अपने मायके वालों को बुला लिया। तब उन लोगों ने परेशान न करने का वादा किया। इसके बाद वह ससुराल में रह गई। लेकिन फिर ससुराल वालों का व्यवहार बदल गया। एक जुलाई को पति, देवर, जेठ, देवरानी व अजय ने उसे पीट कर घर से निकाल दिया। कहा कि गाड़ी व पांच लाख रुपये नहीं लाई तो घर में नहीं घुसने दिया जाएगा। इसके बाद वह अपने मायके आ गई। अब मामले में तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# बाढ़ चौकी प्रभारियों को सतर्क रहने के निर्देश

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** तहसीलदार ने खादर क्षेत्र के गांवों का दौरा कर बाढ़ चौकियां की स्थिति देखी और ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान करने का आश्वासन दिया।

पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बारिश के पानी से रामगंगा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। हालांकि अभी खादर क्षेत्र में बाढ़ का खतरा नहीं है। नदी में जलस्तर बढ़ने की सूचना पर तहसीलदार आनंद कुमार नायक ने क्षेत्र के गांव राजीपुर खादर सहित बाढ़ से प्रभावित होने वाले कई गांवों का दौरा किया। छह बाढ़ चौकियों का निरीक्षण कर वहां व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने बाढ़ चौकियों पर तैनात प्रभारी को निर्देश दिए कि अगर बाढ़ की स्थिति कहीं दिखाई दे तो तत्काल तहसील मुख्यालय को सूचना दें। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने ग्राम राजीपुर खादर में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनका समाधान करने का आश्वासन दिया। इस दौरान हलका लेखपाल व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



बाढ़ चौकियों पर सतर्कता बढ़ने के निर्देश देते तहसीलदार। ● अमृत विचार

### बूंदाबांदी से मौसम सुहाना

**कांठ, अमृत विचार :** क्षेत्र में शुक्रवार सुबह हल्की बूंदाबांदी हुई। इसके बाद पूरा दिन बादल छाए रहे। बूंदाबांदी से मौसम सुहाना हो गया। शुक्रवार सुबह बूंदाबांदी और आसमान में बादल छाए रहने से मौसम का मिजाज बदल गया। लोगों को गर्मी से राहत मिला। किसानों का कहना है कि अभी तेज बारिश की आवश्यकता है। यदि अच्छी बारिश होती है तो फसलों को लाभ पहुंचेगा। किसान खेतों में धान की रोपाई करेंगे। बारिश के पानी से खेतों में नमी हो गई है।

### तहसीलदार ने क्षतिग्रस्त मकानों की रिपोर्ट भेजी

**कांठ, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के दो गांवों में बारिश के दौरान दो लोगों के कच्चे मकान क्षतिग्रस्त हो गए। तहसीलदार ने एडीएम को क्षतिग्रस्त मकान का मुआवजा दिलाने की रिपोर्ट प्रेषित की है। दो दिन पूर्व हुई बारिश के बीच गांव मौढा निवासी सब्बू के मकान की छत गिरने से सामान क्षतिग्रस्त हो गया था। गांव कुरी रवाना निवासी चंदा पत्नी यासीन के कच्चे घर की छत गिरने से सामान की क्षति हुई थी। तहसील प्रशासन ने सूचना मिलने के बाद हलका लेखपालों को मौके पर भेजा। लेखपालों की जांच रिपोर्ट के आधार पर तहसीलदार आनंद कुमार नायक ने दोनों पीड़ितों को मुआवजा दिलाने के लिए एडीएम फाइनेंस को रिपोर्ट प्रेषित की है। अब पीड़ितों को मुआवजा की उम्मीद बढ़ गई है।

### सीएचसी में बुखार और उल्टी-दस्त के मरीज बढ़े

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** बरसात के मौसम में गर्मी से राहत मिली है। लेकिन संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ने लगा है। सरकारी और निजी अस्पतालों में बुखार, उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। चिकित्सक इलाज करते हुए मरीजों को स्वास्थ्य के प्रति खानपान में सावधानी बरतने और सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को मरीजों की भीड़ उमड़ी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 12 से अधिक लोग उल्टी और दस्त के भर्ती किए गए 276 रोगियों ने अपने पंजीकरण कराए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ. राजपाल सिंह सैनी ने बताया कि बरसात के मौसम में बाहर का खाना न खाएं। फास्ट फूड, मिर्च, मसाले और चिकनाई से परहेज करें। साफ फलों का ही प्रयोग करें। तले भुने भोजन से बचें। पानी उबालकर ठंडा करके पिएं। लापरवाही बरतने पर बच्चों को डायरिया व दस्त की परेशानी हो रही है।

# कुंदरकी विधानसभा उपचुनाव: सपा से आरिफ पाशा ने की टिकट की दावेदारी

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार:** कुंदरकी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सरगर्मी तेज है। आए दिन सपा और भाजपा से नए और पुराने चेहरे सामने आ रहे हैं। अब तक कई लोग अपनी अपनी दावेदारी पेश कर चुके हैं। अब कुंदरकी निवासी आरिफ पाशा एडवोकेट ने शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव से मुलाकात कर टिकट की दावेदारी की है।

आरिफ पाशा ने कहा कि सपा युवाओं को टिकट में प्राथमिकता दे रही है। लोकसभा चुनाव में बदायूं, रामपुर, मुरादाबाद, संभल समेत अन्य सीटों पर युवाओं को टिकट दिए हैं। यदि उन्हें टिकट मिलता है तो कुंदरकी विधानसभा में जीत निश्चित है। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा के जियाउर्रहमान बर्क विधायक चुने गए थे। लेकिन 2024 में संभल सीट से लोकसभा के लिए चुने जाने के बाद कुंदरकी विधानसभा सीट खाली हो गई। तभी मुस्लिम बहुल इस सीट पर उपचुनाव के लिए सियासी सरगर्मी तेज है। माना जा रहा कि भाजपा उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आतिफ कमाल एडवोकेट को अपना प्रत्याशी घोषित कर सकती है। आतिफ कुंदरकी सीट से उपचुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। इसके लिए उन्होंने पार्टी के कई नेताओं से भी संपर्क किया है। कुंदरकी सीट पर ज्यादातर मुस्लिम ही जीतते रहे हैं। क्योंकि इस सीट पर 65 फीसदी के करीब मुस्लिम मतदाता हैं। ऐसे में भाजपा के लिए कुंदरकी के उपचुनाव में आतिफ कमाल एडवोकेट मुस्लिम चेहरे के रूप में दावेदारी कर रहे हैं।

उधर, सपा से पूर्व सांसद एसटी हसन, पूर्व विधायक हाजी मोहम्मद रिजवान, जिला पंचायत सदस्य नावेद उर्फ बबलू और भाजपा से पूर्व प्रत्याशी कमाल प्रजापति, आतिफ कमाल एडवोकेट समेत अन्य लोग टिकट के लिए दावेदारी कर रहे हैं।



जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव को आवेदन पत्र सौंपते आरिफ पाशा।





गांव काला झंडा में ग्राम चौपाल लगाकर समस्याएं सुनते खंड विकास अधिकारी।

# ग्राम चौपाल लगाकर खंड विकास अधिकारी ने सुनीं लोगों की शिकायतें

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** गांव कालाझांडा के पंचायत घर में शुक्रवार को ग्राम चौपाल लगाकर खंड विकास अधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और शीघ्र ही निराकरण कराने का आश्वासन दिया।

शुक्रवार को ग्राम चौपाल में ग्राम प्रधान, राशन डीलर व सफाई कर्मी नहीं पहुंचे। इसे लेकर ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी सुरेश गुप्ता से शिकायत की। कहा कि गांव में अधिकतर शिकायत राशन वितरण व सफाई से संबंधित होती है। इसमें दोनों की अनुपस्थिति है। कहा कि ग्राम चौपाल की सूचना पहले से नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि घरों, खेतों में पौधरोपण करें। इससे पर्यावरण सुरक्षित रहेगा। इस दौरान एडीओ पंचायत योगेंद्र सिंह, ग्राम सचिव जयलाल शर्मा, देव नवीन कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, पंचायत सहायक तनु आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### गायों के लिए हरा चारा दान करने वाले जावेद सम्मानित

**कांठ, अमृत विचार :** नगर पंचायत ऊमरी कलां के कार्यालय में शुक्रवार को पालिका अध्यक्ष मोहम्मद उसमान अली और अधिशासी अधिकारी श्वेतांक सारस्वत ने कान्हा गोशाला में गायों के लिए हरा चारा दान करने वाले जावेद अहमद फारूकी को प्रशस्त पत्र देकर सम्मानित किया। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान ऊमरी कलां ब्रांड एंबेसडर मोहम्मद जीशान, लिपिक सुरेंद्र सिंह, लिपिक जय कुमार सिंह, ऑपरेटर अंकुर विश्नोई आदि मौजूद रहा।



जावेद को सम्मानित करते नगर पंचायत अध्यक्ष।

### समरसता पार्क में लगाया पीपल का पौधा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के श्रीराम गायत्री ज्ञान मंदिर के कार्यकर्ताओं ने मां के नाम पर कोर्ट स्थित समरसता पार्क में पीपल का पौधा लगाया। श्री राम गायत्री ज्ञान मंदिर के संयोजक शिवेंद्र गुप्ता ने बताया कि पौधरोपण का कार्यक्रम एक महीने तक संस्था के कार्यकर्ता नगर क्षेत्र में जगह-जगह करेंगे। लोगों से अपील की कि वे अपने घरों में और खेत में नीम, पीपल, बरगद के पौधे लगाए। पौधरोपण करने के बाद उनकी देखभाल करने का भी दायित्व समझे। ऐसा करने से हरियाली व वातावरण शुद्ध बना रहेगा। इस दौरान पवन पुष्पद, फैजान अंसारी, मुदित अग्रवाल, नागेंद्र प्रताप सिंह, एहसान अली, प्रमोद अरोड़ा, ओमपाल सैनी, बाबू हुसैन आदि मौजूद रहे ।



समरसता पार्क में पौधा लगाते लोग।

### ताजियों के जुलूस को लेकर तैनात किए गए मजिस्ट्रेट

**बिलारी, अमृत विचार :** 17 जुलाई को ताजियों के जुलूस को लेकर एसडीएम मणि अरोड़ा ने नगर व देहात क्षेत्र में मजिस्ट्रेटों की तैनाती की है। साथ ही मजिस्ट्रेट को जिम्मेदारी दी है कि वे अपने क्षेत्र के रास्ते तत्काल ठीक कराए। बिजली के तारों को एक दिन पहले हटाया जाए। बिलारी थाना क्षेत्र में मजिस्ट्रेट तहसीलदार बिलारी व अतिरिक्त मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार अनिल कुमार मिश्रा, सहायक विकास अधिकारी पंचायत समाज कल्याण बिलारी, थाना कुंदरकी क्षेत्र में मजिस्ट्रेट खंड शिक्षा अधिकारी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट खंड शिक्षा अधिकारी कुंदरकी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत कुंदरकी, थाना मैनाठेर क्षेत्र में खंड विकास अधिकारी बिलारी को मजिस्ट्रेट बनाया गया है। नायब तहसीलदार लोकेश कुमार, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण कुंदरकी को अतिरिक्त मजिस्ट्रेट, थाना सोनकपुर क्षेत्र में वन क्षेत्रीय अधिकारी बिलारी को मजिस्ट्रेट व खंड शिक्षा अधिकारी बिलारी व सहायक विकास अधिकारी पंचायत बिलारी को अतिरिक्त मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। सभी को जिम्मेदारी दी है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखेंगे। अधिशासी अधिकारी बिलारी, नगर पंचायत कुंदरकी, महमदपुर माफी व खंड विकास अधिकारी कुंदरकी व बिलारी को भी पत्र प्रेषित किए गए हैं। उपखंड अधिकारी विद्युत बिलारी व कुंदरकी को निर्देश दिया कि वे मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था बनाए रखेंगे। प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक बिलारी व कुंदरकी को निर्देशित किया है कि आकस्मिक दुर्घटना को लेकर एंबुलेंस व चिकित्सकीय टीम लगाएंगे।

### निर्धारित ऊंचाई के बनाए ताजिये

**डिलारी, अमृत विचार :** थाना परिसर में शुक्रवार को मोहर्रम में ताजियों को जुलूस को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इसमें अधिकारियों ने ताजियेदारो से निर्धारित ऊंचाई के ताजिये बनाने की अपील की। ताजियेदारों ने रास्तों को दुरुस्त करने की मांग उठाई। थाना प्रभारी प्रदीप सेहरावत ने सांप्रदायिक सौहार्द बनाने, गंगा जमुनी तहजीब कायम रखने की अपील की। लोगों ने पुलिस को सहयोग करने का भरोसा दिया। इस दौरान पंचायती राज विभाग के अधिकारी, राजस्व विभाग के कर्मचारी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि डॉ. मोहम्मद अयूब, अशरफ अली, नगर पंचायत ढकिया के अध्यक्ष मुजम्मिल हुसैन, फिरत हुसैन, रईस, बाबू, शहनाज, डॉ. अनुपम शर्मा, हरपाल सिंह व नरेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

**सम्मान** — समारोह में सहकारी गन्ना विकास समिति के सचिव का किया स्वागत, स्थानांतरण के बाद निवर्तमान सचिव को दी विदाई

# किसानों की कसौटी पर खरा उतरेंगे सहकारी समिति के नए सचिव

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** सहकारी गन्ना विकास समिति के सचिव का स्थानांतरण होने पर चीनी मिल के अधिकारियों और भारतीय किसान यूनियन टिकैत के वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी में विदाई समारोह हुआ। इसमें समिति सचिव का स्वागत किया गया।

सहकारी गन्ना विकास समिति कांठ में मुकेश कुमार सक्सेना छह वर्षों से सचिव के पद पर तैनात थे। विभाग ने उनका स्थानांतरण सीतापुर के लिए कर दिया गया है। उनके स्थान पर कासगंज से आए सचिव खेत सिंह ने सहकारी गन्ना विकास समिति में शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया है। निवर्तमान सचिव के सम्मान में सहकारी गन्ना विकास समिति में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समिति के अध्यक्ष चौधरी विजयपाल सिंह ने कहा कि सचिव सक्सेना का कार्यकाल संतोषजनक रहा। किसानों को उनके कार्यकाल में शिकायत नहीं हुई। भाकियू के वरिष्ठ नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह, हरदीप सिंह बिश्नोई ने नए सचिव का स्वागत किया। उन्होंने कहा, उन्हें आशा है कि नए सचिव किसानों की कसौटी पर खरा उतरेंगे। इस मौके पर दर्शन सिंह, सियाराम विश्नोई, रामकला सिंह, महेश ठाकुर, गांव चांगीपुर के मिल जीएम, रानीनांगल मिल के जीएम, कैन मैनेजर स्योहारा मिल, एसीएम दीवान मिल, जोनी विश्नोई, भवी विश्नोई आदि उपस्थित रहे।



सचिव को सम्मानित करते भाकियू पदाधिकारी व अन्य।



डायट प्राचार्य को सम्मानित करते प्रवक्ता व स्टाफ।

### डायट प्राचार्य को दी विदाई

**कांठ, अमृत विचार :** जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान में शुक्रवार को उपशिक्षा निदेशक प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश गुप्ता को समारोह में विदाई दी। शिक्षकों ने उसके कार्यकाल में हुए कार्यों पर प्रकाश डाला। साथ ही संस्थान के विकास की बात कही। बताया गया कि डॉ. ओम प्रकाश गुप्ता का स्थानांतरण संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक देवीपाटन मंडल के लिए हुआ है। इसके उपलक्ष्य में शुक्रवार को संस्थाने में विदाई समोराह का आयोजन किया गया। इसमें वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह रावत, अम्बरीष कुमार यादव ने प्राचार्य के कार्यों पर प्रकाश डाला। कहा कि उन्होंने कई भौतिक, शैक्षणिक कार्यों में योगदान दिया। डायट का कायाकल्प करने के लिए उपशिक्षा निदेशक डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता हमेशा याद किए जाएंगे। प्रवक्ता अजय विक्रम सिंह, डॉ. स्नेहलता राव, डॉ. नेहा इकबाल, डॉ. टीना वर्मा, डॉ. शीतल कुमार, आशुतोष त्यागी, डॉ. सुनील कुमार, पुलकित शर्मा ने प्राचार्य के व्यक्तित्व और कार्यशैली पर विचार व्यक्त किए। इस दौरान डॉ. लोकेंद्र कुमार, मुकुल कौशिक, कार्यालय सहायक आयुषि चंद्रा, दीक्षा चौधरी, बिना रानी, शिवांगी सक्सेना, उषा रानी, जयवीर, उपेंद्र,पुष्पेंद्र, अरुण कुमार, ऋषि राजू आदि उपस्थित रहे। संस्थान के डीएलएड प्रशिक्षु दिवेश बिश्नोई, लवकुश, प्रार्थना शर्मा, दिव्या शर्मा, मनु, इमरान ने भी विचार व्यक्त किए। इसके अलावा डायट प्रवक्ता पुलकित शर्मा का भी स्थानांतरण होने पर उन्हें भी विदाई दी गई। इस दौरान पर आशुतोष, राजपाल, जयवीर, शुभांगी रहे।

### आज सौंपेंगे ज्ञापन

**बिलारी, अमृत विचार :** रुस्तमनगर सहसपुर स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय की जमीन पर कुछ लोग कब्जा करने के प्रयास में हैं। इसे लेकर डॉ. राकेश रफीक, शकील अहमद साबरी, तिलक राज चांदना, प्रेम कुमार प्रेम, नोमान जमाल शनिवार सुबह प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगे।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

हमने अपनी पुत्री 21 वर्षीय ज्योति को गलत आचरण के चलते चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इससे हमारा कोई वास्ता नहीं। महावीर सिंह पुत्र शेर सिंह माँ उषा देवी निवासी अमानताबाद, ठाकुरद्वारा मुरादाबाद ।

# बाइकों की टक्कर में युवक की मौत, 3 घायल

## नौगांवा सादात क्षेत्र के पीला कुंड के पास हुई दुर्घटना, तीनों घायल युवक मुरादाबाद रेफर

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के पीला कुंड के पास गुरुवार रात दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। बताया जाता है कि रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव अतरासी निवासी सैयद का 25 वर्ष बेटा सरफराज अपने भाई शोएब के ससुराल जिला बिजनौर के गांव कूड़ा बालदाना से गया था। उसके साथ बाइक पर उसका चचेरा भाई उस्मान भी था। रात्रि के समय दोनों बाइक से वापस घर लौट रहे थे। जब उनकी बाइक पीला कुंड के पास पहुंची तो तभी सामने से आई एक और बाइक से उनकी टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर नौगांवा सादात कस्बे के रहने वाले मोहम्मद जमा और उसका दोस्त अफफन सवार थे। जब बाइकों के आमने-सामने से भिड़ंत हुई, तब बाइक पर सवार चारों युवक उछलकर सड़क पर गिर गए थे। इस हादसे में सरफराज ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उनको मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया गया। उधर मृतक युवक के परिजनों ने मृतक के शव को बिना कार्रवाई के ही दफन कर दिया है।


हसनपुर में दुर्घटना में क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

## एक नजर

### जहरीले कीड़े के काटने से युवक बीमार, दिल्ली रेफर

**रहरा, अमृत विचार :** थाना रहरा क्षेत्र के गांव पौरारा निवासी सुरेश कुमार पुत्र शीलचंद गुरुवार शाम घर में पशुओं को चारा डाल रहा था। इतने में उसे किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। परिजन उसे निजी चिकित्सक के यहां ले गए। जहां हालत में सुधार न होने पर मेरठ ले गए। शुक्रवार सुबह परिजन उसे गांव वापस ले आए। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ घंटे पौरारा घाट पर उसे गंगा में रखा बाद में इलाज के लिए दिल्ली ले गए।

### मोबाइल पर तीन तलाक देकर तोड़ दिया रिश्ता

**अमरोहा, अमृत विचार :** नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव नौगांवा तगा निवासी मोहम्मद शमी ने अपनी बेटी निशाद की शादी 27 अक्टूबर 2020 को उधमसिंह नगर के जयपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला जुलाहन निवासी फरमान से की थी। ससुराल वाले मायके से ढाई लाख रुपये लाने को कह रहे थे। विरोध पर 19 जून को महिला को घर से निकाल दिया। जब मांग को पूरा नहीं किया तो फरमान ने मोबाइल पर तीन तलाक देकर रिश्ता खत्म कर लिया। पुलिस में पति फरमान, यामीन, मुमताज, मुस्कान, सोनम, उज्मा और शकील पर रिपोर्ट दर्ज कर दी है।

### सड़क हादसे में बालक सहित पांच लोग घायल

**बुरावली, अमृत विचार :** हसनपुर-रहरा मार्ग पर शुक्रवार शाम करीब चार बजे दो बाइकों में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। जिसमें बालक सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अक्षय पुत्र कमल वीर व अमरीश पुत्र तेजपाल सिंह निवासी नगला खादर बाइक से अपने गांव से हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव अगरौला अपने दोस्त की शादी में जा रहे थे। दूसरी ओर हसनपुर की दिशा से सोमपाल पुत्र लटूर सिंह अपनी पत्नी शशि व बेटे के साथ बाइक से अपने गांव हथियाखेड़ा से रहरा थाना क्षेत्र के गांव बांसका कलां दवा लेने आ रहा था। बुरावली में ईदगाह के पास बाइकों की भिड़ंत हो गई। जिसमें बालक सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा देख मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। भीड़ ने ईदगाह के पास सिटी केंट हॉस्पिटल में पांचों लोगों को भर्ती कराया। जहां घायलों की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने हसनपुर को रेफर कर दिया। घायलों में अक्षय, अमरीश, सोमपाल व शशि की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### दो कारों की टक्कर में दंपति सहित तीन लोग जख्मी

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में दो कारों की आमने-सामने की भिड़ंत में दंपति सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए गांव के निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। हसनपुर-संभल मार्ग पर स्थित ग्राम कालाखेड़ा के पास शुक्रवार सुबह दो कारों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में दोनों कारें बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तीनों घायलों को वाहनों से निकालकर गांव के निजी चिकित्सक के यहां उपचार के लिए भर्ती कराया गया। बताया जा रहा कि थाना सैदनगली के गांव तरारा निवासी लक्ष्मण सिंह अपनी पत्नी राजवती के साथ कार से हसनपुर को आ रहे थे। कस्बा उझारी निवासी जमीर शाह हसनपुर से उझारी की तरफ अपनी कार से जा रहे थे। कालाखेड़ा गांव में दोनों कारों की भिड़ंत हो गई। हादसे में घायल तीनों की हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। दोनों कारों को पुलिस ने कब्जे में लेकर कोतवाली ले आई। पुलिस द्वारा घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई। सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। कोतवाली में तैनात वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद कुमार गोला ने बताया कि सड़क हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं। तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## सार संक्षेप


रहरा-ढबारसी मार्ग पर हुआ कटाव। ● अमृत विचार

### बारिश से ढबारसी-रहरा मार्ग क्षतिग्रस्त

**ढबारसी, अमृत विचार :** पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश से रहरा-ढबारसी मार्ग पर सांथलपुर गांव के निकट पानी के बहाव से आधी सड़क कट गई। सड़क कटने से यहां दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। रहरा-ढबारसी मार्ग ब्लाक मुख्यालय को जोड़ने वाला यह प्रमुख मार्ग है। इस मार्ग पर रात्रि में भी वाहनों का आवागमन रहता है। रात्रि के समय वाहन चालकों को सड़क का गड्ढा नहीं दिखाई देने पर दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से सड़क की शीघ्र मरम्मत करवाने की मांग की है।


मंडी धनौरा में भाकियू की पंचायत में बोलते वक्ता। ● अमृत विचार

### जल्द कराया जाए बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** ब्लॉक परिसर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता रामकरेश त्यागी व संचालन रामवीर सिंह ने किया। बैठक में किसानों ने मांग करते हुए कहा कि धनौरा वेब शुगर मिल से किसानों का बकाया गन्ना भुगतान जल्द से जल्द दिलाया जाए। विद्युत विभाग द्वारा मीटरों में गलत रीडिंग दिखाकर अधिक बिल निकाले जा रहे है, इस पर तुरंत रोक लगाई जाये। विभाग के बिजली घरों पर जो भूतपूर्व सैनिकों को एसएचओ के पद से हटाया गया है, उन्हे तुरंत बहाल किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में गंभीर बीमारियों से निजात दिलाने के लिए दवा का छिड़काव कराया जाए। छुट्टा पशुओं से किसानों की फसलों को बर्बाद होने से बचाया जाए। छुट्टा पशुओं को पकड़वाकर गोशाला में छुड़वाया जाये। इस मौके पर आलोक कुमार, राधे श्याम, झुण्डे सिंह, गंगाराम सैनी, रामवीर सिंह, रणवीर सिंह, मुकेश शर्मा, सुरेंद्र सैनी, रामकुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### भगवान भोलेनाथ का गुणगान कर लिया आशीर्वाद

**हसनपुर, अमृत विचार :** भक्तों ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर सुख, शांति का आशीर्वाद लिया। यादव समाज एवं शिवसेना जिला प्रमुख वेद प्रकाश यादव ने नगर स्थित श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन किया था। जिसके अंतर्गत गुरुवार को भक्तों ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की गई थी। उसके बाद मिंटू मस्ताना ग्रुप द्वारा भगवान भोलेनाथ का गुणगान किया गया। मिंटू मस्ताना एवं छाया रानी के गाए भोलेनाथ के भजनों पर भक्त झूमे। इस मौके पर रमेश यादव, मनोज यादव, राजेंद्र यादव, विजय यादव, विकास यादव, वेद प्रकाश यादव, सतवीर गिरी, देवेंद्र शर्मा, महेश शर्मा आदि मौजूद रहे।


मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु।

### पत्नी को प्रेमी के साथ पकड़ पति ने किया हंगामा

**अमरोहा, अमृत विचार :** नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ले में युवक ने अपनी पत्नी को प्रेमी के साथ पकड़ लिया और हंगामा किया। पुलिस ने तीनों पर शांति भंग के तहत कार्रवाई की है। नगर के एक मोहल्ले में मजदूर का परिवार रहता है। उसके परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। मजदूर को पत्नी पर कई दिनों से शक था कि उसके जाने के बाद वह किसी से मिलती है। सुबह को मजदूर अपनी पत्नी से काम पर जाने की बात कहकर घर से निकल गया और लेकिन कुछ देर बाद ही घर लौट आया तो उसने अपनी पत्नी को किरायेदार के कमरे में पाया। तब उसने हंगामा किया। जानकारी पर मौके पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया और किरायेदार के साथ सहित महिला और उसके पति पर शांतिभंग की कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार मजदूर के परिवार के पास में कुंदरकी निवासी एक युवक किराये पर रहता है। जिससे मजदूर की पत्नी का प्रेम प्रसंग था।

# कई दिनों से ठप है करनपुर माफी की बिजली आपूर्ति

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन ने किसानों से संबंधित समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपा। संगठन के कार्यकर्ताओं ने समस्याओं का समाधान करने की मांग की।

शुक्रवार को गांव रझौहा स्थित ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह के आवास पर भारतीय किसान यूनियन की पंचायत हुई। पंचायत में आए किसानों ने अपनी समस्याएं रखीं और उनके निस्तारण की मांग की। पंचायत के बाद भाकियू ने एसडीएम कार्यालय में लिपिक राहुल को ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने विद्युत विभाग के जेई पर बिल माफ करने के नाम पर 50,000 रुपये लेने का आरोप भी लगाया। कहा कि करनपुर माफी में कई दिन से बिजली आपूर्ति ठप है। जिसके कारण किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि नौ जुलाई को किसानों की पंचायत में जेई हसनपुर एवं जेई मोमराज सिंह पंचायत में उपस्थित रहे। इस मौके पर काले सिंह, रणवीर सिंह, राजीव, रविंद्र, श्याम सिंह, विजयपाल, कविंदर, बलराम, लटूर सिंह आदि मौजूद रहे।


हसनपुर में ज्ञापन सौंपते हुए भाकियू लोकशक्ति के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

● भाकियू ने पंचायत कर एसडीएम कार्यालय में लिपिक को ज्ञापन सौंपा

### सदस्यता अभियान चलाया

**बुरावली, अमृत विचार :** भाकियू भूमि के राष्ट्रीय अध्यक्ष खचेड़ू सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष शीशपाल सिंह के नेतृत्व में प्रदेश संगठन मंत्री गजेंद्र विधूड़ी ने सदस्य बनाओ अभियान चलाया। जिसमें सविता भड़ाना को प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा, वीर सिंह भड़ाना निवासी लिसड़ा को प्रदेश महासचिव व डॉ. राजकुमार बजाज को प्रदेश महासचिव मनोनीत किया।

### भाकियू लोकशक्ति ने एसडीएम कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

**हसनपुर, अमृत विचार :** भाकियू लोकशक्ति ने एसडीएम कार्यालय में सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर छुट्टा पशुओं को पकड़वाने की मांग की। शुक्रवार को विकास खंड परिसर स्थित उप जिलाधिकारी कार्यालय में भाकियू लोकशक्ति के कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष हसीन अहमद गफ्फारी के नेतृत्व में एकत्र हुए। उन्होंने एसडीएम की अनुपस्थिति में लिपिक राहुल को मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन में मांग की है कि बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं का शोषण कर रहा है, जिसे बंद कराया जाए। विद्युत विभाग गलत बिल भेज रहा है, फिर सही करने के नाम पर पैसे मांगे जाते हैं। ज्ञापन देने वालों में राजपाल सिंह चौहान, ब्रह्मपाल सिंह, महेंद्र सिंह, उस्मान चौधरी, राजेश, नरेंद्र, मारूफ, उमेंद्र, राजेश, मांगू त्यागी, जाहिर आदि मौजूद रहे।

# मामूली विवाद में युवक का प्राइवेट पार्ट काटा, मेरठ रेफर

संवाददाता, हसनपुर

● गुरुवार रात घर लौटते समय युवक पर किया था हमला

**अमृत विचार :** नगर में युवक के साथ शर्मनाक करतूत का मामला सामने आया है। यहां कुछ लोगों ने मामूली बात को लेकर हुए विवाद में युवक का प्राइवेट पार्ट काट दिया। घायल को परिजनों के ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया।

नगर के एक मोहल्ला निवासी युवक मजदूरी कर परिवार का पोषण करता है। परिवार के लोगों के मुताबिक उनकी कुछ लोगों से पुरानी रंजिश चली आ रही है। बुधवार दोपहर को कुछ लोगों ने उनके घर पर धावा बोलकर मारपीट भी की थी। गुरुवार रात को पीड़ित मजदूरी कर घर को लौट रहा था। तभी आरोपियों ने उसे रास्ते में पकड़ लिया तथा सरियों से उसकी पिटाई की और धारदार हथियार से उसका प्राइवेट पार्ट काट दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गया। बताया जा रहा है कि आरोपियों के डर के चलते पड़ोसियों ने घरों के दरवाजे बंद कर लिए थे। बाद में इसकी पुलिस को सूचना दी गई। घायल को परिजनों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों का कहना है कि पुलिस को तहरीर भी दी गई थी। लेकिन इस संबंध में अभी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि मामला संदिग्ध है। जांच पड़ताल की जा रही है।

### नकब लगाकर दो घरों में लाखों की चोरी

**अमरोहा, अमृत विचार :** गांव निजामपुर सेदरी में किसान मुख्तियार और मोहम्मद यामीन का परिवार रहता है। यामीन का बेटा फरीद खान यूपी पुलिस में सिपाही है। उसकी तैनाती हरदोई जिले में है।

गुरुवार रात मोहम्मद यामीन, उनकी पत्नी व अन्य परिजन बरामद में सो रहे थे। इसी बीच रात को चोरों ने घर के पीछे की दीवार में नकब लगा दिया और घर में घुस आए। चोरों ने अलमारी में रखी नकदी और जेवर समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। इसके बाद चोरों ने मुख्तार अली के घर को निशाना बनाया। मुख्तियार की पत्नी मायके गई हुई थी। परिवार के बाकी लोग घर में ही सो रहे थे। चोरों ने यहां से भी हजारों रुपए की नकदी व जेवरात चोरी कर लिए। दोनों परिवारों को चोरी की जानकारी शुक्रवार सुबह हुई। उन्होंने जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने दोनों परिवारों से तहरीर लेकर जांच कार्रवाई शुरू कर दी है।

# डीजे पर डांस करने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, युवक घायल

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में चढ़त के दौरान डीजे पर मारपीट हुई। मारपीट में एक युवक घायल हो गया। घायल को लेकर परिजन कोतवाली पहुंचे। पुलिस ने मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा। चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

गांव सिकरौली मिलक से बुधवार देर रात गांव निवासी नरेंद्र के बेटे अनिल की बरात कोतवाली क्षेत्र के गांव फतेहपुर बाटपुरा गई थी। गुरुवार सुबह तीन बजे चढ़त के दौरान डीजे बज रहा था। डीजे पर कई युवा नाच रहे थे। डांस करते समय अचानक बराती पक्ष के युवकों में झगड़ा हो गया। जिसमें गांव निवासी महकार पुत्र बलिया सिंह घायल हो गया। पीड़ित का आरोप है कि गांव निवासी युवकों ने तमंचे की बट व सरिया मारकर उसे बुरी तरह घायल कर दिया। पीड़ित परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचा और आरोपी युवकों के खिलाफ तहरीर दी। घायल को पुलिस ने मेडिकल के लिए सीएचसी भेज दिया। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। कोतवाली में तैनात वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद कुमार गोला ने बताया कि मारपीट की तहरीर प्राप्त हुई है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# ताजियों के जुलूस के मार्ग का किया निरीक्षण

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर में 17 जुलाई को निकलने वाले ताजियों के जुलूस के मार्ग का एसडीएम एवं सीओ ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विद्युत विभाग को तारों को ऊंचा करने के निर्देश दिए, वहीं ताजियों की ऊंचाई शासन के नियम अनुसार रखने की बात कही।

मोहल्ला काला शहीद स्थित मस्जिद से 17 जुलाई को जुलूस निकलेगा। अमन कमेटी की बैठक में इमाम द्वारा विद्युत लाइन नीचे होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। शुक्रवार को उप जिलाधिकारी सुनीता कुमारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत कोतवाली पुलिस के साथ मोहल्ले में पहुंचे और जुलूस के मार्ग का निरीक्षण किया। जुलूस के मार्ग में नीचे लटके बिजली के तारों को ऊंचा करने के विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए, वहीं नियम अनुसार ताजियों की ऊंचाई रखने की बात कही गई। निरीक्षण के दौरान कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार, विद्युत विभाग के जेई साहिल गांधी, चौधरी अकिल पहलवान मौजूद रहे।


हसनपुर में सीओ कार्यालय पर प्रदर्शन करते ढकिया खादर के ग्रामीण। ● अमृत विचार

# ग्रामीणों ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर नारेबाजी की

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** रहरा थाना क्षेत्र के गांव ढकिया खादर निवासी जगपाल उर्फ मंगला एक जुलाई की सुबह अपने खेत में धान की रोपाई करने गया था। पड़ोसी खेत स्वामी ने छुट्टा पशुओं से रखवाली के लिए अपने खेत के चारों तरफ कटीले तार लगा रखे थे। जिसमें उसके द्वारा बिजली का करंट छोड़ रखा था। खेत पर काम करते समय करंट की चपेट में आकर जगपाल की मौके पर मृत्यु हो गई थी। मामले में पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की थी। मृतक के परिजनों का आरोप है कि पुलिस द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही। कार्रवाई की मांग करते हुए ग्रामीणों के साथ मृतक के परिजनों ने शुक्रवार को सीओ कार्यालय पर प्रदर्शन कर सीओ दीप कुमार पंत को ज्ञापन सौंपा। जिस पर सीओ ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रदर्शन करने वालों में गुड्डू प्रधान, वीर सिंह, हरिश्चंद्र, कश्मीरी, दयावती, राजबाला, सुभाष, राजेश, संजय सिंह, अंकित, रामपाल, राजवीर आदि मौजूद रहे।



# घाटों पर गूंजा मां गंगा का जयकारा

## अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने बृजघाट व तिगरी में गंगा में लगाई डुबकी, जाम से परेशानी

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** अमावस्या पर हजारों श्रद्धालुओं ने बृजघाट व तिगरी गंगा धाम में आस्था की डुबकी लगाई। शुक्रवार को सुबह से ही गंगास्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुट गई थी।

अमरोहा, मुरादाबाद, हापुड़, संभल, दिल्ली से आए श्रद्धालुओं ने शुक्रवार सुबह बारिश के बीच बृजघाट में गंगा तट पर स्नान किया। दोपहर तक गंगास्नान करने के लिए श्रद्धालु गंगा घाट पर पहुंचते रहे। वहीं श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान कर परिवार व समाज में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। मंदिरों में पूजा-अर्चना कर जरूरतमंदों को दान देकर पुण्य लाभ कमाया। उधर, तिगरी गंगा धाम में भी श्रद्धालुओं ने गंगास्नान किया। दोनों जगह सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात रहा। अमावस्या पर शुक्रवार को गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने पर दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। बारिश के बीच जाम में फंसे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। नेशनल हाईवे पर वाहनों की संख्या बढ़ने पर जाम के हालात बन गए। समय रहते पुलिस ने जाम पर काबू पाया और यातायात सुचारू कराया।



बृजघाट में गंगा में स्नान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### पौरारा घाट पर पुष्प और दीप अर्पित किए

**रहरा, अमृत विचार :** गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र में पौरारा गंगा घाट पर गंगा में स्नान को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। शुक्रवार को हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाकर पुष्प और दीप अर्पित किए। रास्ते में जलभराव के कारण श्रद्धालु मुश्किल से गंगा तक पहुंचे। श्रद्धालुओं को गंगा घाट तक पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शुक्रवार को दिनभर गंगा घाट हर हर गंगे के जयकारों से गुंजायमान रहे। पौरारा घाट पर गंगेश्वरी क्षेत्र के दर्जनों गांव के श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए सुबह से पहुंच गए थे।

## बिजनौर बैराज से छोड़ा 18 हजार क्यूसेक पानी

**गजरौला, अमृत विचार :** बिजनौर बैराज से गंगा में 18 हजार क्यूसेक पानी और छोड़ा गया है। जिससे गंगा का जलस्तर 10 सेमी बढ़ गया है। अब पानी की तेज धार खेतों की ओर कटान कर रही है। अब किसानों को फसलों की चिंता सता रही है।

बिजनौर बैराज से रोजाना पानी गंगा में छोड़ा जा रहा है। इसका असर तिगरी गंगा व रामगंगा पोषक नहर पर पड़ रहा है। गुरुवार को बैराज से 18167 क्यूसेक पानी गंगा में छोड़ा गया। वहीं इसके पहले गुरुवार को जलस्तर 199 मीटर में दर्ज किया गया था, जो शुक्रवार को पानी छोड़े जाने के बाद बढ़कर 199.10 मीटर हो गया है। गंगा के साथ ही क्षेत्र से होकर बहने वाली रामगंगा पोषक नहर का जलस्तर भी लगातार बढ़ रहा है। जिससे खादर क्षेत्र में गंगा किनारे गांवों की आबादी को बाढ़ की चिंता सताने लगी है। क्षेत्र में बाढ़ राहत चौकियों को भी सतर्क किया गया है। जेई बाढ़ खंड सुभाष कुमार के मुताबिक पहाड़ों पर बारिश रुकने के बाद ही जलस्तर में कमी आएगी।

## एक नजर

### कार से स्टंट के मामले में पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**गजरौला, अमृत विचार :** हाईवे पर कार सवारों के स्टंट के मामले में पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है। गुरुवार को नेशनल हाईवे पर कार सवार युवकों के स्टंट की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। वीडियो में कार का नंबर भी दिखाई दे रहा है। पुलिस ने मामले में चौपला चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार की तहरीर पर कार नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की बात कही है।

### मारपीट का आरोपी पकड़ा

**रहरा, अमृत विचार :** कुछ दिन पहले थाना रहरा क्षेत्र के गांव बिहारीपुर निवासी मदनपाल का पुत्र विशाल खेत पर जा रहा था। जिसका गांव के ही चार युवकों से खेत को पशुओं से बचने के लिए बाड़ लगाने को लेकर विवाद हो गया था। जिसमें गांव के रवि, अंकुल, मनोज एवं अर्जुन ने विशाल के पेट में हथियार मारकर घायल कर दिया था। मदनपाल की तहरीर पर चारों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज हुई थी। थाना प्रभारी रहरा रमेश सहरावत ने बताया कि अर्जुन पुत्र विशम्बर को पुलिस ने छपना तिराहा से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

### 466 विद्यार्थी देंगे यूपी बोर्ड कंपार्टमेंट परीक्षा

**अमरोहा, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल एवं इंटर की कंपार्टमेंट परीक्षा 20 जुलाई को होगी। इसमें 466 परीक्षार्थी शामिल रहेंगे। कंपार्टमेंट परीक्षा राजकीय इंटर कॉलेज अमरोहा में होगी। परीक्षा दो पालियों में सुबह 8 से 11 व दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक होगी। पहली पाली में हाई स्कूल के 237 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे, जबकि दूसरी पाली में इंटर के 229 परीक्षार्थी शामिल होंगे। डीआईओएस विष्णु प्रताप सिंह ने बताया कि परीक्षार्थी ऑनलाइन अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

### बारिश से मकान की दीवार गिरी, सामान क्षतिग्रस्त

**आदमपुर, अमृत विचार :** गुरुवार रात आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव शीतला सराय निवासी सतपाल पुत्र गंगाराम के घर की पीछे की दीवार गिर गई। दीवार गिरने से घर में रखा सामान क्षतिग्रस्त हो गया। फिलहाल घर की छत को लकड़ी व लोहे के गार्डर के सहारे रोका गया है।

अमरोहा की खबरें पेज 11 पर भी



अमरोहा में जिलाधिकारी से मिलते पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी।

## पेंशनर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने डीएम को बताईं समस्याएं

संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अनूप सिंह पैसल के नेतृत्व में सदस्य जिलाधिकारी से मिले और पेंशनर्स की समस्याओं पर वार्ता की।

भोपाल सिंह तोमर ने बताया कि पंचायत राज विभाग से सितंबर 2023 में एडीओ पंचायत पद से सेवानिवृत हुए हैं अभी तक पेंशन या अन्य भुगतान नहीं हुआ है। जिला विकास अधिकारी के स्तर से पेंशनर्श मगफूर अहमद, महावीर शर्मा, कृपाल सिंह, अमानत अली और अन्य कई पेंशनर्स के चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलों का भुगतान 2023 से नहीं किया है। प्रतिनिधिमंडल में शिवेन्द्र सिंह चिकारा, जिला मंत्री शिशुपाल सिंह, संयुक्त मंत्री राजेंद्र सिंह राणा, उपाध्यक्ष अमीपाल सिंह, सोमदत्त सिंह, भोपाल सिंह तोमर मौजूद रहे।

## करंट से महिला झुलसी, तीन पशु मरे

संवाददाता, ढबारसी

**अमृत विचार :** हाईटेंशन लाइन के करंट की चपेट में आकर किसान के तीन पशुओं की मौत हो गई। जबकि एक महिला बुरी तरह झुलस गई। घटना के बाद ग्रामीणों में बिजली विभाग के खिलाफ रोष है।

आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव फत्तेपुर अधेक में ढबारसी बिजलीघर से जा रही हाईटेंशन लाइन का तार लटककर 440 की लाइन के केबल से टकरा गया। जिससे गांव में हाई वोल्टेज करंट दौड़ गया। इसी दौरान हाई वोल्टेज लाइन के खंभे के पास पेड़ से तीन पशु बंधे हुए थे। जिससे करंट की चपेट में आकर पूर्व प्रधान हरिद्वारी सिंह की एक भैंस और दो कटरों की मृत्यु हो गई। घर में करंट उतरने से ग्रामीण कृपाल सिंह की पत्नी अमरवती बुरी तरह झुलस गईं। जिसे उपचार के लिए ढबारसी के निजी चिकित्सक के पास भर्ती कराया गया है। इसके अलावा गांव में करंट से कई लोगों के बिजली के उपकरण फुंक गए तो कई लोगों के सब मर्सिबल अपने आप चल पड़े।



अवर अभियंता का घेराव करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

- **विद्युत विभाग की लापरवाही पर ग्रामीणों ने अवर अभियंता को घेरा, घंटों हुआ हंगामा**

घटना के बाद मौके पर सैकड़ों लोग जमा हो गए और मौके पर पहुंचे अवर अभियंता एसके भारद्वाज को देख ग्रामीणों का गुस्सा बढ़ गया। ग्रामीणों ने गांव की हाई वोल्टेज लाइन के साथ-साथ जंगल में बांस के सहारे बांधकर चलाई जा रही हाई वोल्टेज लाइन को भी मौके पर ले जाकर दिखाया। इसके बाद संभ्रांत व्यक्तियों ने ग्रामीणों को समझाकर शांत किया। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के प्रति रोष व्यक्त किया। पूर्व प्रधान हरद्वारी सिंह ने आदमपुर पुलिस को घटना की तहरीर दी है।

## सार संक्षेप





कार्यक्रम में मौजूद प्रशासनिक व चीनी मिल के अधिकारी। ● अमृत विचार

### चीनी मिल के विस्तारीकरण की जानकारी दी

**रहरा, अमृत विचार :** शुक्रवार को चीनी मिल चंदनपुर में पर्यावरणीय स्वीकृति लोक सुनवाई हुई। लोक सुनवाई के दौरान अपर जिलाधिकारी मायाशंकर यादव, उप जिलाधिकारी सुनीता सिंह, क्षेत्रीय अधिकारी पर्यावरण माहिर हुसैन, मनोज कुमार गर्ग, पर्यावरण सलाहकार रहे और क्षेत्रीय किसानों की समस्याओं को सुना। किसानों को बताया कि चीनी मिल की पेराई क्षमता को बढ़ाकर 10,000 टीसीडी किया जा रहा है। सह ऊर्जा उत्पादन बढ़ाना प्रस्तावित है। सुशील कुमार त्यागी, राजीव कुमार, पुष्पेन्द्र त्यागी, प्रमोद त्यागी, राम सिंह, महावीर सिंह इससे संबंधित जानकारी की। उपजिलाधिकारी ने कहा कि चीनी मिल के विस्तारीकरण से चीनी मिल समय से गन्ना खरीदेगी। चीनी मिल के उपाध्यक्ष आमोद शर्मा ने अधिकारी एवं क्षेत्र के किसानों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर चीनी मिल के आरएस सहरावत, अमेज कुमार सिंह, संजय जायसवाल, एके तिवारी, विपिन मिश्रा, उदयवीर सिंह, मुकेश शर्मा, सचिन पुण्डीर, आशीष अवस्थी आदि रहे।





मंडी धनौरा में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान। ● अमृत विचार

### राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने सौंपा ज्ञापन

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** शुक्रवार को राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी चंद्रकांता को ज्ञापन सौंपा। संगठन के कार्यकर्ताओं ने मांग करते हुए कहा कि किसानों के निजी नलकूपों के बिल बिना शर्त माफ किये जाएं। जैसे किसान की जमीन मृतक आश्रित के नाम आती है, उसी प्रकार नलकूप कनेक्शन भी मृतक आश्रितों के नाम निशुल्क किये जाएं। किसानों ने चेतावनी दी कि नौ जुलाई को 33 केवीए विद्युत उप केंद्र खाद गुर्जर पर किसान शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन करेंगे। जिसमें विद्युत विभाग, गन्ना विभाग, नहर विभाग से सम्बन्धित सक्षम अधिकारी का समस्याओं के निराकरण के लिए धरना स्थल पर पहुंचे। ज्ञापन देने वालो में जोगेंदर सिंह आर्य, कुंदन सिंह, रामकिशन सिंह, लक्की, राजवीर सिंह, जसपाल सिंह, सौरभ कुमार त्यागी, ब्रह्मजीत सिंह रहे।



आदमपुर क्षेत्र के गांव सिमथला में पसरी गंदगी। ● अमृत विचार

### गांव के रास्तों पर कीचड़, पैदल चलना मुश्किल

**आदमपुर, अमृत विचार :** गंगेश्वरी के गांव सिमथला में बारिश के कारण गांव के रास्तों में कीचड़ पसरी हुई है। इससे लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। गांव में चारों ओर कीचड़ के कारण साइकिल से लेकर दो पहिया वाहनों का निकलना तो दूर की बात है। लोगों का पैदल निकलना भी मुश्किल हो रहा है। यदि महिला, बुजुर्ग, नौजवान व बच्चे इस रास्ते से पैदल होकर गुजर भी रहे हैं तो उनके फिसल कर गिरने का डर सता रहा है। ग्रामीणों ने इस मार्ग को ठीक कराने की मांग की है।

### पढ़कर सुनाई जाएगी राजस्व ग्रामवार खतौनी

**अमरोहा, अमृत विचार :** एडीएम न्यायिक माया शंकर यादव ने बताया कि खतौनी पुनरीक्षण एवं अंश निर्धारण से बचे हुए खातेदारों एवं सहायक खातेदारों के गाटों में अंश निर्धारण का कार्य किया जाने का निर्देश दिया है। जिले की चारों तहसीलों में लेखपाल अगले पांच दिन में राजस्व ग्रामवार रोस्टर खतौनी पढ़कर सुनाएंगे। किसानों द्वारा अंश में त्रुटि बताने पर निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि मृत किसानों की अविवादित विरासत दर्ज करने के कार्रवाई भी होगी। संबंधित गांव के किसान अपने क्षेत्र के लेखपाल से संपर्क करके समस्या का समाधान कर सकते हैं।

### नायब तहसीलदार के स्थानांतरण को धरना जारी

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** तहसील में नायब तहसीलदार द्वारा लेखपाल को अपशब्द कहने के मामले को लेकर तहसील परिसर में लेखपाल संघ का तीसरे दिन भी धरना जारी रहा। शुक्रवार को तीसरे दिन भी उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ तहसील प्रांगण में नायब तहसीलदार के खिलाफ धरने पर बैठे रहे। उनकी मांग है कि जब तक नायब तहसीलदार वीरेंद्रपाल का स्थानांन्तरण नहीं होता, तब तक लेखपाल संघ का धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इस दौरान लेखपाल संघ के अध्यक्ष विकास यादव, बिंटेश कुमार, मुजम्मिल खान, प्रमोद कुमार, अमित कुमार इस्तेकर, अनुज सैनी, निशांत, रोहित यादव, सचिन, शंकर, रमेश सैनी आदि लेखपाल मौजूद रहे।



मंडी धनौरा में बच्चों को पौधे वितरित करते शिक्षक व अन्य। ● अमृत विचार

## प्रकृति के संतुलन के लिए अवश्य करें पौधरोपण

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** शुक्रवार को मुख्य बाजार स्थित कन्या पाठशाला में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पौधरोपण किया। मंडल अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री कुसुम अग्रवाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं व बच्चों के साथ पौधरोपण किया। गौरव अग्रवाल ने प्रकृति के संतुलन पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं से एक पेड़ अवश्य लगाने को कहा। महिला मोर्चा जिला महामंत्री कुसुम अग्रवाल ने कहा कि हमें पौधों की सुरक्षा बच्चों के समान करनी चाहिए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, जिला महामंत्री कुसुम अग्रवाल, परम सिंह, सोनल गुप्ता, खेम सिंह सहित रहे।

## मानक के अनुरूप सड़क नहीं बनाने पर हंगामा

संवाददाता, ढबारसी

**अमृत विचार :** ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा छह किमी लंबाई वाले ढबारसी-आदमपुर मार्ग पर जर्मन टेक्नोलॉजी से सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। मार्ग के बीच में पड़ने वाले आबादी के गांवों में सीसी रोड़ का निर्माण होना है। ठेकेदार द्वारा फत्तेहपुर अधेक गांव में लगभग 600 मीटर सीसी रोड बनाई जा रही है। मानक के अनुसार सीसी रोड की मोटाई 125 एमएम होनी चाहिए, लेकिन ठेकेदार के निर्देश पर यहां मानक के विपरीत 80 एमएम से 100 एमएम की मोटाई की सड़क बनाई जा रही है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कर रहे लोगों से जब सड़क की मोटाई कम होने की बात की तो उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि सड़क इतनी ही मोटाई में पड़ेगी।

ग्रामीण इस बात पर नाराज हो गए तथा हंगामा करते हुए निर्माण कार्य रूकवा दिया। ठेकेदार की मनमानी की शिकायत विभागीय अधिकारियों से की गई। हंगामे की सूचना मिलने पर अवर अभियंता मनोज कुमार मौके पर पहुंची तो ग्रामीणों के आरोपों पर सीसी रोड की मोटाई नापी तो 80 एमएम से 100 एमएम तक मोटाई मिली, जबकि मानक के अनुसार 125 एमएम मोटाई नहीं थी। अवर अभियंता ने मामले की स्थिति से वरिष्ठ अधिकारियों को फोन के माध्यम से अवगत कराया। अधिशासी अभियंता ने ठेकेदार को फटकार लगाई तब जाकर ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ। अवर अभियंता मनोज कुमार ने बताया कि अगर ठेकेदार मानक के अनुसार कार्य नहीं कराता है, तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। हालांकि इस मार्ग की सात वर्षों के रखरखाव की जिम्मेदारी ठेकेदार की है, कार्य मानक के अनुसार ही कराया जाएगा। इस मौके पर हरिराज सिंह, किरणपाल, निर्भय, खजान सिंह, रोहन सिंह, जग्गन सिंह, विशम्बर, जयराम सिंह, मोरध्वज, भूपसिंह, दीनदयाल, जोगेश, गोपाल, पप्पू व चन्द्रपाल आदि मौजूद रहे।



ढबारसी क्षेत्र के गांव फतेहपुर अधेक में प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### काम पूरा होने से पहले ही उखड़ी सड़क

**ढबारसी/आदमपुर, अमृत विचार :** ढबारसी मार्ग पर शासन की मंशानुरूप के अनुरूप नहीं हो रहा है। जर्मन टेक्नोलॉजी से बन रहे मार्ग पर सड़क पर पड़े पत्थरों में सीमेंट तथा केमिकल मिलाकर पक्का करना था। जिससे सड़क की ऊपरी सतह पर पड़ने वाली तारकोल और बजरी भविष्य में न उखड़े, लेकिन पत्थर और मिट्टी में सीमेंट व केमिकल की मात्रा कम डालने से सड़क निर्माण होने से पूर्व ही जगह-जगह पत्थर उखड़ रहे हैं, कई जगह मार्ग में गड्ढे बन गए हैं। सड़क निर्माण की अवधि पूर्ण के 10 माह बीत चुके हैं, लेकिन मार्ग का निर्माण अभी भी अधर में लटका हुआ है।

**अभियान** — ब्लॉक प्रमुख एवं बीडीओ ने ब्लॉक परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण का महत्व बताया

## वृक्ष हमारी धरती का श्रृंगार, इनसे है जीवन का आधार

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** शुक्रवार को ब्लॉक कार्यालय परिसर में ब्लॉक प्रमुख व खंड विकास अधिकारी के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया गया।

आयोजन के तहत ब्लॉक प्रमुख आशा चंद्रा ने ब्लॉक कर्मचारियों के साथ फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण में पौधों का योगदान बताया और पौधों की सुरक्षा का संकल्प भी लिया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख आशा चंद्रा चंद्रा ने कहा कि पूरे विकासखंड में शासकीय, अशासकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थाओं, स्वास्थ्य केंद्रों एवं चिह्नित स्थानों पर पौधरोपण अभियान चल रहा है। पूरे विकासखंड को पर्यावरण की दृष्टि से समृद्ध करने का लक्ष्य है। खंड विकास अधिकारी विजय सक्सेना ने कहा कि वृक्ष धरती का श्रृंगार हैं। वृक्षों से ही जीवन का आधार है। इस अवसर पर एडीओ पंचायत रामचंद्र सिंह, जितेंद्र बाबू, बाबर खान, अनुराधा वर्मा, मुकेश रावल, सिद्धराज सिंह, गौरव अग्रवाल, कुसुम अग्रवाल, ग्राम सचिव बंटी सिंह, रोहित कुमार, राजकुमार सैनी, अशोक कुमार, नसीम, संदीप कुमार, सुदेश कुमार, महेश कुमार, राजकुमार, संदीप सिंह सहित आदि मौजूद रहे।



मंडी धनौरा में पौधरोपण करतीं ब्लॉक प्रमुख आशा चंद्रा।





मंडी धनौरा में पौधरोपण करते एडीओ पंचायत।



विद्यालय में पौधरोपण करते अध्यापक व बच्चे। ● अमृत विचार

### मां के नाम किया पौधरोपण

**नौगांवा सादात, अमृत विचार :** नौगांवा सादात के मोहल्ला अलीनगर के बूथ संख्या 241 में भाजपा राष्ट्रीय महासंपर्क विभाग के जिला संयोजक वीरेंद्र सिंह सैनी ने कार्यकर्ताओं के साथ जामुन का पौधा रोपा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता कम से कम पांच पौधे अवश्य लगाएं और उनके पालन पोषण की भी जिम्मेदारी लें। हरफूल सिंह सैनी, मयंक सैनी, रिशव कुमार, सुनील कुमार, मेंहदी रजा आदि रहे।

### पर्यावरण को सुरक्षित रखने की शपथ दिलाई

**सैदनगली, अमृत विचार :** सैदनगली के उच्च प्राथमिक विद्यालय सब्दलपुर शर्की में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत बच्चों व अध्यापकों ने विद्यालय में पौधरोपण किया। विद्यालय की अध्यापिका अंशु गुप्ता ने बच्चों को पर्यावरण सुरक्षित रखने की शपथ दिलाई और पर्यावरण की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन में बहुत ही उपयोगी हैं। वृक्षों के बिना जीवन संभव नहीं है, इसलिए अगर पर्यावरण को सुरक्षित रखना है तो हमें पौधे लगाने चाहिए। इस दौरान अध्यापिका अंशु गुप्ता, पुनीत कुमार, सभासद धारासिंह, प्रबंध समिति की अध्यक्ष राजवती, रुखसाना नरगिस, कमलेश, वीरेश, प्रेम सिंह, दिनेश कुमार, धर्मवीर सिंह, जयपाल सिंह, नेपाल सिंह मौजूद रहे।

## दिनभर होती रही बारिश धान की रोपाई तेज हुई

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिले में कई दिन से लगातार बारिश हो रही है। शुक्रवार को भी सुबह से दोपहर बाद तक रूक रूककर बूंदबांदी होती रही। बारिश से अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। बारिश के बाद क्षेत्र में धान की रोपाई शुरू हो गई है।

पिछले कुछ दिनों से मौसम सुहावना बना हुआ है। बुधवार और गुरुवार के बाद जिले में शुक्रवार को भी सुबह से बारिश शुरू हो गई। सारा दिन कभी धीमी तो कभी तेज बारिश हुई। दिनभर आसमान में बादल छाए रहे। लगातार हो रही बारिश से किसानों की सिंचाई की चिंता दूर हो गई है। किसानों का कहना है कि अभी और बारिश होनी चाहिए, जिससे धान की फसल अच्छी होगी। वहीं बारिश से तापमान भी गिर गया। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहा तो न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

### कीचड़ और जलभराव से आवागमन में परेशानी

**अमरोहा, अमृत विचार :** शुक्रवार को दिन भर रूक रूककर होती रही। शहर के नाले चोक होने के कारण नालियों का पानी सड़क पर आ गया। कई जगह जलभराव भी हुआ तो कहीं सड़कों पर कीचड़ से लोग परेशान दिखाई दिए। शुक्रवार को बारिश से कीचड़ के कारण सड़कों पर निकले वाहन चालकों व राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### बिजली की मांग हुई कम

**अमरोहा, अमृत विचार :** पिछले कई दिनों से हो रही बारिश से बिजली की मांग कम हुई है। विद्युत वितरण खंड तृतीय के एसडीओ जीडी प्रजापति ने बताया कि बारिश के बाद बिजली की मांग कम हो गई है और फाल्ट होने की शिकायत भी कम हुई है। उन्होंने बताया कि जलभराव हो जाने पर ही आपूर्ति को बंद किया जा रहा है।

डॉलफिन पैथोलॉजी सेन्टर
मुस्कान नर्सिंग होम के सामने
आशियाना फेस- 1
24 घन्टे
सुविधा उपलब्ध
सभी प्रकार की खून की जाँच
होम डिलीवरी की
सुविधा उपलब्ध
Mob:- 9027586572, 9927994700

Shree Balaji Finances Associates
New And Used Comercial Vehicle Loan
Home Loan | Personal Loan | Education Loan
Business Loan | Mortgage Loan
Our Specialisation- Minimum Document, Interest & Minimum Time period Maximum Loan Amount
We Provided Investor For All Types Of Property Purchase & Sale Deals
All types loan amount 1 lakh to 1 Cr. Provided
Sumit Rahal Mob.- +91 9058612491
Add:- Opp. Crest Hospital, Mora Mustqam, Kanth Road, Moradabad- 244001

प्रो. पंकज कुमार मो. 7505622049
शरद डेयरी एण्ड कनफैक्शनरी
हमारे यहाँ पर दूध, दही, पनीर, मावा, क्रीम, सफल मटर, मक्खन, बर्थडे का सभी सामान, कोल्ड ड्रिंग, पत्तल गिलास, दोने व चम्मच एवं जन्मदिन के केक भी मिलते है।
पता- गजरौला रोड, प्रथमा बैंक के पास सलेमपुर गोसाई, बाजार मार्केट (अमरोहा)

## एक नजर

### हाथरस घटना की हो उच्च स्तरीय जांच

**संभल अमृत विचार** : जितेंद्र वर्मा समाज कल्याण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने हाथरस सत्संग में भगदड़ से हुई लोगों की मौत पर दुख जताया। उन्होंने सरकार से घटना की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की। घटना के घायलों के स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना की।

### किशोर को सांप ने काटा, हालत गंभीर

**संभल, अमृत विचार** : नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला नरोत्तम सराय निवासी मोहम्मद फरमान का 12 वर्षीय बेटा मोहम्मद सलमान शुक्रवार की शाम पांच बजे घर से निकलकर घरेलू सामान लेने पास में स्थित किराना की दुकान पर जा रहा था। रास्ते में पुलिया के ऊपर से होकर मुहल्ला के घरों व बारिश के पानी के अंदर सांप ने मोहम्मद सलमान को काट लिया। जिससे मोहम्मद सलमान की हालत बिगड़ने लगी। मौके पर पहुंचे परिजन आनन फानन में मोहम्मद सलमान को लेकर जिला अस्पताल आ गए और उपचार के लिए भर्ती कराया।

### नाले में गिरा सांड़

**संभल/रजपुरा अमृत विचार** : कस्बा रजपुरा में शुक्रवार को सांड़ नाले में गिर गया। जिससे वह घायल हो गया। छुट्टा सांड़ ने निकलने का काफी प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुआ। इस बीच आसपास के लोगों की मौके पर भीड़ जुट गई। लोगों की सूचना पर जेसीबी पहुंच गई। कड़ी मशक्कत के बाद सांड़ को नाले से बाहर निकाला गया।

### अनियंत्रित होकर गिरी बाइक, चालक घायल

**संभल, अमृत विचार** : कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव सेंडा निवासी हरविंद्र गुरुवार की देर रात बाइक पर सवार होकर रिश्तेदारी से वापस घर आ रहा था। हरविंद्र जैसे ही गांव के पास पहुंचा। नियंत्रण हटते ही हरविंद्र की बाइक अनियंत्रित होकर भटौला मार्ग पर गिर गई। जिससे हरविंद्र गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजन आनन फानन में पास के ही निजी डॉक्टर के पास लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने हरविंद्र को रेफर कर दिया। जिसके बाद परिजन हरविंद्र को लेकर जिला अस्पताल आ गए और उपचार के लिए भर्ती कराया।

# जिले को निपुण बनाने में भूमिका निभाएं शिक्षक

## अधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियों व अभिभावकों को सम्मानित किया, डीएम ने निपुण बनाने की दिलाई शपथ

**संवाददाता, बहजोई**

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में निपुण महोत्सव में अधिक उपस्थिति वाले छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम काआरंभ जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। जिलाधिकारी ने जनपद के निपुण भारत गीत का विमोचन किया। एसआरजी शालिनी सक्सेना ने निपुण अभियान को लेकर दीक्षा पोर्टल प्रेरणा एप प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान ऑपरेशन कायाकल्प के बारे में जानकारी दी।

डीएम ने जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र सुदर्शन कुमार एवं विद्यालय में अधिक उपस्थिति वाले छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों को सम्मानित किया। प्रत्येक विकास खंड के दो शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। डीएम ने कहा कि व्यक्ति जन्म के समय कच्ची मिट्टी के समान होता है। उसके व्यक्तित्व को निखारने में तीन प्रमुख सहभागी होते हैं प्रथम मां, द्वितीय परिवार व तृतीय विद्यालय। उन्होंने कहा कि 2025- 26 तक हमें जनपद को निपुण बनाना है। जनपद के सभी शिक्षक हमारे साथ कदम से कदम मिलाकर चलें। इस दौरान एडीएम प्रदीप वर्मा, डिप्टी कलेक्टर आनंद कटारिया, जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, अध्यापक व स्कूली बच्चे मौजूद रहे।



निपुण महोत्सव में टीएम प्रदर्शनी का निरीक्षण करते डीएम राजेंद्र पेंसिया।



चन्दौसी के मोहल्ला चुन्नी प्राइमरी स्कूल में निपुण दिवस पर शपथ दिलाती शिक्षिका।

- **कहा, विद्यालय में धूम्रपान करते पाए गए शिक्षक तो होगी कार्रवाई**

### परिषदीय विद्यालयों में मनाया निपुण दिवस

**चन्दौसी, अमृत विचार** : शुक्रवार को परिषदीय विद्यालयों में निपुण दिवस मनाया गया। नगर क्षेत्र के डॉ. आंबेडकर प्राथमिक विद्यालय मोहल्ला चुन्नी खुर्जा गेट में निपुण दिवस धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं को नियमित विद्यालय आने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापक मुरलीधर ने कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 की सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए 05 जुलाई 2021 को भारत सरकार के शिक्षा मंत्री ने निपुण भारत कार्यक्रम की शुरूआत की। जिसका उद्देश्य 3-9 आयु के बच्चों की बेहतर समझ व संख्यात्मक ज्ञान के साथ पढ़ाई-लिखाई में दक्षता लाना है। सहायक अध्यापिका ज्योति द्विवेदी ने कहा कि निपुण भारत कार्यक्रम को पांच चरणों में लागू किया गया है। यह चरण क्रमशः राष्ट्र, राज्य, जिला, ब्लाक व स्कूल स्तर पर है। निपुण भारत कार्यक्रम की सफलता शिक्षकों पर निर्भर करेगी। इसका एक मात्र लक्ष्य व उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास पर जोर देना है। कार्यक्रम में डॉ. डीके अग्निहोत्री, ज्योति द्विवेदी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। उधर प्राथमिक विद्यालय मझोला प्रथम में निपुण महोत्सव का आयोजन किया गया और स्कूल चलो अभियान की प्रभात फेरी निकाली गई। छात्र-छात्राओं को विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया गया तथा अभिभावकों से बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने के लिए कहा गया। इस अवसर पर प्रगति वार्ष्णेय, राखी, अनीता रानी, कल्पना कुमारी, रितू शर्मा, अशोक कुमार यादव, मौहम्मद आशिव आदि उपस्थित रहे।

# दौड़ रहे अनफिट स्कूली वाहन बच्चों की जान के लिए खतरा

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**हिदायत**

- **परिवहन विभाग में पंजीकृत हैं 482 स्कूली वाहन, जिनमें से 84 वाहनों की नहीं हुई फिटनेस**
- **एआरटीओ प्रशासन ने फिटनेस कराने के लिए दिया एक सप्ताह का समय**

**अमृत विचार** : बेशक वाहन संचालन के लिए नियमों का पालन करना जरूरी है लेकिन यहां तो स्कूल संचालक ही गंभीर नहीं दिख रहे हैं जबकि वाहनों से रोजाना तमाम बच्चों को स्कूल लाने और वापस घर छोड़ने का काम होता है।

स्कूलों में नया शिक्षा सत्र शुरू हो गया है मगर 84 ऐसे स्कूली वाहन हैं जिनकी फिटनेस नहीं कराई गई है। इनसे सफर के दौरान हादसे का अंदेशा तो रहता ही है वहीं बच्चों की जान को भी खतरा बना हुआ है। हालांकि सप्ताह भर में फिटनेस नहीं कराने पर परिवहन विभाग की ओर से कार्रवाई की जाएगी।

नया शिक्षा सत्र शुरू हो गया है लेकिन तमाम ऐसे वाहन हैं जिनकी हालत बेहद खस्ता है। बच्चे इन वाहनों में सफर कर हैं जबकि बिना फिटनेस वाले वाहनों में सफर करना ठीक नहीं है। कभी भी कोई हादसा हो सकता है। आंकड़ों पर गौर किया जाए तो परिवहन विभाग में 482 स्कूली वाहन पंजीकृत हैं।

इनमें से 84 वाहनों अनफिट हैं यानी इनकी फिटनेस फेल हो चुकी है। यह हालात तब हैं जबकि परिवहन विभाग द्वारा पूर्व में ही स्कूल प्रबंधकों एवं प्रधानाचार्यों को नोटिस जारी करके फिटनेस कराने के लिए कहा गया है। एआरटीओ प्रशासन डॉ.प्रवेश कुमार सरोज ने बताया कि 84 वाहनों की फिटनेस होनी शेष रह गई है।

स्कूलों के जिम्मेदारों को एक सप्ताह का समय दिया गया है। अगर इस अवधि में फिटनेस नहीं कराई तो परिवहन विभाग अनफिट वाहन का पंजीयन निलंबित करने की कार्रवाई करेगा।

# निपुण चैंपियन बच्चों को किया सम्मानित

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार:** सरोजिनी नायडू जूनियर हाईस्कूल नगर क्षेत्र में बहुत उत्साह और धूमधाम के साथ निपुण महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने किया। जिन बच्चों ने निपुण लक्ष्य प्राप्त कर लिया था उन बच्चों को निपुण चैंपियन बनाकर सम्मानित किया गया।

बेसिक शिक्षा विभाग ने निपुण भारत मिशन के लिए बाल वाटिका और कक्षा 1 से 3 तक के लक्ष्य निर्धारित किए हैं। प्रधानाध्यापिका डॉ. दुर्गा टंडन ने निपुण लक्ष्य पर विस्तार से चर्चा की। अभिभावकों को बताया कि वह निपुण ऐप डाउनलोड करके अपने बच्चों का आंकलन करते रहें। सबके समक्ष निपुण ऐप से बच्चों का आकलन किया गया और विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया। निपुण लक्ष्य के अनुसार कक्षा 1 में हिंदी में 5 सरल शब्दों से बने वाक्य को पढ़ना है। कक्षा 2 में 45 शब्द प्रति मिनट के प्रवाह से पढ़ना है। वहीं कक्षा 3 में 60 शब्द प्रति मिनट के प्रवाह से पढ़ना है। गणित विषय में कक्षा एक में एक अंक की जोड़ और घटाना, कक्षा 2 में दो अंकों का जोड़ और कक्षा 3 में तीन अंकों का जोड़ और घटाना तथा 2 से 10 तक की संख्याओं का गुणा करना शामिल है। बच्चों ने बहुत उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया एवं कहानी गीत इत्यादि भी सुनाए। सभी बच्चों को कॉपी पेंसिल बांटी गई। कार्यक्रम में आयुषी गुप्ता, बीनू शर्मा, अभिषेक कुमार गुप्ता एवं समस्त स्टाफ एवं अभिभावक उपस्थित रहे।



सरोजनी नायडू स्कूल में निपुण महोत्सव मनाते विद्यार्थी व स्टाफ। ● अमृत विचार

# वादकारियों को सुलभ न्याय वकीलों को मिलेगा सम्मान

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

- **संभल बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं और डीएम के बीच हुई परिचय वार्ता**

**अमृत विचार** : जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया से संभल बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं की परिचय वार्ता हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि वादकारियों को सस्ता एवं सुलभ न्याय दिलाने के साथ ही अधिवक्ताओं को सम्मान मिलेगा।

शुक्रवार को शाम जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया एडीएम कार्यालय पहुंचे। यहां संभल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता और अन्य अधिकारियों की जिलाधिकारी से परिचय वार्ता हुई। अधिवक्ताओं ने कहा कि बार और बेंच के बीच सामंजस्य स्थापित करके न्यायिक कार्य किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बार एसोसिएशन को आश्वासन दिया कि वह वादकारियों को सस्ता एवं सुलभ न्याय दिलाने के लिए तत्पर हैं। अधिवक्ताओं को पूर्ण सम्मान मिलेगा। बार और बेंच एक दूसरे का सहयोग करके ही कार्य करेंगे। इस दौरान डॉ.अमित उठवाल, शरद चंद्र भारद्वाज, विजय गुप्ता, महेंद्र सैनी, राजबहादुर सक्सेना, सचिन चौहान, नीतू सिंह, मुनेश शर्मा, राजेश गुप्ता, अवधेश शर्मा, मुकेश राघव, आदि रहे। इसके बाद डीएम ने नई तहसील की तरफ जाने वाले रास्ते को देखा। उन्होंने एसडीएम विनय कुमार मिश्र को रास्ता सही कराने के निर्देश दिए।

## सार-संक्षेप

### गीदड़ ने हमला कर तीन लोगों को किया घायल

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार** : रजपुरा व ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र में गीदड़ ने हमला कर तीन ग्रामीणों को घायल कर दिया। रजपुरा थाना क्षेत्र में ग्रामीण को गीदड़ के हमले से बचाने पहुंचे पड़ोसी को भी गीदड़ ने घायल कर दिया। ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र में गीदड़ ने खेत में धान की पौध की रोपाई करते समय हमला कर ग्रामीण को जख्मी कर दिया। रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव भवावला निवासी लायक सिंह का मकान गांव के बाहरी छोर पर जंगल के पास स्थित है। गुरुवार की देर रात घर में सो रहा लायक सिंह पेशाब के लिए जैसे ही घर के बाहर रास्ते पर पहुंचा तो अचानक से जंगल से निकलकर गीदड़ ने लायक सिंह पर हमला कर दिया। जिससे लायक सिंह की चीख निकल गई। चीख पुकार को सुनकर पड़ोसी जमुना सिंह लायक सिंह को बचाने पहुंचा, लेकिन गीदड़ ने हमला कर जमुना सिंह को भी घायल कर दिया। लायक सिंह व जमुना सिंह के शोर को मुहल्ला के लोग इकट्ठा हो गए और लाठी डंडे दिखाकर गीदड़ को भगाया। वहीं ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव राजीखेड़ा निवासी हनीफ खेत में धान पौध की रोपाई कर रहा था। अचानक से गीदड़ ने हमला कर हनीफ को घायल कर दिया। जिसके बाद हनीफ ने जिला अस्पताल पहुंचकर उपचार कराया।

### पुलिस से छुड़ाया गया गैंगस्टर का आरोपी गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार** : हयातनगर थाना क्षेत्र में एक सप्ताह पहले पकड़कर लाते समय पुलिस पर हमला कर छुड़ाये गये गैंगस्टर के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर धतरा निवासी गैंगस्टर के आरोपी रिहान गुरुवार की रात दो बजे संभल गवां मार्ग पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। रिहान पर गाजियाबाद जिले के थाना मोदीनगर क्षेत्र के गांव औरंगाबाद गदाना निवासी गैंग लीडर विकास शर्मा उर्फ गौरी व अन्य साथियों के साथ मिलकर बुलंदशहर जिले में चोरी, डकैती व लूटपाट कर अवैध धन अर्जित करने के आरोप हैं रहा। बीते गुरुवार की रात दबिश देकर औरंगाबाद व हयातनगर थाना पुलिस रिहान को पकड़कर थाने लेकर आ रही थी। उसी समय परिजनों की भीड़ ने पुलिस के साथ धक्का-मुक्की करते हुए लाठी डंडों से हमला व पथराव कर रिहान को छुड़ा लिया था। इस मामले में पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर 31 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।

### 22 से नेशनल हाईवे पर भारी वाहनों का संचालन बंद

**गुन्नौर, अमृत विचार** : पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने की तैयारी शुरू कर दी है। कोतवाली में बिजली, पीडब्ल्यूडी, ग्राम्य विकास, नगर पंचायत, पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें रूट डायवर्जन, विद्युत पोल कवर करने, सड़क पर गड्ढे भरने और बैरिकेडिंग आदि मुद्दों पर विमर्श करते हुए कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न कराने की रणनीति तय बनाई गई। एसडीएम रमेश बाबू और सीओ डॉ. गणेश गुप्ता की मौजूदगी में कोतवाली में हुई बैठक में तय हुआ कि 22 जुलाई से नेशनल हाईवे पर भारी वाहनों का संचालन बंद कर दिया जाएगा। 25 जुलाई से इस हाईवे पर एक लेन में कांवड़ यात्री चलेंगे लेकिन दूसरी लेन में एक निश्चित गति पर ही हल्के वाहनों का संचालन होगा। बैठक में तय हुआ कि 27 जुलाई से कांवड़ मार्ग पर हल्के भारी वाहनों का संचालन दोनों लेन में पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। अत्यावश्यक सेवाओं में प्रयोग होने वाले वाहन चलते रहेंगे। कांवड़ यात्रा के दौरान व्यवस्थाओं का रोडमैप तैयार करने पर चर्चा हुई। बैठक में कई विभागों के अधिकारी रहे।

### विकासखंड असमोली का किया निरीक्षण

**मनोटा, अमृत विचार** : शुक्रवार को डीएम राजेंद्र पेंसिया ने ब्लाक कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विकासखंड परिसर में साफ सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पुराने जर्जर भवन को लेकर कहा कि इसके ध्वस्तीकरण की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। डीएम ने डॉ. भीमराव राव अंबेडकर ग्राम पंचायत पुस्तकालय असमोली का भी निरीक्षण किया। जिसमें जिलाधिकारी ने साफ सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्र एवं छात्राओं को अलग-अलग बैठाया जाए तथा परिसर में प्लास्टिक का प्रयोग किसी भी दिशा में न हो। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी संभल विनय कुमार मिश्रा, विकासखंड अधिकारी अजीत सिंह आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुआवजे को लेकर मजदूर के परिजनों ने धरना-प्रदर्शन किया

**संवाददाता, संभल/कैलादेवी**

- **मृतक मजदूर के परिवार को नहीं मिली आर्थिक मदद**
- **गंगा एक्सप्रेस वे पर कार्यरत कंपनी ने किया था वादा**

**अमृत विचार**: कैलादेवी थाना क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेस वे पर कार्यरत कंपनी की ओर से मृतक मजदूर के परिवार को आर्थिक मदद नहीं देने से गुस्साए मजदूर के परिजन धरने पर बैठ गए। मौके पर पहुंचे कंपनी के कर्मचारियों ने मंगलवार तक आर्थिक मदद देने का वादा किया। मृतक मजदूर के परिजनों ने फोन पर एसडीएम से बात करने के बाद धरना समाप्त कर दिया। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव करेली निवासी राजेंद्र के 20 वर्षीय बेटे राजकुमार की कैलादेवी थाना क्षेत्र में गांव खिरनी के पास बन रहे गंगा एक्सप्रेस वे पर 29 जून को करंट लगने से मौत हो गई थी। जिसके बाद कार्यरत कंपनी सीडीएस के अधिकारियों ने आर्थिक मदद देने का वादा किया था। राजकुमार की मौत के एक सप्ताह बीतने के बाद भी कंपनी की ओर से परिजनों को आर्थिक मदद नहीं मिली। इस बात से गुस्साए परिजन शुक्रवार को गंगा एक्सप्रेस वे पर पहुंचे और आर्थिक मदद की मांग करते हुए सीडीएस इंफ्रा प्लांट परिसर में प्रदर्शन करते हुए धरने पर बैठ गए। प्रदर्शन व धरने पर बैठने की सूचना मिलने पर इंफ्रा प्लांट के एचआर के मधुकर व पुलिस मौके पर आ गई। एसडीएम संभल विनय कुमार से फोन पर आश्वासन मिलने के बाद राजकुमार के परिजनों ने धरना समाप्त कर दिया। इस दौरान सुरेश, लक्ष्मी, अजय पाल, ब्रह्मपाल, कस्तूरी देवी, राजवती, कपूरी, भूरी, नन्हें, राहुल, उमेश, रामबहादुर आदि मौजूद रहे।

# जहरीले पदार्थ के सेवन से ग्रामीण की मौत

**संभल/मनोटा, अमृत विचार**: ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र में पुत्रवधू से विवाद के बाद जहरीला पदार्थ खाने वाले ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के गांव मुरथला निवासी शीशपाल 55 वर्ष का पुत्रवधू नीरज पत्नी बृजेश से गुरुवार को विवाद इतना बढ़ गया कि क्षुब्ध होकर शीशपाल पड़ोसी गांव भटपुरा निवासी नरेश शर्मा के खेत पर पहुंचकर पेड़ से बांधकर रस्सी के फंदे पर लटक गया। शोर सुनकर खेतों में काम कर रहे लोगों ने शीशपाल को बचाया। जिसके बाद शीशपाल ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ी तो मुरादाबाद रेफर किया गया। मुरादाबाद अस्पताल में शीशपाल की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शीशपाल का शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने बताया कि शीशपाल के बेटे बृजेश की मौत हो चुकी है।

# सड़क किनारे खड़े 30 ट्रकों का चालान

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार** : संभल-मुरादाबाद मार्ग पर सड़क किनारे खड़े ट्रकों पर कार्रवाई के लिए अधिकारियों ने कदम बढ़ाए हैं। एसडीएम के साथ पहुंचे एआरटीओ प्रवर्तन और टीएसआई ने संयुक्त रूप से 30 ट्रकों के चालान किए। संचालकों को ट्रकों को सड़क किनारे नहीं खड़े करने की हिदायत दी। चालान की कार्रवाई से संचालकों में खलबली मची रही।



सड़क किनारे खड़े ट्रकों पर कार्रवाई करते एसडीएम, एआरटीओ व यातायात प्रभारी।

- **संभल में मुरादाबाद मार्ग पर प्रशासन, परिवहन विभाग और यातायात पुलिस ने की कार्रवाई**
- **ट्रकों के चालान कार्रवाई से संचालकों में मची खलबली**

संभल-मुरादाबाद मार्ग पर अमूमन रोजाना की सड़क किनारे ट्रकों के खड़े रहने के नजारे दिख जाते हैं। फिर भी काफी समय से ट्रकों पर कार्रवाई नहीं हो सकी थी। इस बीच शुक्रवार को एसडीएम विनय कुमार मिश्र, एआरटीओ प्रवर्तन जेपी गुप्ता, टीएसआई अनुज मलिक मौके पर पहुंचे और ट्रकों के सड़क किनारे खड़े किए जाने को लेकर कार्रवाई शुरू कराई। अधिकारियों ने ट्रकों के चालान किए और संचालकों से कहा कि आगे से ट्रकों को सड़क किनारे खड़ा न किया जाए। टीएसआई ने बताया कि 15 ट्रकों के चालान किए गए। जबकि एआरटीओ प्रवर्तन के अनुसार, 15 ट्रकों के चालान की कार्रवाई की गई। एआरटीओ प्रवर्तन ने कहा कि अगर आगे से सड़क के किनारे ट्रक खड़े किए गए तो फिर से कार्रवाई की जाएगी। बताते चलें कि संभल में ट्रांसपोर्ट नगर के नहीं होने की वजह से ट्रकों और अन्य वाहनों को सड़क के किनारे खड़ा किया जाता है। पिछले दिनों प्रशासन और परिवहन विभाग ने ट्रांसपोर्ट नगर स्थापित कराने की कवायद शुरू की थी।

# बेटे व पुत्रवधू पर लगाया मारपीट करने का आरोप

**संभल, अमृत विचार**: नखासा थाना क्षेत्र के गांव मन्नीखेड़ा निवासी जगराम की पत्नी प्रेमवती ने शुक्रवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। प्रेमवती ने आरोप लगाते हुए बताया कि बेटा सोनू शराब पीकर 19 वर्षीय अपनी बहन व मेरे साथ आए दिन मारपीट करता है। एक माह पहले भी सोनू ने गाली गलौज करते हुए मां प्रेमवती व बहन को घर से निकाल दिया था। तभी से प्रेमवती बेटी सहित अपने मायके में रह रही थी। शुक्रवार को प्रेमवती बेटी के साथ ससुराल में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने आई थी। देखा तो सोनू ने ताला तोड़कर प्रेमवती के कमरे में रखा अनाज व एक पशु को बेचकर भैंस पर कब्जा कर लिया। इस बात का विरोध किया तो सोनू ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर मां व बहन के साथ मारपीट की।

**आयोजन** | छह इंडिकेटर्स को संतृप्त कराएं विभागीय अधिकारी

# अपने हुनर से स्वयं सहायता समूह को आगे बढ़ाएं महिलाएं

**कार्यालय संवाददाता, संभल/मनोटा**

**अमृत विचार** : नीति आयोग भारत सरकार द्वारा चयनित विकासखंड असमोली में संपूर्णता अभियान के अंतर्गत चिन्हित छह इंडिकेटर्स को संतृप्त किए जाने के उद्देश्य से आयोजित हुए उत्सव में शासन की मंशा अनुरूप काम करने की बात कही गई। इंडिकेटर्स को संतृप्त करने के बारे में बताया गया।

असमोली के गौरी गार्डन बैंकट हॉल में जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में आयोजित हुए संपूर्णता अभियान उत्सव में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव, जिलाध्यक्ष भाजपा हरेंद्र सिंह रिंकू, ब्लाक प्रमुख असमोली आदि रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि मिट्टी का परीक्षण करते हुए किसान भूमि से अच्छा उत्पादन कर सकते हैं। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को हाथ के हुनर से समूह को आगे बढ़ाने की बात कही। जिलाधिकारी ने कहा कि तीन महीने में छह इंडिकेटर्स को शत प्रतिशत संतृप्तिकरण की ओर लेकर जाना है। तीन इंडिकेटर्स स्वास्थ्य विभाग के हैं। विभाग के अधिकारी प्रगति की जानकारी समय-समय पर देंगे। कहा कि स्वयं सहायता समूह जब आगे बढ़ता है तो उसके साथ परिवार एवं पूरा गांव भी आर्थिक रूप से आगे बढ़ता है। अधिकारियों को इंडिकेटर्स का संतृप्तिकरण करने के निर्देश दिए। सीडीपीओ रचना यादव, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह ने भी विचार रखे। विभिन्न विभागों की योजनाओं से संबंधित स्टालों का भी निरीक्षण किया गया।

इस दौरान भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, सीएमओ डॉ.तरन्नुम रजा, एसडीएम विनय कुमार मिश्र, जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, बीडीओ अजीत सिंह आदि रहे।



असमोली में शपथ दिलाती जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव। ● अमृत विचार

# गांव के मुख्य मार्ग पर जलभराव को लेकर भड़के ग्रामीण, प्रदर्शन

**संभल/ओबरी अमृत विचार** : विकास खंड असमोली की ग्राम पंचायत मतावली पट्टी जग्गू के मझरा मतावली पट्टी परशुराम उर्फ नया गांव का मुख्य संपर्क मार्ग बरसात के कारण जलमग्न हो गया। जिस कारण छात्र छात्राओं और ग्रामीणों को रास्ते से निकलने में दिक्कत हो रही है।

पूर्व में ग्रामीणों ने कई बार ब्लॉक के अधिकारियों से भी कच्चे मार्ग को दुरुस्त कराने की मांग उठाई लेकिन ध्यान नहीं दिया। अब फिर से ग्रामीण दुश्वारियों से जूझ रहे हैं। शुक्रवार को ग्रामीणों ने असमोली बीडीओ और ग्राम प्रधान के खिलाफ प्रदर्शन किया।

मार्ग को दुरुस्त कराने की मांग उठाई। इस दौरान इशाकत हुसैन, रिहासत अली, राशिद हुसैन, आबिद हुसैन, रामबाबू, हरकेश, उमेश कुमार, नन्हें सिंह, सुरेश कुमार आदि रहे।



पैदल मार्च के दौरान बाइक चेक कराते सीओ अनुज कुमार चौधरी। ● अमृत विचार

# पैदल मार्च कर दी हिदायत दो दर्जन बाइकों का चालान

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार** : सदर कोतवाली क्षेत्र में मोहर्रम को शांतिपूर्वक कराने के लिए सीओ ने पुलिस के साथ पैदल मार्च किया। दुकानदारों को सामान दुकान के अंदर रखने की हिदायत दी।

शुक्रवार को शाम सीओ अनुज कुमार चौधरी ने पुलिस बल के साथ कोतवाली से पैदल मार्च किया। सीओ ने दुकानदारों को सामान को दुकानों के अंदर रखने की हिदायत दी। मार्ग से गुजर रही बाइकों को रोककर चेकिंग और कार्रवाई कराई। शंकर इंटर कॉलेज चौराहा पर भी काफी देर तक चेकिंग अभियान चला। यहां बुलेट बाइक का मोडिफाइड साइलेंसर लगाने पर चालान किया।

अभियान में करीब दो दर्जन से अधिक बाइकों के चालान की कार्रवाई हुई। इस बीच लोगों को भी सुरक्षा का संदेश दिया गया। इस दौरान कोतवाल पवन कुमार और पुलिस बल रहा।

## एक नजर

### बैंक रोड पर ऑफिस में घुसा सांड, सहमे लोग

**चन्दौसी, अमृत विचार :** शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक छुट्टा गोवंशीय पशुओं की तादात लगातार बढ़ती जा रही है। जहां एक ओर सांड़ लोगों पर हमलावर हो रहे हैं। वहीं आए दिन सड़क पर आपस में झगड़ते हुए सड़क जाम कर रहे हैं। गुरुवार की शाम एक सांड़ घंटाघर स्थित बैंक रोड पर गुंजन अग्रवाल व शोभित अग्रवाल के ऑफिस में घुस गया। गनीमत रही ऑफिस में बैठे लोगों की सांड़ पर पहले ही नजर पड़ गई। जिससे सभी कमरों के दरवाजे बंद कर लिए गए। लोग सहम गए। सांड़ काफी देर बाद ऑफिस से बाहर आया तो लोगों ने राहत की सांस ली।

### तेल भरी कड़ाही में गिरी गेंद, दुकानदार झुलसा

**संभल/सरायतरीन अमृत विचार :** सरायतरीन के मुहल्ला कौजड़ान निवासी अशरफ दुकान पर पूरी बेचता है। शुक्रवार को शाम पड़ोसी के मकान की छत पर बच्चे गेंद से खेल रहे थे। अचानक गेंद अशरफ की दुकान में रखी तेल से भरी कड़ाही में गिर गई। तेल उछलने पर अशरफ झुलस गया। जिसके बाद परिजन झुलसे अशरफ को लेकर तहरीर देने के लिए पुलिस चौकी पहुंचे। हालांकि मामले में समझौते के प्रयास शुरू हो गए।


भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में शामिल मुख्य सिंहासन। ● अमृत विचार


रथयात्रा में नृत्य करते इस्कॉन के कलाकार। ● अमृत विचार

# धूमधाम से निकाली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

## रथ खींच कर श्रद्धालुओं ने पाया पुण्य लाभ, जगह-जगह लोगों ने किया स्वागत, राज्यमंत्री ने किया शुभारंभ

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- रथयात्रा में स्वचालित झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं
- वृंदावन से आए इस्कॉन के कलाकारों ने भजन सुनाकर लोगों को मंत्रमुग्ध किया

**अमृत विचार:** रोटरी क्लब रॉयल्स की ओर से श्री रघुनाथ आश्रम से भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली गई। भगवान जगन्नाथ का श्रंगार देश भर से मंगाए गए फूलों से किया गया। इससे झांकी मनमोहक नजर आ रही थी। रथयात्रा का श्रद्धालुओं ने जगह-जगह स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने रथ खींचकर पुण्य लाभ कमाया।

यात्रा का शुभारंभ राज्यमंत्री गुलाब देवी ने मुख्य रथ पर भगवान जगन्नाथ की आरती करके किया। वहीं वृंदावन से आए इस्कॉन के कलाकारों ने भजन सुनाकर रथयात्रा में शामिल लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

रथयात्रा में स्वचालित झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई थीं। वहीं डीजे व बैंड पर बज रही धार्मिक धुनों पर युवक नृत्य करते चल रहे थे। रथयात्रा में अपार जनसमूह मौजूद रहा। जगह-जगह भगवान जगन्नाथ की आरती व पुष्प वर्षा की गई।

श्री रघुनाथ मंदिर से आरंभ हुई रथयात्रा बिसौली गेट, पुरानी पैठ, बड़ा बाजार, घंटाघर, फड़याई बाजार, ब्रह्म बाजार, सीता रोड, मनिहार चौक होते हुए पुनः श्री रघुनाथ आश्रम पर जाकर संपन्न हुई।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव, ब्लाक प्रमुख सुगंधा सिंह, नगर पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय, बहजोई नगर पालिकाध्यक्ष राजेश शंकर राजू, अशोक गुप्ता, डीके शर्मा, हरी गुप्ता, दीपा खन्ना, नितिन अग्रवाल, पायल गौड़, सागर शर्मा, कपिल अग्रवाल, विवेक गर्ग, निखिल अग्रवाल, वाणी अग्रवाल, विक्रम, राहुल बिंदल, मोहित कुमार, विनय, नितिन अग्रवाल, पारस अग्रवाल, पारस गुप्ता, अपूर्व अग्रवाल, पराग बंसल, शलभ अग्रवाल, गौरव साहनी, सागर साहन, निमित, अतुल गेरा, डॉ. गौरव गुप्ता, सौरभ अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### गणेश मेला महोत्सव के लिए कार्यालय का उद्घाटन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर में श्री गणेश जन्मोत्सव पांच सितंबर से 25 सितंबर तक आस्था और श्रद्धा भाव के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। 20 दिवसीय भव्य मेला लगेगा। सात सितंबर को श्री गणेश चतुर्थी के दिन श्री गणेश मेला परिषद की ओर से स्वचलित झाकियों संग भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। रथयात्रा की तैयारियां जोर शोर से शुरू हो गई हैं। शुक्रवार को श्री गणेश मेला परिषद के सचिव हरिगोपाल वार्ष्णेय ने सीता रोड स्थित श्री गणेश मंदिर के सामने मेला कार्यालय का फीता काट कर आरंभ किया। मेला सचिव ने बताया कि अब कार्यालय से पत्राचार प्रारंभ होगा तथा कार्यक्रम संबन्ध में योजना तैयार की जाएगी। गणेश जन्मोत्सव व मेले को भव्य बनाने के लिए कार्य योजना बनाई जाएगी। रथयात्रा के लिए स्वचलित झाकियों के बनाने का कार्य आंरभ हो गया है। स्वयंसेवक रात दिन झाकियों को अंतिम रुप देने में जुटे हैं। उद्घाटन अवसर पर ललित किशोर गुप्ता, सुधीर गुप्ता, मनोज कुमार मीनू, डॉ. राजीव गुप्ता, प्रजीत लालू, शशिकांत गुप्ता, सत्येंद्र मामा, मुकेश ब्रेड वाले, संजय गुप्ता, अभिषेक, सुनील, प्रमोद गुप्ता, राजेश आदि रहे।


फार्म हाउस में मैंगो पार्टी का लुत्फ उठातीं सखी-सहेली की सदस्य।

### सखी-सहेली की सदस्यों ने मैंगो व पूल पार्टी का उठाया लुत्फ

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जायंट्स ग्रुप ऑफ चन्दौसी सखी सहेली की ओर से पुष्पा वर्मा के फार्म हाउस पर मैंगो व पूल पार्टी का आयोजन किया गया। सभी ग्रुप सदस्यों ने मनोरंजन के उद्देश्य से फार्म हाउस पर जाकर सभी सदस्यों ने जम कर धमाल किया। रसीले आमों का आनंद लिया तथा ट्यूबवेल पर पानी में स्विमिंग कर खूब मस्ती की। इस दौरान सभी सदस्यों ने अंत्याक्षरी खेली, वन मिनट गेम व तमोला गेम खेल का आनंद लिया। इस अवसर पर रीता बुदियाल, पुष्पा वर्मा, सीमा वर्मा, अंजू राजपूत, स्वाति सिंधी, मृदुला मांगलिक, राजेश्वरी श्रीवास्तव, दामिनी, सरस्वती, सारिका, हेमा, प्रिया अग्रवाल, रानी, लक्ष्य, परी आदि सदस्य उपस्थित रहीं।

### राष्ट्रीय लोक अदालत से पहले हुई प्री-ट्रायल बैठक

**चन्दौसी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 13 जुलाई को जिला न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को जनपद न्यायाधीश कमलेश कच्छल की अध्यक्षता में प्री-ट्रायल बैठक हुई। न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन (एसीजेएम) ने सिविल व फौजदारी के दो-दो वाद, न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन (एसीजेएम) ने दो-दो वाद, सिविल जज जूनियर डिवीजन दो वाद, न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दो वाद फौजदारी, न्यायिक मजिस्ट्रेट 11 वाद, ब्राह्य न्यायालय संभल के 22 वाद लगे। जिसमें दो वाद निस्तारित हुए। प्री-ट्रायल बैठक में पक्षकारों के बीच सुलह वार्ता कर मामलों को सुलह के आधार पर तय कराने का प्रयास किया गया। जिसमें वादकारियों के अधिवक्ताओं ने नियत मामलों में सुलह का आश्वासन दिया। इस अवसर पर आदित्य सिंह सिविल जज सीनियर डिवीजन (एसीजेएम) मनोज यादव सिविल जज सीनियर डिवीजन (एसीजेएम) तुषारिका सिंह अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आदि न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे।


मशीन से नाले की सफाई कराते अधिशासी अधिकारी मणि भूषण तिवारी।

### सफाई व्यवस्था व कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया

**संभल, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी ने नगर में नाला नाली की तली झाड़ सफाई के अलावा मोहर्रम पर जुलूस एवं सावन माह में कांवड़ियों के मार्गों का निरीक्षण किया। बेहतर साफ सफाई कराने के साथ ही सड़कों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी मणि भूषण तिवारी ने नगर में जलभराव वाले स्थान, नाले और नालियों की तली झाड़ सफाई एवं मोहर्रम पर जुलूस के मार्गों, सावन महीने को लेकर कांवड़ियों के मार्गों की साफ सफाई, पथ प्रकाश व्यवस्था को देखा। वार्ड चार मुरादाबाद मार्ग पर जेसीबी से नालों की सफाई होती मिली। सफाई निरीक्षक आसिफ अली को तली झाड़ सफाई कराने और सील्ट को तुरंत उठाकर चिन्हित स्थल पर डलवाने के निर्देश दिए। वार्ड 8, 25 और 31 सरायतरीन हयातनगर में सफाई व्यवस्था होती मिली। मोहर्रम पर जुलूस मार्गों, सावन माह में कांवड़ियों के मार्गों का निरीक्षण कर विशेष सफाई कराने के निर्देश दिए। निर्माण विभाग को मार्गों का निरीक्षण कर अगर गड्ढे हैं तो मरम्मत कराने के निर्देश दिए। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के दृष्टिगत जीएफसी के लिए तीन स्टार रेटिंग एवं ओडीएफ प्लस प्लस प्राप्त करने के लिए डीपीएम एवं सफाई निरीक्षक के साथ समीक्षा बैठक की। नेशनल लेवल पर अधिकतम अंक प्राप्त करने के लिए रणनीति बनाई। इस दौरान स्वास्थ्य लिपिक हरीश कुमार भी रहे।

### बंदरों की घुड़की से डरकर छत से गिरी महिला, मौत

**दबतरा (बदायूं), अमृत विचार :** झाड़ू लगाने छत पर गई महिला नीचे गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों के अनुसार बंदरों की घुड़की के चलते वह छत से नीचे गिरी थी। कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव अतरपुरा निवासी मीना मौर्य (37) पत्नी महेंद्र मौर्य एक जुलाई की सुबह लगभग 11 बजे बारिश के समय झाड़ू लगाने छत पर गई थीं। परिजनों के अनुसार छत पर बंदरों का झुंड आ गया। मीना मौर्य ने उन्हें भगाने की कोशिश की तो उन्हें घुड़की देने लगे। वह अपना बचाव करने पीछे हटीं लेकिन छत से नीचे जा गिरीं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजनों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये। हालत गंभीर होने पर उन्हें रेफर कर दिया गया। परिजनों ने उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान गुरुवार रात उन्होंने दम तोड़ दिया। इसके बाद से परिजनों में कोहराम मच गया। उनके बच्चे नीलेश, अनमोल, रामस्नेही का रो-रोकर बुरा हाल है। राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रशासन की सूचना पर पुलिस पहुंची और शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। परिजन शव लेकर गांव पहुंचे। पड़ोसी और रिश्तेदारों ने पीड़ित परिवार के घर जाकर सांत्वना दी। शनिवार को शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### छात्र का फंदे पर मिला शव

**बदायूं, अमृत विचार :** किराए पर कमरा लेकर बीए कर रहे छात्र का शव उसके कमरे में फंदे पर लटका मिला। वह बरेली के कॉलेज से बीए कर रहा था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। उसहैत थाना क्षेत्र के गांव भकरौली निवासी कौशल शाक्य (19) पुत्र भीमसेन शहर में कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के मोहल्ला जवाहरपुरी में पुलिस चौकी के पीछे मीरा शर्मा के मकान में कमरा लेकर रहते थे। वह बरेली के एक कॉलेज से बीए दूसरे वर्ष की पढ़ाई कर रहे थे। साथ ही सेना की तैयारी में लगे थे। शुक्रवार सुबह देर तक कमरे से बाहर न आने पर मकान मालिक ने कमरे का दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई आवाज नहीं आई। शक होने पर मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने कमरा खोला तो उसका शव कुंडी पर फंदे पर लटका मिला। कमरे में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। छात्र के परिजनों को सूचना देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि बरेली के कॉलेज में गांव से आने-जाने से परेशानी के चलते उसने 21 दिन पहले शहर में किराए पर कमरा लिया था। बताया कि घर पर किसी भी प्रकार का विवाद नहीं हुआ। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया जिसमें हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई है। सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि छात्र की मौत हुई थी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# खेत में काम कर रही महिला की बिजली गिरने से मौत

संवाददाता, बहजोई

- पशुओं के लिए चारा लेने गई थी महिला, मौके पर ही गई जान

**अमृत विचार:** अपने खेत पर पशुओं को चारा लेने गई महिला बिजली गिरने से बुरी तरह से झुलस गई। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बहजोई के गांव बहापुर पट्टी निवासी महिला रुखसाना पत्नी तैयब उम्र 40 वर्ष अपने घर से गांव के बाहर स्थित खेत पर पशुओं को चारा लेने गई थी। जैसे ही वह अपने खेत पर चारा एकत्रित करने का काम कर रही थी तो कड़कड़ाकर महिला पर बिजली गिर गई। जिससे वह बुरी तरह से झुलस गई और खेत में ही गिर गई। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों ने जब यह देखा तो उनमें हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। उन्होंने इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने महिला को मृत पाया। परिजनों की सूचना पर बहजोई पुलिस पहुंच गई। जहां उन्होंने परिजनों से घटना के बारे में पूछताछ करते हुए मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाल योगेश कुमार यादव ने बताया कि महिला की मौत हुई है। उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## सभासद ने पत्र भेज कर मुख्यमंत्री से की शिकायत

**चन्दौसी, अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद के सभासद नवकांत ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेज समस्या के समाधान की मांग की है। उनका कहना है कि नगर पालिका परिषद में 42 पिछड़ा वर्ग के सफाई कर्मचारी है, जिनका मूल पद नगर पालिका में सफाई व्यवस्था देखने का है। लेकिन उक्त कर्मचारी अपने अधिकारियों से साठ-गांठ कर उन्हें अवैध लाभ प्राप्त कराकर अपने मूल पद सफाई कार्य नहीं कर रहे हैं। जिससे स्वच्छ भारत अभियान को भी प्रभावित कर रहे हैं। जिससे शहर के नाले कभी भी साफ नहीं हो पाते हैं। 42 सफाई कर्मचारी नगर पालिका से सफाई कार्य का ही वेतन प्राप्त करते हैं। लेकिन मूल पद सफाई कार्य नहीं करते। उन्होंने मामले में जांच कमेटी बनाकर ऐसे कर्मचारियों को दंडित करने की मांग की है।

# गंगा स्नान कर धार्मिक अनुष्ठान कराए

कार्यालय संवाददाता, संभल/बबराला


राजघाट गंगा तट पर स्नान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** आषाढ़ माह की अमावस्या पर संभल जिले के राजघाट समेत अन्य गंगा घाटों पर शुक्रवार को भोर से ही श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए उमड़े। मुरादाबाद, चंदौसी, बिसौली, बहजोई, इस्लामनगर आदि से आये श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पुरोहितों से पूजन कराया। श्रद्धालुओं ने हर हर गंगे के जयकारे लगाए। गंगा स्नान कर घाटों पर निर्धनों व साधु संतों को दान दक्षिणा दी गई। शाम तक गंगा स्नान का सिलसिला चलता रहा।

आषाढ़ी अमावस्या पर पतित पावनी गंगा में डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालुओं ने राजघाट, ईसमपुर डांडा, साधु मणि आदि गंगा तटों पर गंगा स्नान करने के बाद धार्मिक अनुष्ठान कराए। श्रद्धालुओं ने गंगा घाट स्थित मंदिरों पर दर्शन कर पूजा अर्चना की। मान्यता है कि धार्मिक अनुष्ठान से पितृ खुश होते हैं। घर में सुख शांति रहती है। आषाढ़ अमावस्या का दिन अपने आप में खास माना जाता है। यह दिन पितरों की पूजा के लिए समर्पित है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस तिथि पर लोगों ने पिंडदान, श्राद्ध कर्म, दान-पुण्य और गंगा स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस दिन दान-धर्म के कार्य किए जाने की परंपरा है। पुरातन परंपरा के अनुसार किसानों ने हल और खेती से संबंधित सभी उपकरणों की पूजा भी की।


बारिश के दौरान जलभराव से होकर गुजरती छात्राएं व लोग। ● अमृत विचार


गांव अकरौली में धान की रोपाई करते किसान। ● अमृत विचार

# धान रोपाई को खेतों पर डटे किसान, गांव में कीचड़ से परेशानी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर/कुढ़फतेहगढ़

**अमृत विचार:** शुक्रवार की सुबह से शाम चार बजे तक बारिश का सिलसिला चलता रहा। इसके बाद भी काली घटाओं से आसमान घिरा रहा। दिन भर हुई बारिश से जगह-जगह जलभराव होने परेशानी हुई।

शुक्रवार की सुबह नौ बजे से बारिश शुरू हो गई। शाम चार बजे तक कभी तेज तो कभी हल्की बारिश होती रही। बारिश के दौरान दोपहर के समय सड़कों पर जलभराव हो गया।

स्टेशन रोड, एवन टेलर वाली गली, संभल गेट, रामस्वरुप रोड समेत कई गलियों में पानी जमा हो गया। जिससे लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ा।

सड़कों से पानी उतरने के बाद सड़क के दोनों ओर कीचड़ पसर गई। उधर ग्रामीण अंचलों में कच्ची व खड़ंजों वाली सड़कों पर जलभराव होने से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं खेतों में पानी भरने से किसान धान की रोपाई को परिवार के साथ खेतों में पहुंच गए हैं।

### बारिश के कारण रोजगार मेला स्थगित

**चन्दौसी, अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में शुक्रवार को जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से रोजगार मेले का आयोजन होना था। मगर बारिश के चलते रोजगार मेला स्थगित कर दिया गया। जिला सेवायोजन अधिकारी आमिर जुबैर ने बताया कि शुक्रवार की सुबह से हो रही मूसलाधार बारिश के चलते कंपनियों के न आने के कारण रोजगार मेला स्थगित कर दिया गया। शीघ्र ही आगामी तिथि की घोषणा की जाएगी। अभ्यर्थी निराश न हो, आगामी होने वाले रोजगार मेले में अपना पंजीकरण कराने के बाद साक्षात्कार में उपस्थित हो।

# रिमझिम बारिश से लोगों को मिली राहत, बाजारों में रौनक

कार्यालय संवाददाता, संभल

- कई दिनों से बारिश होने के चलते लोग महसूस कर रहे सुकून

**अमृत विचार :** संभल में शुक्रवार को सुबह से दोपहर तक रुक रुक कर रिमझिम बारिश हुई तो लोगों ने राहत महसूस की। मौसम सुहाना होने पर बाजारों में रौनक नजर आई। शाम को भी लोग सुकून महसूस करते रहे।

कई दिनों से हो रही बारिश के चलते जहां लोगों को राहत मिल रही है, वहीं किसानों के चेहरे भी खिले हैं क्योंकि धान की फसल को फायदा हो रहा है। संभल में शुक्रवार को सुबह से ही रिमझिम बारिश होने लगी। लोगों ने खिले चेहरों के साथ कामकाज वाले स्थानों का रुख किया। आलम यह रहा कि दोपहर तक रिमझिम बारिश हुई तो लोग भी राहत महसूस करते रहे। दोपहर में हल्की धूप निकली मगर परेशानी नहीं हुई। शाम के वक्त भी आसमान में काले बादल छा गए और ठंडी हवा चली। ऐसे में लोगों ने खरीददारी का मन बनाया। संभल के मुख्य बाजार के अलावा हयातनगर और सरायतरीन के बाजारों में भी रौनक दिखी। कई दिनों के बाद लोगों का बाजारों में पहुंचना शुरू हुआ तो व्यापारी भी खुश नजर आए।

### बारिश के चलते पोल में उतरा करेंट, मवेशी की मौत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** शुक्रवार को सुबह से ही बारिश का सिलसिला चलता रहा। शाम करीब साढ़े छह बजे सीता रोड स्थित मनिहार चौक पर सड़क किनोर खड़े लोहे के पोल में में करेंट उतर आया। पोल की चपेट में आकर एक छुट्टा गाय की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग को फोन कर मामले की जानकारी दी।

# आधुनिक ढंग से खेती कर अपना जीवन स्तर उठाएं किसान :डीएम

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार:** कृषि विभाग के तत्वाधान में जनपद स्तरीय खरीद उत्पादक गोष्ठी एवं किसान मेला में प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया। वहीं अधिक पैदावार के लिए ने गुर बताए। डीएम ने योजनाओं का लाभ उठाते हुए अपना जीवन स्तर उठाने का आह्वान किया।

डीआर रिसोर्ट में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव, डीएम राजेंद्र पेंसिया व बनिया खेड़ा ब्लॉक प्रमुख सुगंधा सिंह ने फीता काटकर व मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद वैज्ञानिकों ने फसल से संबंधित प्रमुख रोगों के नियंत्रण के बारे में जानकारी दी गई। नई तकनीक से फसल उपजाने के बारे में बताया। प्रगतिशील किसानों को अतिथियों ने सम्मानित किया। किसानों को बाजरा किट का भी वितरण किया गया। डीएम ने कहा कि नई तकनीक को अपनाकर कृषि में आगे बढ़ा जा सकता है। किसानों को जैविक खेती अपनाने एवं कीटनाशकों से दूर रहने के लिए भी डीएम ने प्रेरित किया। डीएम ने फार्म रजिस्ट्री के विषय में भी जानकारी दी। इस दौरान भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर आनंद कटारिया, सीबीओ दिनेश चंद्र, उप कृषि निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी, जिला कृषि अधिकारी प्रमोद मिश्रा, भूमि संरक्षण अधिकारी ओंकार सिंह, जिला उद्यान अधिकारी सुघर सिंह, डीआईओ बृजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

कार्रवाई | सर्विलांस सेल ने कब्जे में लिया शिक्षिका का मोबाइल, कॉल डिटेल खंगालने में लगी

# शिक्षिका की मौत की पहेली सुलझाने में जुटी पुलिस

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- गुरुवार की शाम किराए के मकान में फंदे से लटका मिला था शिक्षिका का शव

**अमृत विचार:** शिक्षिका ने फंदे पर लटक आत्महत्या क्यों की अभी इसकी गुत्थी पुलिस सुलझा नहीं सकी है। जबकि परिजन भी शिक्षिका द्वारा उठाए गए आत्मघाती कदम से अचंभित हैं।

आत्महत्या का राज खोलने के लिए सर्विलांस टीम ने शिक्षिका के मोबाइल को कब्जे में लिया है। जिससे शिक्षिका के मोबाइल से आने वाली कॉल से शायद उसकी आत्महत्या का राज खुल सके। छोटे लाल कॉलोनी में एक मकान में किराए पर रहने वाली राम प्यारी आर्य कन्या इंटर कॉलेज में शिक्षिका रचना 32 वर्ष पुत्री शांति स्वरूप ने गुरुवार को पंखे पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। शिक्षिका मूल रूप से बुलंदशहर की रहने वाली थी। शिक्षिका ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया इसकी जानकारी पुलिस को नहीं हो सकी है। गुरुवार की देर रात पहुंचे परिजन भी शिक्षिका की आत्महत्या से परेशान हैं। पिता ने बताया कि 30 जून को पुत्री रचना चन्दौसी आई थी। जबकि घर में किसी ने भी रचना से कुछ नहीं कहा। सब कुछ सामान्य था। जबकि शिक्षिका के पड़ोस में रहने वाली साथी शिक्षिका शारदा को भी कुछ नहीं पता। मगर ऐसा क्या हुआ जिससे शिक्षिका ने अपनी जीवन लीला समाप्त करने का मन बना लिया।


रचना का फाइल फोटो।

घटना के दूसरे दिन भी पुलिस के हाथ खाली हैं। अब सर्विलांस टीम ने शिक्षिका का मोबाइल कब्जे में लिया है। मोबाइल कॉल डिटेल से ही शिक्षिका की आत्महत्या करने का राज खुलने की संभावना जताई जा रही है।

क्योंकि जब शिक्षिका का शव फंदे से लटका हुआ था, उस समय भी उसके मोबाइल पर चार से पांच कॉल आई थी। मगर पुलिस ने कॉल रिसीव नहीं की।

शुक्रवार की शाम पोस्टमार्टम के बाद परिजन शिक्षिका के शव को अपने घर ले गए।

### छोटी बहनों के भविष्य को लेकर चिंतित थी शिक्षिका

**चन्दौसी, अमृत विचार :** शिक्षिका रचना अपनी छोटी बहनों की शादी को लेकर चिंतित रहती थी। गुरुवार की रात घटना के बाद जब प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह ने साथी शिक्षिका शारदा से जानकारी की, तो उसने बताया कि वह अक्सर अपनी दो छोटी बहनों की शादी को लेकर चिंतित रहती थी। वह कहती थी कि पहले वह अपनी दो छोटी बहनों की शादी करेगी। उसके बाद ही अपनी जिंदगी के विषय में सोचेगी। जो शिक्षिका अपनी छोटी बहनों के भविष्य को लेकर चिंतित थी। वह आत्महत्या जैसा कदम कैसे उठा सकती है। इसके पीछे कोई बड़ा कारण ही रहा होगा।

## एक नजर

### महिला से दुष्कर्म के आरोप में चिकित्सक पर रिपोर्ट

**नगीना, अमृत विचार :** महिला से दुष्कर्म के मामले में तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति की 30 वर्षीय पत्नी बढ़ापुर थाना क्षेत्र में अपने मायके गई थी। बताया गया कि तीन जुलाई की रात्रि नौ बजे महिला पेट दर्द की शिकायत होने पर गांव में ही दूसरे समुदाय के एक चिकित्सक से दवा लेने गई थी। आरोप है कि चिकित्सक ने महिला के साथ दुष्कर्म किया। इस मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उधर, यह मामला प्रेम प्रसंग का भी बताया जा रहा है।

### सोलर पैनल की वायर व ट्रांसफार्मर चुरा ले गए चोर

**नहटौर, अमृत विचार :** गांव नवादा चौहान में चोर पानी की टंकी पर लगे सोलर पैनल की वायर व छोटा ट्रांसफार्मर चुराकर ले गए। गार्ड ने पुलिस से शिकायत की है। क्षेत्र के गांव नवादा चौहान में पानी टंकी स्थित है। गुरुवार रात्रि चोर पानी की टंकी के लिए लगे सोलर पैनल का केबल व गार्ड रूम का तला तोड़कर छोटा ट्रांसफार्मर चुराकर ले गए। राजीव ने पुलिस को तहरीर दी है।

# पुलिया टूटने से आवागमन अवरुद्ध, हादसे का खतरा बढ़ा

## पानी भरने से सड़क पर हुए गड्ढे, मरम्मत कराने की मांग की

संवाददाता, नगीना



क्षतिग्रस्त पुलिया।

**अमृत विचार :** कडुला नदी पर एक माह पहले 15 लाख रुपये की लागत से बनी पुलिया मौसम की पहली बारिश में ही टूट गई। मार्ग पर आवागमन अवरुद्ध होने से वाहन सवारों को हादसे का खतरा सता रहा है। लोगों की शिकायत के बाद भी जिम्मेदार उदासीन हैं।

नहटौर लिंक मार्ग को जोड़ने वाले ज्ञानपुर से पखनपुर मार्ग स्थित कडूला नदी पर पुलिया बनाई गई थी। पीडब्ल्यूडी एक माह पहले 15 लख रुपये की लागत से पुलिया का निर्माण कराया था। पीडब्ल्यूडी के जेई सुरेंद्र कुमार के देखरेख में यह निर्माण हुआ। यह मार्ग भुरापुर, बघला, कालूवाला, हुर्रानगला, नैनपुर, सराय, समित कई गांवों को जोड़ता है। पुलिया निर्माण से लोगों में खुशी की थी कि बरसात में परेशानी से छुटकारा मिलेगा। लेकिन मौसम की पहली मूसलाधार बारिश में पुलिया कई जगह से क्षतिग्रस्त हो गई। साथ ही जगह-जगह पानी भरने से सड़क पर गड्ढे हो गए। मार्ग से होकर आने जाने वाले ग्रामीण पुलिया और सड़क को क्षतिग्रस्त देखकर एकत्र हो गए। पीडब्ल्यूडी ने ग्रामीण की समस्या को देखते हुए एक माह पहले पुलिया का निर्माण कराया था। अब पुलिया और सड़क क्षतिग्रस्त है। शिकायतों के बाद अधिकारियों ने इसकी सुध नहीं ली। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल से क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत कराने की मांग की है।

### गागन नहर की पटरी के लिए बनीं दीवारें क्षतिग्रस्त

**नहटौर, अमृत विचार :** गांव गारवपुर में गागन नहर की पटरी के लिए बनाई गई दीवारें पहली ही बारिश में क्षतिग्रस्त हो गईं। सिंचाई खंड के अंतर्गत गागन नदी से निकलने वाली नहर के दोनों ओर पटरी व पुराने जर्जर पुलों का निर्माण स्वीकृत हुआ है। दो माह पहले ही गांव गारवपुर में नहर पर बैंक का निर्माण कराया जा रहा था। सिंचाई विभाग के जेई से घटिया सामाग्री लगाने की जानकारी दी थी। लेकिन कोई सुनवाई नही हुई। अब बारिश में दीवारें गिरने लगी हैं। दीवारों की ईंटें खींसकनी शुरू हो गईं। शिव शिव सेना के जिला महासचिव विनोद कुमार चौहान ने बताया कि निर्माण के समय ही जानकारी दी गई थी। मामले की जांच के बाद जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।



धरनास्थल पर मौजूद किसानों के साथ पालिका के चेयरमैन व सभासद।

# किसानों के धरने को पालिका अध्यक्ष ने दिया अपना समर्थन

संवाददाता, किरतपुर

**अमृत विचार :** नेशनल हाईवे-119 पर टोल टैक्स वसूलने के विरोध में किसान संगठनों का अनिश्चितकालीन धरना चौथे दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। एडीएम व एसडीएम ने धरना स्थल पर पहुंचकर किसानों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन किसान अपनी मांगों पर अड़े रहे।

शुक्रवार को भी गांव भनेड़ा में स्थित टोल टैक्स प्लाजा पर किसानों का धरना जारी रहा। एडीएम विनय कुमार और एसडीएम कुंवर राजबहादुर सिंह, सीओ देश दीपक सिंह ने किसानों से धरना समाप्त करने का अनुरोध किया। टोल पर पांच किलोमीटर के दायरे में पास बनाकर नागरिकों को छूट देने की बात कही। लेकिन किसानों ने इससे इनकार कर दिया। इस दौरान बाबूराम तोमर, देवदत्त शर्मा, मुनेंद्र सिंह, आदिल जैदी, विनोद कुमार। उधर, किरतपुर नगरपालिका के चेयरमैन अब्दुल मन्नान व सभासदों कैन्हैया राणा, अखिलेश कुमार, इस्लाम, नफीस, मंयक अग्रवाल, अंकुश जैन ने किसानों के धरने को समर्थन दिया।

## सार संक्षेप

### गुलदार ने घेर में बंधे पशु को बनाया निवाला

**किरतपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव मसनपुर बसेड़ा में शुक्रवार देर रात यामीन का कटरा घेर में बुग्गी से बंधा हुआ था। किसी समय गुलदार उसे अपना निवाला बना लिया। यामीन ने बताया कि उसका कटरा रोज वहीं बंधा रहता था। सुबह जब वह अपने पशुओं को देखने गया तो उसे कटरा मृत अवस्था में पड़ा मिला। गांव के ही नवाब मंसूरी व अन्य लोगों ने बताया कि यहां गुलदार पहले भी कई बार दिखाई दे चुका है। वन विभाग को घटना की जानकारी दी है। लोगों ने वन विभाग से पिंजरा लगवाने की मांग की है।

### बाइक और साइकिल की टक्कर में तीन घायल

**नहटौर, अमृत विचार :** कोतवाली देहात मार्ग पर आरा मशीन के पास बुलेट व साइकिल की टक्कर हो गई। हादसे में दो किशोर सहित तीन घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। दो की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। कोतवाली देहात मार्ग पर साइकिल सवार गांव सलेमपुर निवासी किशोर मनीष कुमार व लक्ष्य जा रहे थे। आरा मशीन के पास गांव बैरमाबाद गढ़ी की बुलेट से भिड़ंत हो गई। लक्ष्य व फरमान को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### ट्रक के नीचे घुसा बाइक सवार युवक, हालत गंभीर

**हल्दौर, अमृत विचार :** दवा लेकर घर लौट रहे युवक की बाइक ट्रक के नीचे घुस गई। हादसे में वह घायल हो गया। पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। गांव गांवड़ी पोटा निवासी टिंकू पुत्र रामौतार शुक्रवार शाम साढ़े सात बजे नहटौर मार्ग स्थित ग्राम मलपुरा से दवा लेकर घर लौट रहा था, जैसे ही उसने पैजनियां चौराहे से बिजनौर की ओर को बाइक घुमाई तो मुरादाबाद की ओर से आ रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। युवक बाइक समेत ट्रक के नीचे फंस गया। ट्रक चालक उसे 50 मीटर तक घसीटते ले गया। लोगों के शोर मचाने व पीछे भागने पर चालक ट्रक से कूदकर भाग गया। पैजनियां पुलिस ने राहगीरों की मदद से ट्रक के नीचे से घायल टिंकू को बाहर निकाला। हादसे की सूचना टिंकू के परिजनों को दे दी गई है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक व ट्रक को कब्जे में ले लिया है। युवक की हालत गंभीर है।



डीएम को ज्ञापन देती महिलाएं। ● अमृत विचार

### पश्चिम बंगाल में हुईं घटनाओं के विरोध में प्रदर्शन

**बिजनौर, अमृत विचार :** पश्चिम बंगाल में महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार के विरोध में शुक्रवार को महिलाओं ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल को गृहमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया। उन्होंने पश्चिम बंगाल में कई जगहों पर हुईं घटनाओं में शामिल लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। कहा कि वहां कानून का राज नहीं है। इस मौके पर मातृ मंडल सेवा भारती की शोभा शर्मा, हिंदू राष्ट्र सेना की प्रदेश प्रभारी भावना पंडित सविता देवी, सुमेधा गुप्ता, शशि शर्मा, सरिता बिश्नोई, नरेश वाला, गीता सारस्वत, प्रभा श्रीवास्तव, सुरेखा राणा, मंजू चौधरी, शशि कश्यप, गीता अग्रवाल आदि रहीं।

# समस्याओं का समाधान नहीं होने पर तालाबंदी की चेतावनी

संवाददाता, किरतपुर

● बैठक में ग्राम प्रधानों की समस्याओं पर हुई चर्चा

**अमृत विचार :** ब्लॉक कार्यालय में शुक्रवार को क्षेत्र के ग्राम प्रधानों के साथ बैठक की गई। इसमें प्रधानों की समस्याओं पर चर्चा हुई। इसके बाद जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को दिया गया। इसमें कहा कि ग्राम प्रधानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो शनिवार को ब्लॉक के समस्त ग्राम प्रधान ब्लॉक कार्यालय में तालाबंदी करेंगे। साथ ही ग्राम पंचायत के कार्य बंद करके ब्लॉक कार्यालेय पर धरने देंगे।

कहा कि ग्राम प्रधानों का विगत वर्षों का यात्रा भत्ता भुगतान किया जाए। मनरेगा के वित्तीय वर्ष 2021-22 के किए गए कार्यों से संबंधित बिल न उपलब्ध होने के चलते ग्राम प्रधानों को रिकवरी संबंधी नोटिस जारी किए गए हैं। जबकि पत्रावली सुरक्षित रखने का कार्य लोक सेवक का है और न ही मनरेगा का भुगतान प्रधान को डोंगल से किया जाता है। आदर्श ग्राम पंचायत में कार्य किस कार्यादारी संस्था से कराए जा रहे हैं। इस संबंध में ग्राम प्रधान को कोई जानकारी नहीं है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत किसी भी पंचायत में कार्य पूर्ण होने के कारण सड़क में गड्ढे छोड़े जा रहे हैं। विकास कार्यों से संबंधित कोई पत्रावली पंचायत घर में उपलब्ध नहीं है। ज्ञापन देने वालों में जिला संगठन मंत्री ग्राम प्रधान संगठन विकास राजपुत, ब्लॉक अध्यक्ष निरंजन कुमार, ग्राम प्रधान मोहम्मद अजमाईन, अनिल कुमार, जितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीण की मौत मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**अफजलगढ़, अमृत विचार :** गांव भिक्कावाला में मारपीट में घायल हरि सिंह की गुरुवार को हुई मौत के मामले में फरार चल रहे चार आरोपियों को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर किया। उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

गांव भिक्कावाला निवासी परमजीत कौर पत्नी हरि सिंह ने गांव कालागढ़ निवासी मक्खन सिंह, गोपी सिंह, गगनदीप सिंह, गुल्लू,गोरी, मधु पत्नी अर्जुन, धर्मवीरी ने घर में घुसकर उसके पति हरि सिंह व देवर सतनाम सिंह पर लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से हमला किया था। इसमें घायल हरि सिंह का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा था, लेकिन गुरुवार को हरि सिंह की मौत हो गई। पुलिस ने उधोवाला तिराहे से मक्खन सिंह उर्फ करनदीप सिंह, गोपी सिंह उर्फ गुरप्रीत सिंह, गगनदीप सिंह, धर्मवीरी को गिरफ्तार कर लिया है।

# पुलिस ने दो यूट्यूबरों का शांति भंग में किया चालान

संवाददाता, नहटौर

● नकली बंदूक के साथ गाना शूट करने पर आठ घंटे की पूछताछ

**अमृत विचार :** नकली बंदूक के साथ शूट करने वाले दो यूट्यूबरों को आठ घंटे की पूछताछ कर छोड़ देने के बाद दोनों को दोबारा से थाने बुलाकर शांतिभंग में चालान कर दिया। दोनों यूट्यूबरों की बंदूक भी थाने मंगाकर जांच की गई। पुलिस ने दोनों यूट्यूबरों से गाने शूट नहीं करने को कहा है।

मोहल्ला नौधा के आफताब आलम व मोहल्ला शेखान के सोनू उर्फ पुष्पा का एक यूट्यूब चैनल है। हजारों की संख्या में उनके फॉलोवर हैं। वे जिलेभर में हंसी मजाक के सीन शूट करते है। बताया जाता है कि गन के साथ गाना शूट करने को लेकर पुलिस ने पूछताछ के लिए उन्हें थाने बुलाया था। दोनों यूट्यूबरों के सबंध में किसी ने उच्चधिकारी को ट्वीट कर दिया था। पुलिस ने उन्हें थाने बुलाया था। आठ घंटे की पूछताछ के बाद दोनों यूट्यूबरों को छोड़ दिया था। दोनों को शुक्रवार को दोबारा से थाने बुलाया गया। उनसे लिखित में लिया गया कि आगे से इस तरह के सीन शूट नहीं करेंगे। दोनों यूट्यूबरों की गन भी थाने मंगाई गई। दोनों गन नकली थी। दोनों यूट्यूबरों का शांतिभंग में चालान कर दिया गया। यूट्यूबरों का कहना है कि वह केवल हंसी मजाक के सीन व गाने शूट करते हैं। किसी भी तरह से वह किसी को परेशान नहीं करते।

### युवक को पीटने के आरोपियों की गिरफ्तारी के दिए निर्देश

**नगीना, अमृत विचार:** गांव मुस्तफापुर भुरापुर निवासी मनोज कुमार के 20 वर्षीय पुत्र अंकुश पर 28 जून को कई युवकों ने नैनपुरा के जंगल के रास्ते में लोहे की रॉड से हमला किया था। इससे वह गंभीर घायल हो गया था। उस दौरान वह किसी कार्य से कोतवाली देहात जा रहा था। घायल युवक के पिता मनोज ने गांव कालूवाला निवासी आदित्य, गांव धर्मशाला नंगली निवासी मनवीर सिंह के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी थी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। अब घायल युवक के पिता व मां सर्वेश शुक्रवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी राकेश वशिष्ठ से मिले। उन्होंने नगीना पुलिस की शिकायत की। उन्होंने हमलावरों को गिरफ्तार करने की मांग की। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए नगीना पुलिस को नई टीम गठित करने के निर्देश दिए हैं।

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
प्रवेश प्रारम्भ
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

## रामपुर-अमरोहा

# कार की टक्कर से युवक की मौत, दो घायल

संवाददाता, स्वार (रामपुर)



क्षतिग्रस्त कार।

**अमृत विचार :** हवाई अड्डा रेस्टोरेंट घूमकर जा रहे बाइक सवारों को सामने से तेजगति से आ रही कार ने रौंद दिया। इसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।

नगर पंचायत नरपतनगर दूंदावाला ने कई जगह ऊंचे स्पीड ब्रेकर बना दिए हैं। इनसे आये दिन लोग चोटिल होते रहते हैं। इन स्पीड ब्रेकरों से कई लोगों की जान भी जा चुकी है। इसके बावजूद प्रशासन उदासीन है। गुरुवार की शाम उत्तराखंड के सुल्तानपुर पट्टी निवासी 18 वर्षीय वसीम, इमरान व उत्तराखंड के थाना गदरपुर निवासी सुहेल बाइक पर सवार होकर स्वार कोतवाली के गांव सड़क का मझरा स्थित हवाई अड्डा रेस्टोरेंट पर घूमने आए थे। वापस जाते समय उनकी बाइक ऊंचे स्पीड ब्रेकर पर उछल गई और उसका संतुलन बिगड़ गया। इस दौरान बाजपुर की ओर से तेजगति से आ रही कार ने बाइक को रौंद दिया। टक्कर लगने के बाद बाइक कार के नीचे फंस गई। बाइक चला रहे वसीम की मौके पर मौत हो गई जबकि पीछे बैठे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया और उनके परिजनों को जानकारी दी। चिकित्सकों ने घायलों की हालत नाजुक बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### पिता और तीन भाइयों के शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम

**स्वार ( रामपुर ), अमृत विचार :** पिता व तीन बेटों के शव एक साथ गांव पहुंचे तो परिजनों में कोहराम मच गया। उनका करुण क्रंदन सुन ग्रमीणों की आंखें भी नम हो गईं। शुक्रवार को पिता और तीनों बेटों के शव सुपुर्दे खाक कर दिए गए।

तहसील क्षेत्र के गांव मुकरमपुर निवासी 60 वर्षीय अशरफ अली अपनी पत्नी 56 वर्षीया जैतून बेगम के साथ 20 मई को हज करने के लिए सऊदी अरब गए थे। बुधवार को वह दिल्ली वापस आ गए थे। माता-पिता को लेने के लिए उनका 45 वर्षीय बेटा नक्शे अली, 38 बेटा वर्षीय आरिफ उर्फ महबूब अली, 20 वर्षीय बेटा इंतेकाफ अली और आसिफ अली व गांव के 30 वर्षीय एहसान अली की कार से उन्हें लेने दिल्ली गए थे। वापस आते समय रामपुर-मुरादाबाद हाईवे स्थित मूंढापांडे में उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई थी। तभी पीछे से आई रोडवेज बस ने कार को बुरी तरह रौंद दिया था।

### डंपर की चपेट में आने से युवती की जान गई

**टांडा (रामपुर), अमृत विचार :** नगर के मुख्य चौराहे के पास गुरुवार की देर रात डंपर ने स्कूटी सवार युवती को टक्कर मार दी। गंभीर रूप घायल युवती को सीएचसी ले जाया गया। चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन युवती को मुरादाबाद स्थित निजी अस्पताल ले गए, जहां रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों के कहने पर पंचनामा भरकर शव उन्हें सौंप दिया। युवती की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर डंपर को कब्जे में ले लिया है। नगर के मोहल्ला मोतीनगर निवासी मोहम्मद तारिक की 20 वर्षीया पुत्री इकरा गुरुवार की रात लगभग 10 बजे मोहल्ला भब्बलपुरी स्थित निजी अस्पताल में भर्ती अपनी रिश्तेदार मरीज के लिए खाना लेकर स्कूटी से जा रही थी। मुख्य चौराहे पर थाने के पास अचानक तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आकर वह गम्भीर रूप से घायल



हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई। इसके बाद युवती को सीएचसी ले जाया गया। सूचना पाकर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। डॉक्टरों ने युवती की हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां से उसे बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इस पर परिजन उसे मुरादाबाद ले गए। वहां रात में ही उपचार के दौरान युवती की मौत हो गई। परिजनों के कहने पर पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराए बिना ही युवती का शव उन्हें सौंप दिया। युवती की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। हादसे में जान गंवाने वाली इकरा चार बहनों में तीसरे नंबर की थी। वह स्वार में बुर्के सिलने का काम करती थी।

### अब डूंगरपुर मामले में सोमवार को होगी बहस

**रामपुर, अमृत विचार :** डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में शुक्रवार को बचाव पक्ष की बहस जारी रही। अब सोमवार को इस मामले में बचाव पक्ष की बहस होगी।

गंज थाना क्षेत्र की डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने को लेकर 2019 में पूर्व मंत्री आजम खां के खिलाफ कई मामले दर्ज हुए थे। यह सभी मामले बस्ती में रहने वाले लोगों की ओर से दर्ज कराए गए थे। इनमें घरों में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज, डकैती और आपराधिक षड्यंत्र रचने के आरोप लगे थे। इनमें आजम खां सहित कई लोगों को आरोपी बनाया गया था। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि शुक्रवार को बचाव पक्ष की बहस जारी रही। अब इस मामले में सोमवार को बहस होगी।

# कांवड़ियों को न हो कोई असुविधा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी और पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने कांवड़ यात्रा को लेकर मार्गों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने नौगांवा, धनौरा, गजरौला सहित सभी कांवड़ यात्रा मार्गों का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कांवड़ियों को कोई असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं पहले से ही पूरी कर ली जाएं।

शुक्रवार को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने अमरोहा से नौगांवा मार्ग, धनौरा क्षेत्र के अंतर्गत रसूलपुर पुलिस चौकी, फन्देड़ी, पत्थरकुटी चौराहा तथा इसके बाद धनौरा से कुमराला पुलिस चौकी, गजरौला से शहबाजपुर डोर रेलवे फाटक से होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए जोया तक ट्रैफिक व्यवस्था, साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने सीओ धनौरा को निर्देश दिए कि मार्ग में कहीं भी अतिक्रमण न हो, जो रोड के किनारे दुकानें हैं वह मार्ग से उचित दूरी पर लगें तथा शिविर के लिए स्थल उपयुक्त होना चाहिए। मार्ग से उचित दूरी पर शिविर लगें यह सुनिश्चित हो। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी धनौरा को निर्देश दिए कि जिन मंदिरों में जलाभिषेक होना है, वहां की व्यवस्था ठीक हो। श्रद्धालुओं को जलाभिषेक में कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए। इसके लिए आवश्यक व्यवस्था संबंधित अधिकारी से बात कर कर ली जाएं। जहां जहां बैरियर लगाने है, वहां पहले से ही उनको लगा दिया जाए। कंट्रोल रूम को भी सक्रिय कर दें। जिस स्थल पर ड्यूटी लगानी है उसको लगा दिया जाए। नेशनल हाईवे पर जहां पर भी जलभराव है, राजमार्ग क्षतिग्रस्त है उसको ठीक कराया जाए। इस दौरान अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व सुरेंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी धनौरा, सीओ धनौरा, अधीक्षण अभियंता विद्युत, लोनिवि व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### अंडरपास का काम कावंड़ यात्रा से पहले पूरा करें

**गजरौला, अमृत विचार :** शुक्रवार को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कावंड़ यात्रा के मार्ग का निरीक्षण किया। दोनों वरिष्ठ अधिकारी मंडी धनौरा मार्ग पर पहुंचे और वहां के मार्ग के बारे में लोगों से जानकारी की। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन से सुरक्षा के बारे में जानकारी की और निर्देश दिए। इसके बाद कांकाठेर में हाईवे पर बन रहे अंडरपास का काम कावंड़ यात्रा से पहले पूरा करने के निर्देश दिए। दोनों अधिकारियों ने बसेली फाटक समेत कई स्थानों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम चंद्रकांता व सीओ श्वेताभ भास्कर आदि मौजूद रहे।

### छेड़खानी में दोषी को तीन साल की सजा

**अमरोहा, अमृत विचार :** किशोरी से छेड़खानी के मामले में अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए तीन साल की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

घटना सैदनगली थाना क्षेत्र की वर्ष 2019 की है। यहां के कारोबारी की 13 वर्षीय बेटी घर के बाहर खेल रही थी। सैदनगली कस्बे में रहने वाले शाहनवाज ने किशोरी को पकड़ लिया था। आरोपी इससे पहले भी किशोरी से छेड़खानी करता था। मामले में कारोबारी ने आरोपी शाहनवाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट प्रथम डॉ. कपिला राघव की कोर्ट में चल रही थी। शुक्रवार को कोर्ट में केस की आखिरी सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर शाहनवाज को पॉक्सो एक्ट में दोषी करार दिया गया। उसे तीन साल की जेल की सजा सुनाई।

# महिला की उपचार के दौरान मौत, तहरीर दी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

● नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मोहम्मदी सराय का मामला

**अमृत विचार :** मारपीट के बाद घायल महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। मायके वालों ने शव अमरोहा लाकर पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मायके वालों ने मामले में महिला के पति समेत चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी है।

मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मोहम्मदी सराय का है। यहां के निवासी अतर सिंह ने बेटे जयपाल सिंह की शादी जून 2023 को संभल जिले के असमौली थाना क्षेत्र के गांव मवई निवासी प्रीतम सिंह की बहन उपासना के साथ की थी। लेकिन, शादी के बाद से उपासना को ससुराल में दहेज के नाम पर प्रताड़ित किया गया। 6 जून को भी उसके साथ मारपीट की गई। जिससे वह गंभीर घायल हो गई थी। सूचना पर अमरोहा पहुंचे मायके वालों ने मामले में पति जयपाल, सास जयवती, जेठानी निशा व ननद पूनम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बाद में घायल उपासना को उपचार के लिए ऋषिकेश के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस के मुताबिक गुरुवार रात उपासना की मौत हो गई। मायके वाले शव लेकर अमरोहा आए और सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मामले में मृतका के भाई प्रीतम सिंह ने तहरीर दे दी है। अब तहरीर व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई व जांच की जाएगी।

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
प्रवेश प्रारम्भ
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)







हाथरस हादसे के पीड़ितों से बात करते कांग्रेस नेता राहुल गांधी। हादसे के बारे में बताते हुए रोती युवती।

## पीड़ितों के परिवारों से मिले राहुल गांधी

**हापुड़/नयी दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में विपक्ष की नेता तथा पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी शुक्रवार सुबह उत्तर प्रदेश के हाथरस पहुंचे, जहां उन्होंने पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और राज्य सरकार से खुले दिल से पीड़ितों को अनुग्रह राशि देने की मांग की। राहुल ने पीड़ित परिवारों के लोगों से मिलकर बात की और भगदड़ के कारण तथा परिवारों की स्थिति के बारे में उनसे जानकारी ली। उन्होंने हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। राहुल गांधी ने कहा हाथरस हादसे के पीड़ित परिवारों से मिला। उन्हें ढांढस बंधाया और हिम्मत दी। कांग्रेस दुख की इस घड़ी में हाथरस के पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा पीड़ित परिवारों को सही मुआवजा मिलना चाहिए। ये लोग गरीब हैं। इनके मुश्किल वक्त में हम इनके साथ खड़े हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को खुले हृदय से इन लोगों की पूरी तरह से आर्थिक मदद करनी चाहिए। कहा कि यह राजनीतिक करने का वक्त नहीं है लेकिन यह तय है कि प्रशासन ने जिम्मेदारी से काम नहीं किया इसलिए गरीबों पर यह कहर बरपा है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों को जल्द आर्थिक सहायता मिलनी चाहिए और यदि इसमें देरी होती है तो इसका फायदा किसी को नहीं होगा।

## बाबा भागा नहीं है अपने आश्रम में है

**एटा, अमृत विचार:** हाथरस में मची भगदड़ में 121 मौतों के बाद से भोले बाबा सामने नहीं आया है। भोले बाबा के वकील एपी सिंह ने कहा कि बाबा इंडिया में ही अपने आश्रम पर हैं और पुलिस की जांच में सहयोग कर रहे हैं। कहीं भागे नहीं हैं। वह बहुत जल्दी सामने आएंगे।



● एटा मेडिकल कॉलेज में घायलों को देखने पहुंचे वकील एपी सिंह ने बाबा के बचाव में दी दलीलें

शुक्रवार को एटा के मेडिकल कॉलेज में हाथरस हादसे के घायलों को देखने पहुंचे वकील एपी सिंह ने कहा, पुलिस जब बाबा को बुलाएगी आ जाएंगे। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि पुलिस जैसा कह रही है, बाबा वैसा ही कर रहे हैं। बाबा कभी कहीं भागेंगे नहीं। उत्तर प्रदेश में ही हैं। एसआईटी की जांच पर बाबा को पूरा भरोसा है। वकील एपी सिंह ने कहा कि सत्संग की अनुमति में गुमराह नहीं किया था, किसी से चंदा नहीं लेना था। मानवता का कार्यक्रम था। अनुयायियों की संख्या इसलिए अधिक हो गई कि काफी समय से आयोजन नहीं हुआ था।

# कुछ को बाबा आज भी सही लग रहा तो कुछ को गलत

### हाथरस हादसे में 121 मौतों के बाद बाबा को लेकर उसके अनुयायियों की बात

आगरा, अमृत विचार : हाथरस के सिकंदराराऊ में साकार विश्व हरि भोले बाबा के सत्संग में हुई भगदड़ में 121 लोगों की मौत के मामले ने भले ही प्रदेश सरकार में खलबली पैदा कर दी हो लेकिन आज भी बाबा के अनुयायी उसके बारे में कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है। केदार नगर में बाबा के बंद मकान में शुक्रवार को भी महिलाएं पहुंचीं और घर के बाहरी हिस्से की अपनी साड़ी से सफाई की। कई लोग आज भी बाबा की गलती नहीं मान रहे तो कुछ अनुयायियों का कहना है कि हादसे में इतने लोगों को जान चली गई, बाबा को सामने आना चाहिए। बाबा तो परमात्मा हैं, परमात्मा अपने बच्चों को ऐसे हाल में नहीं छोड़ता।

#### बाबा के बारे में नहीं सुन सकते

एसएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती मलपुरा निवासी रजनी कहती हैं कि सत्संग का वो दिन आंखों के सामने से नहीं हट रहा, लेकिन अपने परमात्मा से गुस्सा होकर हम कहां जाएंगे। जो मंजूर था, वह हो गया। कहीं न कहीं हमारी गलती होगी, लेकिन बाबा के भागने के मामले में जब उनसे सवाल किया तो उन्होंने कहा कि बाबा तो बाबा हैं, वह कहीं भागेंगे नहीं। वहीं उनके रिश्तेदार अनिल कुमार का कहना है कि भोले बाबा के अनुयायी उनके बारे में कुछ नहीं सुन सकते हैं। जो उन्हें मानता है, वह मानता ही रहेगा। चाहे कुछ भी हो जाए।

#### विष्णु का अवतार हैं भोले बाबा

इरादतनगर के रहने वाले सुरेंद्र कुमार बताते हैं कि बाबा को लोग विष्णु भगवान का अवतार मानते हैं। इस मामले में बाबा की गलती केवल इतनी है कि हादसे के बाद उनके आयोजकों और सेवकों को भागना नहीं चाहिए। वहीं बाबा को तो अब सामने आना चाहिए। बाबा ने वकील के माध्यम से अपने विचार रखे। ऐसा तो अपराध करने वाले रखते हैं। बाबा को क्यों लगा कि उनके खिलाफ कार्रवाई हो सकती है, जब उनकी कोई गलती नहीं तो ऐसा क्यों किया गया।

#### पैर टूटा लेकिन आस्था नहीं

खासपुर, दयालबाग निवासी सुनीता देवी अपने गांव की कुछ महिलाओं के साथ सत्संग के लिए गई थीं। हादसे में उसका पैर टूट गया, लेकिन बाबा में उनकी आस्था नहीं टूटी। उनसे पूछा कि इतने बड़े हादसे में बाबा की गलती है। यह सुनते ही वह यकायक बोलीं, जामें बाबा की क्या गलती है। यह बाबा ने तो थोड़ी करा दिया। हादसा हो गया, नहीं होना चाहिए। काफी लोग मर गए। बाबा सब अच्छा करेंगे। वह ठीक होने के बाद दोबारा सत्संग में जाएंगी। उनका पैर टूट गया, शायद परमात्मा को यही मंजूर हो।

#### बाबा को सामने आना चाहिए

एत्मादपुर में रहने वाले मोहर सिंह का कहना है कि हादसे में उसकी पत्नी निहाल देवी की मौत हो गई है। उसने पत्नी से सत्संग में जाने को मना किया था, लेकिन गांव की कई महिलाएं साथ थीं तो उसने भेज दिया। आसपास के गांव की छह महिलाओं ने भी दम तोड़ दिया। हादसे में गलती तो है। इतने लोगों की मौत के बाद तो भोले बाबा को सामने आना चाहिए। हादसा हुआ या साजिश वह जांच का विषय है। वह तो लोगों के बीच भगवान बने हुए थे। लोगों का हमेशा भला सोचते थे तो आज मुसीबत में साथ क्यों छोड़कर चले गए। लोगों ने उनसे कहा था कि बाबा कोई परमात्मा नहीं है, लेकिन उन्होंने कभी नहीं सुनी। बाबा की बात को सुनकर लगता था कि वह ही भगवान हैं लेकिन आज इस समय को देखकर उनसे भरोसा उठ रहा है।

#### कुछ लोग ढोंगी भी बोलते हैं

भोले बाबा को कुछ लोग ढोंगी भी बोलते हैं। इस बात की जानकारी भी इस बार सत्संग में गए दयालबाग निवासी राकेश कुमार ने दी। राकेश कुमार ने बताया कि उन्होंने बाबा के बारे में काफी सुना था। उन्होंने अपने परिवार की कुछ समस्या को लेकर बाबा के पास जाना शुरू किया। बाबा के सत्संग में उनके उपदेश सुने। किसी तरीके से बाबा से मिलने की कोशिश की, लेकिन उनके सेवादारों ने मिलने नहीं दिया। वह उनके कासंगज के आश्रम तक गए, लेकिन तब भी नहीं मिल पाए। इस बार सत्संग में फिर उम्मीद की, लेकिन इस बार तो जिंदगी और मौत के बीच जंग देख ली। उनका बाबा से भरोसा उठ गया। बाबा ढोंग करते हैं और वह कोई चमत्कार नहीं कर पाते।'

## आसपास-उत्तराखंड

### एक नजर

#### स्थानांतरण के लिए आवेदन करने वाले चार शिक्षकों ने दिया जवाब

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में एकल स्थानांतरण के लिए आवेदन करने वाले चार शिक्षकों ने अपना जवाब दे दिया है। इसमें शिक्षकों ने स्थानांतरण के लिए रुपये मांगने या देने की बात से इन्कार किया है। तीन शिक्षक भी जल्द जवाब देंगे। इसके बाद समिति जांच रिपोर्ट प्राचार्य को सौंप देगी। वहीं दूसरी तरफ प्राचार्य ने जांच पूरी होने तक किसी तरह के स्थानांतरण पर रोक लगा रखी है। ऐसे में अब शिक्षकों का इस सत्र में स्थानांतरण होना मुश्किल है। बरेली कॉलेज के शिक्षक संघ ने प्राचार्य से शिकायत की थी कि कॉलेज में एकल स्थानांतरण के लिए शिक्षकों से प्राचार्य और प्रबंध समिति के सचिव के नाम से पैसे मांगने की जानकारी आई है।

#### परास्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा आज खत्म

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की सत्र 2023-24 की लगभग सभी परीक्षाएं शनिवार को समाप्त हो जाएंगी। शनिवार को एमएससी गणित के प्रश्नपत्र की परीक्षा है। शुक्रवार को भी एमएससी गणित की परीक्षा हुई। वहीं विश्वविद्यालय ने परिणाम भी जारी करने शुरू कर दिए हैं। विश्वविद्यालय की स्नातक और परास्नातक की वार्षिक परीक्षाएं सबसे पहले खत्म हुईं। इसके अलावा विधि समेत अन्य पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं भी खत्म हो गईं। स्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षाएं भी पहले ही खत्म हो चुकी हैं, सिर्फ परास्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षाएं सबसे बाद में 19 जून से शुरू हुई थीं जो 6 जुलाई को समाप्त हो जाएंगी।

#### एलएलबी, एलएलएम और एमएड प्रवेश परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एलएलबी, एलएलएम और एमएड प्रवेश परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा 11 जुलाई को दो पालियों में होगी। विश्वविद्यालय परिसर, बरेली कॉलेज और मुरादाबाद के केजीके और हिंदू कॉलेज में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा में पांच हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे, जिसमें एलएलबी में सबसे ज्यादा तीन हजार से अधिक अभ्यर्थी हैं।

## प्रभारी मंत्री के सामने खुला अफसरशाही में भ्रष्टाचार की शिकायतों का पुलंदा

### मंत्री बोले- दरोगा-सिपाही से सीओ तक की रिश्वतखोरी से खराब हो रही है सरकार की छवि

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● कई अफसरों को लगाई डांट, कई मामलों में दिया जांच का आदेश

**अमृत विचार :** प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह की समीक्षा बैठक शुक्रवार को पुलिस के खिलाफ भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी और विकास कराने वाले विभागों के खिलाफ बेपरवाही और घटिया गुणवत्ता के काम कराने की शिकायतों में ही निपट गई। प्रभारी मंत्री ने इन शिकायतों को गंभीरता से लिया। कहा, दरोगा-सिपाही से लेकर सीओ स्तर के अधिकारियों के खिलाफ रिश्वतखोरी के मामले सरकार की छवि खराब करने वाले है। उन्होंने लापरवाही के मामलों में कई अफसरों को कड़ी डांट लगाई। कुछ मामलों में जांच के भी आदेश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में जिले के जनप्रतिनिधियों ने अफसरशाही की जमकर परतें उधेड़ीं। सबसे ज्यादा मामले पुलिस के भ्रष्टाचार के गिनाए गए। बैठक में मौजूद विधायकों ने एक सुर में सिपाही, दरोगा, इंस्पेक्टर से लेकर सीओ स्तर तक के अधिकारियों के रिश्वतखोरी में लिप्त होने के मामले उजागर होने को शर्मनाक बताया। प्रभारी मंत्री ने इस स्थिति को सरकार की छवि खराब करने वाला बताते हुए चिंता जताई और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की गैरमौजूदगी में उनकी जगह पहुंचे पुलिस अधीक्षक नगर को ऐसे मामलों में सख्ती करने और रोक लगाने का निर्देश दिया।



बरेली में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करते प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह। ● अमृत विचार

विधायकों ने प्रभारी मंत्री को पिछले दिनों पीलीभीत बाईपास पर प्लॉट पर कब्जे के लिए हुई भीषण गोलीबारी की घटना के बारे में बताया। मंत्री ने पुलिस अधिकारियों से इस मामले में की गई कार्रवाई की जानकारी ली। शाही में लगातार महिलाओं की श्रृंखलाबद्ध हत्याओं का मामला भी उठा। इसके अलावा सड़क, बिजली, स्वास्थ्य और पुलों के मुद्दे पर भी जनप्रतिनिधियों ने अफसरों के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। कई अधिकारियों की कार्यशैली की शिकायत की। प्रभारी मंत्री ने कई अफसरों पर कड़ी नाराजगी जताई। बैठक में सांसद छत्रपाल गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक डॉ. एमपी आर्य, डॉ. राघवेंद्र शर्मा, संजीव अग्रवाल, आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह आदि रहे।

## पंत विवि के छात्रावास से बीटेक का छात्र लापता

**पंतनगर , अमृत विचार :** बीती 30 जून को जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर के सिल्वर जुबली छात्रावास से बीटेक तृतीय वर्ष का छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक लापता हो गया। इससे विवि प्रशासन सहित परिजनों में हड़कंप मच गया है। छात्र के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने छात्र की गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

मस्जिद कॉलोनी पंतनगर निवासी छट्टू गिरी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पौत्र शेखर गिरी पुत्र स्व. उमेश गिरी पंतनगर विवि में बीटेक मैकेनिक इंजीनियरिंग तृतीय वर्ष का छात्र है। बीती 30 जून को वह हमेशा की तरह स्कूटी संख्या यूके 06/बीसी 4295 से अपने मित्र से मिलने विवि के सिल्वर जुबली छात्रावास गया था। जहां से वह अचानक गायब हो गया है और उसकी स्कूटी मस्जिद कॉलोनी में एटीएम के बाहर खड़ी मिली है। उसी दिन शाम से उसका मोबाइल भी बंद है। पहली जुलाई को उसे लखनऊ के पास मल्हौर स्टेशन पर बाघ एक्सप्रेस में देखा गया है।

## दो साल बाद पुलिस ने दिहाड़ी मजदूर की हत्या का खोला राज

संवाददाता, काशीपुर

- रुपये के लेनदेन को लेकर की गई थी जगदीश उर्फ साधु की हत्या
- राज खोलने में पुलिस ने लिया पॉलीग्राफ टेस्ट का सहारा, आरोपी ने कबूला जुर्म

**अमृत विचार:** फॉरेन्सिक विधि विज्ञान की सहायता से दिहाड़ी मजदूर की हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने दो साल बाद गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया है। मामले में पुलिस ने घटना के दो वर्ष बाद सफल अनावरण पर मृतक के परिजनों व स्थानीय लोगों ने पुलिस की प्रशंसा की है।

शुक्रवार को थाना कुंडा में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि बीती 27 जुलाई 2022 को ग्राम गोपीपुरा पांडे कॉलोनी निवासी जगदीश उर्फ साधु का शव स्थानीय निवासी रमेश उर्फ पप्पू के धान लगे खेत की मेढ़ पर बरामद हुआ था। पुलिस ने इस मामले में मृतक की पत्नी दुर्गावती की तहरीर पर 22 मार्च 2023 को अभियोग पंजीकृत कर कुंडा थाना प्रभारी विक्रम सिंह राठौर के सुपुर्द हुई। एसएसपी ने बताया कि घटना को घटित हुए काफी समय होने के कारण थाना प्रभारी को टीम का गठन कर शीघ्र खुलासे को निर्देशित किया गया था। छानबीन में मृतक की पत्नी ने बताया कि घटना वाले दिन शाम 5 बजे रमेश उर्फ पप्पू ने उसे घर आकर बताया था कि उसके पति शराब पीकर पड़े हुए हैं तथा सिर पर चोट के निशान थे। उक्त मामले में घटना स्थल जंगल के किनारे खेत का होने तथा आसपास कोई साक्ष्य व गवाह नहीं मिलने पर फॉरेन्सिक विधि विज्ञान की सहायता लेकर संदिग्ध रमेश उर्फ पप्पू का पॉलीग्रॉफ टेस्ट भी कराया। इसमें आरोपी कई सवालों में झूठ बोलता पकड़ा गया। हालांकि अभी पॉलीग्राफ टेस्ट की रिपोर्ट पुलिस को प्राप्त नहीं हुई। उसके बाद पुलिस ने आरोपी को सवालो के घेरे में लेकर पूछताछ की। इसमें आरोपी टूट गया और उसने साधु की हत्या करने की बात स्वीकार कर ली।

## लगातार बारिश व भूस्खलन से कुमाऊं में दर्जनों सड़कें अवरुद्ध

संवाददाता, हल्द्वानी

- टनकपुर-तवाघाट हाईवे शुक्रवार को घंटो बाधित रहा
- मंडल के छह जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट

**अमृत विचार:** लगातार हो रही बारिश और भूस्खलन के चलते कुमाऊं भर में दर्जनों सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं। मलबा आ जाने से टनकपुर-तवाघाट हाईवे घंटों बाधित रहा। जिससे सैकड़ों वाहन हाईवे पर फंसे रहे। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक कुमाऊं में रेड अलर्ट घोषित है और भारी बारिश का अनुमान है।

बारिश और भूस्खलन से पहाड़ में यातायात बाधित हो रहा है। नैनीताल जिले में छोटी-बड़ी करीब दर्जन भर सड़कें भूस्खलन की वजह से बंद हो गई। अल्मोड़ा जिले में आठ सड़कें बाधित हुई थी। बाद में चार सड़कों को खुलवा दिया गया। पिथौरागढ़ जिले में स्वांला के पास पहाड़ी से भारी मात्रा में मलबा आ जाने से टनकपुर-तवाघाट हाईवे बाधित हो गया। इसके चलते तीन सौ से अधिक यात्री जाम में फंस गए। दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर टनकपुर के ककराली गेट पर चंपावत की तरफ जाने वाले वाहनों को रोक दिया। टनकपुर एसडीएम आकाश जोशी के नेतृत्व में प्रशासन की तरफ से हाईवे पर फंसे यात्रियों को खाने के पैकेट, पानी की बोतल समेत अन्य जरूरी सामान दिया गया।

इधर, मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार शनिवार को भी मंडल के सभी जिलों में भारी बारिश हो सकती है।

## रिश्वत केस में नायब नाजिर की जमानत अर्जी खारिज

**बरेली,अमृत विचार :** आवास आवंटन की पत्रावली की नकल देने के बदले में 24 सौ रुपये की रिश्वत लेने के आरोपी टांडा तहसील में तैनात रहे नायब नाजिर युनुस खां की जमानत अर्जी स्पेशल जज एंटी करप्शन कोर्ट सुरेश कुमार गुप्ता ने खारिज कर दी।

सरकारी वकील पंकज कुमार ने बताया कि राम सिंह ने कार्यालय भ्रष्टाचार निवारण संगठन मुरादाबाद इकाई में शिकायत की थी कि 6 अक्टूबर 2023 को पत्रावली की नकल के लिए तहसीलदार टांडा निवासी के समक्ष आवेदन किया था। नियमानुसार नकल देने के आदेश तहसीलदार ने किए। जब वह 1 जून को नकल लेने गए तो रामपुर की ताशका कॉलोनी निवासी और नायब नाजिर युनुस खां ने 24 सौ रुपये की रिश्वत मांगी। 11 जून को ट्रैप टीम ने आरोपी को तहसील स्थित कार्यालय से गिरफ्तार किया था।

## शुरुआत में ही हैंग होने लगे टैबलेट, परिषदीय शिक्षकों ने लगाया परेशान करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● बोले- मोबाइल से फोटो अपलोड करने का दबाव बना रहे हैं अधिकारी

**अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों को विभाग की ओर से टैबलेट मुहैया कराए गए हैं ताकि उनके आने-जाने के समय पर राज्य स्तर तक निगरानी रखी जा सके। इस महीने से ऑनलाइन सेल्फी के साथ उपस्थिति प्रक्रिया लागू कर दी गई। जिले के कुछ स्कूलों में हालांकि अभी यह प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है। जिन स्कूलों में शुरू हुई है वहां से टैबलेट हैंग होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इसको लेकर शिक्षकों में रोष का माहौल है। उन्होंने विभाग पर परेशान करने का आरोप लगाया है।

शिक्षकों का कहना है कि विभाग की ओर से दिया गया टैबलेट बहुत ही घटिया गुणवत्ता का एवं 4 जी पर आधारित है। सेल्फी के लिए 2 मेगा पिक्सल का फ्रंट कैमरा, 3 जीबी रैम और 32 जीबी रोम दी गई है। इसमें जरूरी एप के अलावा ऑनलाइन कार्यों के लिए विभाग की ओर से 24 से भी अधिक एप डाउनलोड कराए गए हैं।

शिक्षकों का कहना है कि तकनीकी खामी के चलते उपस्थिति के लिए प्रेरणा पोर्टल ज्यादातर खुलता ही नहीं। यदि खुलता भी है तो फोटो अपलोड करना बेहद चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है। आरोप है कि विभागीय अधिकारियों से इस समस्या के बारे में बताने पर वे शिक्षकों पर अपने मोबाइल से फोटो अपलोड करने का दबाव बना रहे हैं।

> टैबलेट में किसी तरह की कोई कमी नहीं है। यदि कहीं पर किसी तरह की तकनीकी परेशानी सामने आती है तो उसका निस्तारण कराया जाएगा। यदि जरूरत पड़ी तो शासन स्तर पर भी इसको लेकर बात की जाएगी।
>
> – संजय सिंह, बीएसए

#### पहले भी मोबाइल से कार्य करते रहे हैं

पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार शर्मा का कहना है कि शिक्षक तो पहले भी मोबाइल से अपने कार्य करते रहे हैं। टैबलेट के बावजूद शिक्षकों पर मोबाइल से सेल्फी अपलोड करने का दबाव बनाया रहा है। यानी अधिकारी भी यह जानते हैं कि इस टैबलेट से विभागीय कार्य पूरे नहीं किए जा सकते। सिर्फ शिक्षकों को परेशान करने के लिए नई योजना लागू की गई है।

## लालकुआं से हावड़ा के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

**बरेली, अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन ने लालकुआं से हावड़ा के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन पीलीभीत से मैलानी के रास्ते चलेगी और बरेली में भोजीपुरा स्टेशन पर इसका ठहराव होगा।

इज्जतनगर रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि 05060 लालकुआं-हावड़ा विशेष ट्रेन 11 से 25 जुलाई तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को लालकुआं से 13:35 बजे चलकर किच्छा से 13:57 बजे और भोजीपुरा से 15:10 बजे रवाना होगी। ट्रेन पीलीभीत, पूरनपुर, मैलानी के रास्ते जाएगी। वापसी यात्रा में 05059 हावड़ा-लालकुआं स्पेशल ट्रेन 12 से 26 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार को हावड़ा से 23:30 बजे चलकर तीसरे दिन भोजीपुरा से 12:05 बजे, किच्छा से 12.55 बजे रवाना होकर लालकुआं 13:55 बजे पहुंचेगी।

### कानपुर के हैलट अस्पताल में जन्मी बच्ची को छोड़कर भाग गए थे माता-पिता, चिकित्सकों ने दी जिंदगी

# लखनऊ गई हैलट की दुलारी, नम हुईं आंखें, रह गईं यादें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग से शुक्रवार को सबकी लाडो सिया लखनऊ चली गई। वह नौ माह में यहां सबकी आंख का तारा बन गई थी। हर किसी को नन्ही-सी बच्ची की मुस्कान देखने की आदत हो गई थी।

कोई डॉक्टर या स्टाफ उसे गोदी में खिलाता तो कोई उसे बाहर तक घुमा लाता था। शुक्रवार को नियमों के तहत बच्ची को लखनऊ राजकीय बाल गृह भेज दिया गया। इस दौरान बच्ची को रोता देख सबकी आंखें नम हो गईं, मानों वह खुद को अपने से दूर न करने की जिद कर रही हो।



बच्ची को दुलारते चिकित्सक।

हैलट के जच्चा-बच्चा अस्पताल में 19 सितंबर को रनियां निवासी पूनम ने एक प्यारी सी बेटी को जन्म दिया था। बच्ची प्री-मिच्योर थी तो डॉक्टरों ने उसे एनआईसीयू के वेंटीलेटर में भर्ती किया। तब बच्ची की हालत गंभीर थी। इस दौरान उसके माता-पिता बच्ची को अस्पताल में छोड़कर भाग गए। पुलिस ने अस्पताल में दर्ज कराए गए पते और नंबर पर संपर्क किया, लेकिन वह फर्जी निकले। इसके बाद एसएनसीयू में मौजूद डॉक्टरों व स्टाफ ने बच्ची को अपने घर का सदस्य समझ कर इलाज किया और जरूरत की सभी चीजें भी उपलब्ध कराईं। दो माह तक कड़ी मेहनत कर डॉक्टरों ने बच्ची का जीवन बचाया। इसके बाद एनआईसीयू से बच्ची को सिस्टर रूम में एक पालना रखकर उसमे शिफ्ट कर दिया गया। उसकी देखरेख विभाग के जूनियर डॉक्टर, नर्स व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने मिलकर की। फूल सी बच्ची को कोई राधा तो कोई लाडो कोई सिया तो कोई पूनमिया के नाम से दुलार से पुकारता। उसके रोने पर डॉक्टर व स्टाफ उसे बाहर घुमाकर भी लाते थे। नौ माह तक साथ रहने की वजह से बच्ची भी अस्पताल को अपना घर और स्टाफ राजकुमारी, इंदु, पूनम, कंचन, शबाना व अंजलि आदि को अपना परिजन समझने लगी थी। लेकिन शुक्रवार को बच्ची सबकी आंखें नम कर लखनऊ के राजकीय बाल गृह चली गई। अस्पताल से जाते वक्त वह रो रही थी, मानों जैसे उसका जाने का मन न हो।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो.संजय काला भी प्यारी सी बच्ची को गोद में लेने से अपने आप को रोक नहीं सके। हैलट अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह ने बच्ची को दुलार किया। इस दौरान बाल रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.अरुण कुमार आर्या, बाल रोग अस्पताल के सीएमएस डॉ.विनय कटियार , जूनियर डॉक्टर व स्टाफ आदि रहे।

### शबाना अपने हाथों से सिलती थी कपड़े

बाल रोग विभाग की चीफ सिस्टर राजकुमारी, इंदू, कंचन, पूनम और शबाना से बच्ची का लगाव काफी ज्यादा हो गया था, जिस वजह से बच्ची के जाने पर उनकी आंखों से आंसू निकल आए। शबाना ने बताया कि वह बच्ची के लिए आने हाथों से कपड़े सिलकर लाती थी। घर में कोई छोटा बच्चा नहीं है, इसलिए वह उसे अपनी बच्ची की तरह ही प्यार देती थी। कई लोंगों ने बच्ची को गोद लेने की इच्छा जाहिर की थी, लेकिन नियम व शर्तों की वजह से ऐसा नहीं हो सका।

## सार-संक्षेप

### सीएम का फर्जी प्रोटोकॉल अधिकारी भेजा गया जेल

**कानपुर, अमृत विचार :** चकेरी थानाक्षेत्र में मुख्यमंत्री का प्रोटोकाल अधिकारी बताकर सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को चकेरी पुलिस ने शुक्रवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की है। चकेरी के सनिगवां में शुभम गुप्ता, हर्ष गुप्ता, विजय सिंह भदौरिया, दीपक, सिमरन, आशीष समेत अन्य लोगों ने नौकरी के नाम पर ठगी करने का आरोप लगाकर शिकायत की थी। जिसके बाद पुलिस ने सनिगवां निवासी योगेंद्र शिवहरे को हिरासत में लिया था। पुलिस को आरोपी के घर से कई सरकारी विभागों के संदिग्ध दस्तावेज और मोहरें मिली थीं। आरोपी ने सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर कई लोगों से लाखों रुपये की ठगी की थी। पुलिस ने न्यू आजाद नगर निवासी सिमरन उर्फ सैफाली और सनिगवां निवासी आशीष अग्रहरि की तहरीर पर आरोपी योगेंद्र शिवहरे के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया था।

### मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के पदनाम बदले गए

**प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक अधिसूचना जारी कर 1 जुलाई से लागू हुई भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता ( बीएनएसएस), 2023 की धारा 6 के अनुपालन में उत्तर प्रदेश में तैनात मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट का पदनाम बदल दिया है। मजिस्ट्रेट अब न्यायिक अधिकारी कहलाएंगे। नए लागू कानून के अनुसार प्रदेश के मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट, अपर मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट, मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अब क्रमश: मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट और न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कहे जाएंगे। उक्त अधिसूचना महानिबंधक राजीव भारती की ओर से सभी जिला जजों को भेजी गई है और उन्हें निर्देश दिया गया है कि सभी मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट को न्यायिक अधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण करवाएं।

### आगरा : मस्जिद के सर्वेक्षण पर एएसआई से मांगा जवाब

**प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आगरा की जामा मस्जिद के सर्वेक्षण संबंधी याचिका पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ( एएसआई ) से जवाब मांगा है। कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले से जुड़े एक मुकदमे की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने बृहस्पतिवार को इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। यह मामला भगवान ठाकुर केशव जी, महाराज विराजमान कटरा केशव देव के नाम पर दायर किया गया है। वादकारी ने मस्जिद का सर्वेक्षण करने के मामले में अधिवक्ता आयुक्त की नियुक्ति की प्रार्थना भी की है। वादकारी ने याचिका में दावा किया है कि औरंगजेब ने 1670 में केशव देव का मंदिर ध्वस्त कर दिया था और उस प्रतिमा को आगरा में जामा मस्जिद के नीचे दफन कर दिया था। इससे पूर्व शाही मस्जिद ईदगाह की प्रबंधन समिति ने एक आवेदन कर अदालत से स्वयं को इस मुकदमे में प्रतिवादी बनाने का अनुरोध किया था और सुनवाई के दौरान इस आवेदन की एक प्रति वादकारी को उपलब्ध कराई गई। अदालत ने कहा कि वादकारी की ओर से एक आवेदन दिया गया है, जिसमें एएसआई सर्वेक्षण कराने का निर्देश देने और अधिवक्ता आयुक्त की नियुक्ति करने का अनुरोध किया गया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई आगामी 5 अगस्त सुनिश्चित की है।

### 12 कमरों के ताले तोड़ 700 फाइलें की जब्त

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय कोलकाता इकाई द्वारा सहारा इंडिया ग्रुप पर की जा रही कार्रवाई शुक्रवार को समाप्त हो गई। इस दौरान राजधानी के कपूरथला स्थित कार्यालय से 2.98 करोड़ रुपए बरामद किए गए, जबकि 700 के करीब फाइलें जब्त की गई है। इस दौरान 12 कमरों के ताले तोड़ने की भी सूचना है।सहारा इंडिया ग्रुप की ,हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी, के कोलकाता और लखनऊ स्थित छह ठिकानों पर बुधवार को छापा मारा गया था। इस दौरान 60 से अधिक अधिकारी कार्रवाई के लिए पहुंचे हुए थे। सहारा के अधिकारियों द्वारा दस्तावेज देने में आना-कानी करने पर ईडी टीम द्वारा 12 कमरों के ताले तोड़कर 700 फर्जी कंपनियों के दस्तावेज कब्जे में लिए गए। 12 पेन ड्राइव में डिजिटल डाटा, 20 हार्डडिस्क भी कब्जे में लिए गए।

# नीतिगत मामलों में नहीं दे सकते दखल: कोर्ट

### जाति-धर्म के बजाय आर्थिक आधार पर लाभकारी योजनाओं का लाभ देने की थी मांग

लखनऊ, विधि संवाददाता

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अपने एक निर्णय में कहा है कि वह ऐसा आदेश आदेश नहीं दे सकती कि केंद्र व राज्य सरकार एससी, एसटी, ओबीसी या अल्पसंख्यक होने के आधार पर नहीं बल्कि आर्थिक आधार पर लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दें। न्यायालय ने कहा कि यह नीतिगत मामला है और अदालत के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। न्यायालय ने आगे कहा कि यदि याची चाहें तो समस्त दस्तावेजों के साथ वे अपनी बात सरकार या फिर सांसद-विधायकों के समक्ष रख सकते हैं। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि कोर्ट के हाथ नीतिगत मामलों में बंधे होते हैं और यह क्षेत्राधिकार विधायिका अथवा कार्यपालिका को ही प्राप्त है।

यह निर्णय न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की पीठ ने सत्य नारायण शुक्ला व अन्य की ओर से वर्ष 2018 में दाखिल जनहित याचिका पर शुक्रवार को पारित किया। याचिका में मांग की गयी थी कि जाति या धर्म के आधार पर सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाना संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत प्रदत्त समानता के अधिकार का सरासर उल्लंघन है लिहाजा सम्बंधित सरकारों को आदेश दिया जाए कि मात्र आर्थिक आधार पर ही लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करें।



वहीं याचिका का विरोध करते हुए राज्य सरकार की ओर से दलील दी गई कि सरकार ने सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक आधार पर लोगों के लिए कई योजनाएं चलाई हैं। कहा गया कि जाति और धर्म के आधार पर पहले चलायी गयी समाजवादी पेंशन स्कीम को बंद कर दिया गया और वर्तमान में आय के आधार पर योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। कहा गया कि वर्तमान में राज्य सरकार जो भी लाभकारी योजनाएं चला रही है उनका लाभ जाति या धर्म के आधार पर नहीं दिया जा रहा है।

### अपहरण कांड में बबलू श्रीवास्तव व उसका भतीजा दोषमुक्त

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** प्रयागराज के सर्राफा कारोबारी पंकज महिंद्रा के अपहरण और 10 करोड़ रुपए फिरौती मांगने के मामले में बरेली जेल में निरुद्ध माफिया ओमप्रकाश श्रीवास्तव उर्फ बबलू श्रीवास्तव सहित दो आरोपियों को इलाहाबाद जिला न्यायालय ने बरी कर दिया है। शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान गैंगस्टर एक्ट के विशेष न्यायाधीश विनोद कुमार चौरसिया की कोर्ट में फैसले के समय 10 आरोपियों में से 9 आरोपी उपस्थित थे जबकि सुरक्षा कारणों से बबलू श्रीवास्तव को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जोड़ा गया था। माफिया बबलू श्रीवास्तव पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। अभी भी बबलू के अन्य आपराधिक मामले विचाराधीन हैं जिसके कारण वह जेल से बाहर नहीं आ पाएंगे। वर्तमान अपहरण कांड में माफिया के भांजे संकल्प श्रीवास्तव को भी कोर्ट ने बरी कर दिया है। मामले के अनुसार 5 सितंबर 2015 की रात दुकान बंद कर कार से घर जाते समय सर्राफा व्यवसायी का अपहरण कर लिया गया था। व्यवसायी पंकज महिंद्रा की जवाहर स्क्वायर कोतवाली क्षेत्र, प्रयागराज में सोने-चांदी के आभूषणों की दुकान हैं।

### सपा सांसद अफजाल अंसारी के मामले में फैसला सुरक्षित

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सपा सांसद अफजाल अंसारी द्वारा दाखिल आपराधिक अपील पर 2 दिनों से चल रही लगातार सुनवाई के बाद गुरुवार को फैसला सुरक्षित कर लिया है। राज्य सरकार और कृष्णानंद राय के बेटे पीयूष कुमार राय द्वारा अंसारी की सजा बढ़ाने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने फैसला सुरक्षित कर लिया। उक्त फैसला अंसारी के राजनीतिक करियर के लिए महत्वपूर्ण बताया जा रहा है। हालिया लोकसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी के टिकट पर उत्तर प्रदेश के गाजीपुर निर्वाचन क्षेत्र से अफजाल अंसारी ने जीत हासिल की है। अगर हाईकोर्ट द्वारा उनकी दोषसिद्धि बरकरार रखी जाती है तो उन्हें अपनी संसदीय सीट से अयोग्य घोषित किया जा सकता है। संविधान के अनुच्छेद 102 (1)(ई) के अनुसार जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 के अनुसार कोई सांसद/विधायक, जिसे किसी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया हो,उसे दोषसिद्धि की तिथि से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

# सर्राफा कारोबारी के कर्मचारियों से हुई लूट की घटना फर्जी निकली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कर्मचारियों ने ही लूटे 3.5 करोड़ रुपये के गहने, घंटे में खुलासा
- डीजीपी ने सोशल मीडिया में साझा की सहारनपुर पुलिस की उपलब्धि

**अमृत विचार:** सहारनपुर पुलिस ने साढ़े तीन करोड़ के गहनों के लूटकांड का खुलासा चार घंटे में कर दिया। पता चला कि सर्राफा व्यवसाई के कर्मचारियों ने ही पुलिस को लूटकांड की सूचना दी और जब पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि कर्मचारियों ने ही गहनों को हड़पने के उद्देश्य से षड्यंत्र किया था। खुलासा होने के बाद प्रदेश के डीजीपी ने सहारनपुर पुलिस की इस उपलब्धि को सोशल मीडिया पर शेयर किया है।

घटना सहारनपुर के नागल थाना क्षेत्र की है। सत्यम शर्मा द्वारा लूट के संबंध में दी गई सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पूछताछ शुरू की। पुलिस को बताया गया कि सत्यम (सराफा व्यापारी का कर्मचारी) और उनका ड्राइवर तरुण सैनी अंबाला से मेरठ जा रहे थे। उनके पास हीरे के गहने थे, जिसे मेरठ के एक व्यापारी तक पहुंचाना था। इसी दौरान रास्ते में 04 अज्ञात बदमाशों ने उनकी कार रोक ली और गहनों को लूट लिया। इस दौरान सत्यम और ड्राइवर तरुण को हल्की चोटें भी आई और कार भी क्षतिग्रस्त हुआ है। पुलिस टीम ने जब मामले की तफ्तीश की तो दोनों के बयानों में अंतर्विरोध दिखा। सख्ती से पूछताछ करने पर पता चला कि इस वारदात को इन्हीं दोनों ने अंजाम दिया है। पता चला कि सत्यम ने गहनों वाला बैग अपने साले को दे दिया था। इसके बाद पुलिस ने साले सहित तीनों को हिरासत में ले लिया गया।

बैग भी बरामद किया। इस दौरान बैग में 36 हार, 20 ब्रेसलेट, 52 अंगूठी, 07 कंगन, 32 पेंडेंट, 73 कान के टॉप और 42 मंगलसूत्र सुरक्षित पाए गए। पुलिस ने इस घटना में सत्यम शर्मा, तरुण सैनी (कार चालक) हिमांशु उर्फ डिंपी पुत्र चंद्रशेखर, प्रिंस, कमरपाल को गिरफ्तार किया है।

# बाढ़ से निपटने को सरकार तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- संवेदनशील जिलों को 10 करोड़ की धनराशि जारी
- 612 बाढ़ चौकियां स्थापित, 39 जिलों में खाद्यान्न टेंडर प्रक्रिया पूरी

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने बाढ़ की आशंकाओं को देखते हुए इससे निपटने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली हैं।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर बाढ़ से निपटने एवं जनहानि-धनहानि को न्यूनतम करने के लिए 24 अतिसंवेदनशील और 16 संवेदनशील इलाकों में बाढ़ चौकियां की स्थापना कर ली गई है, जहां पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी की टुकड़ियों को तैनात किया गया है। संभावित बाढ़ प्रभावित जिलों के लिए 10 करोड़ की धनराशि भी जारी कर दी गई है। इसके अलावा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को राहत देने के लिए 40 जिलों में से 39 जिलों में खाद्यान्न टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। प्रमुख सचिव राजस्व पी गुरु प्रसाद ने बताया कि बाढ़ चौकियों में एनडीआरएफ की 7 टीमें, एसडीआरएफ की 18 टीमें और पीएसी की 17 टीमें तैनात कर दी गई हैं। इसके साथ ही आपदा मित्रों को भी तैनात किया गया है। सभी बाढ़ प्रभावित जिलों में नावों का चिन्हीकरण और नाविक तैनात कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में एक वर्ष में 4700 राहत चौपालों का आयोजन किया गया, जिसमें लोंगों को बाढ़ के दौरान अपनी और अपने मवेशियों की किस तरह सुरक्षा करनी है, इसकी जानकारी दी गई। वहीं बाढ़ पूर्व तैयारियों के तहत एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और पीएसी की ओर से 25 जिलों में मॉकड्रिल की गई।



# बच्चे को पिता से मिलने और उन्हें जानने का स्वाभाविक अधिकार

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कस्टडी के मामले के लंबित रहने के दौरान बच्चों को उनके अभिभावक से मिलने के मामले में अपनी महत्वपूर्ण टिप्पणी में कहा कि बच्चों को अपने अभिभावक पिता को जानने और उनसे मिलने का पूर्ण अधिकार है।

एक पिता अपने बच्चों के जीवन का आदर्श होता है। अतः एक बच्चे को अपने पिता को जानने और उनसे मिलने तथा उनके व्यवहार को समझने का स्वाभाविक अधिकार प्राप्त है। इससे बच्चों की कस्टडी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने प्रियंका अग्रवाल द्वारा दाखिल अपील को खारिज करते हुए पारित किया। दरअसल मां प्रियंका ने परिवार न्यायालय के उस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें बच्चों के पिता को हर महीने के एक रविवार को सार्वजनिक स्थान पर 3 घंटे के लिए अपने बेटे से मिलने की अनुमति दी गई थी। उपरोक्त आदेश को मां ने अपर प्रधान न्यायाधीश के क्षेत्राधिकार से परे बताकर चुनौती दी थी। अंत में कोर्ट ने माना कि पिता से मुलाकात के अधिकार के कारण बच्चे की कस्टडी में कोई बदलाव नहीं आएगा।

### आजम के भड़काऊ भाषण मामले में जवाबी हलफनामा दाखिल करने को अतिरिक्त समय

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान संवैधानिक पदों पर नियुक्त अधिकारियों के खिलाफ अनर्गल शब्दों का प्रयोग करते हुए लोगों को भड़काने तथा अधिकारियों को उकसाने, निर्वाचन आयोग और वर्तमान मुख्यमंत्री के विरुद्ध अमर्यादित टिप्पणी करने के आरोप में सपा नेता आजम खान के मामले में शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान अपर शासकीय अधिवक्ता ने सरकार की ओर से जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय की मांग की, जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने मामले को अगली सुनवाई तक टाल दिया। उक्त आदेश न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की एकलपीठ ने मोहम्मद आजम खान की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया।

### गंगा किसान सहकारी चीनी मिल की क्षमता बढ़ाएं : जयंत



**लखनऊ, अमृत विचार।** केंद्रीय राज्यमंत्री व रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी को पत्र लिखकर मुजफ्फरनगर के मोरना स्थित दि गंगा किसान सहकारी चीनी मिल लि. के विस्तार का आग्रह किया है। उन्होंने बिजनौर सांसद चंदन चौहान के पत्र का संदर्भ लेते हुए मिल की दैनिक पेराई क्षमता बढ़ाने,उत्पादन प्रक्रिया में सुधार का आग्रह पर गंभीरता पूर्वक विचार करने की अपेक्षा की है।

## वर्ग पहेली-122

**बाएं से दाएं**

2. 1. वेग से एक चीज़ को किसी दूसरी चीज़ में गिराना
4. एक प्रकार का विवाह या सगाई, विधवा स्त्री से किया जाने वाला विवाह।
6. 1. क्षय, नाश 2. क्षीणता।
8. 1. जो रोका न गया हो, अनिवारित 2. जिसके प्रति सावधानी न बरती गई हो, जिसकी देखभाल न की गई हो।

**ऊपर से नीचे**

1. सींची हुई ज़मीन।
3. 1. किसी चीज़ को दो भागों में बांटने या काटने की क्रिया
4. 1. कमीना, नीच 2. दोगला।
5. 1. घबरा जाना, व्याकुल या विकल हो जाना 2. आतुर हो जाना।
7. 1. जड़ 2. असावधान 3. जिसमें चेतना न हो 4. प्राणहीन 5. बेहोश।



### वर्ग पहेली -121 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 हं | 2 स | दी | प | क | |
| | जा | | | | 3 ए |
| | ती | | 4 अ | | य |
| 5 ज | य | ज | य | का | र |
| लं | | | | | टा |
| 6 ध | जी | ला | | | इ |
| र | | | 7 घूँ | घ | ट |

## सुडोकू -35

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | 9 | | | 7 | |
| | | 8 | | 2 | | | 1 | 5 |
| 2 | | 4 | 1 | | | 3 | | 9 |
| | | 9 | | | 2 | | | |
| 5 | 6 | | | | | | 9 | 3 |
| | | | 5 | | | 8 | | |
| 3 | | 5 | | | 4 | 1 | | 6 |
| 7 | 4 | | | 8 | | 9 | | |
| | 8 | | | 1 | | 5 | | |

### सुडोकू -34 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 3 | 5 |
| 5 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 8 |
| 6 | 8 | 3 | 5 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 6 | 4 | 7 | 1 | 8 | 9 | 3 |
| 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 5 | 2 |
| 1 | 3 | 9 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 6 | 2 | 5 | 8 | 7 |
| 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 |
| 3 | 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 2 | 6 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 जुलाई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 7 जुलाई 04.25 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 7 जुलाई 4.48 तक तत्पश्चात पुष्य।

**मेष** — आज का दिन सरकारी अधिकारियों के लिए आपाधापी से भरा हो सकता है तथा काम के बोझ के कारण उन्हें तनाव भी होगा। आपके अंदर दया का भाव जागृत होगा,जो समाज सेवा की प्रेरणा देगा। जीवनसाथी या प्रेमी के साथ रोमांटिक यात्रा पर जाने का प्लान बना सकता हैं।

**वृष** — आज छात्रों का मन पढ़ाई में लगेगा,लेकिन यदि आप 11 वीं या 12 वीं कक्षा में हैं तो आप अपने भविष्य को लेकर योजना बनाएंगे। ऐसे में आप ऐसे विषयों पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे,जो भविष्य में आपके काम आ सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में आपका मन लगेगा।

**मिथुन** — आज के दिन अपने लिए नए क्षेत्र चुनने होंगे,जिससे उनके अनुभव में वृद्धि होगी। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों का मन भी नई चीजों के प्रति आकर्षित होगा,जिससे उनका मन अपने काम में नहीं लगेगा। आप अपने काम के प्रति चिढ़चिढ़ा रवैया भी अपना सकते हैं।

**कर्क** — आज के दिन लाभ कमाने के लिए आपको ज्यादा परिश्रम करने की आवश्यकता है। भाई या बहन का भी साथ मिल सकता है,जिससे आपको सहायता मिलेगी। इस दौरान आप थकान का भी अनुभव कर सकते हैं,जिससे मानसिक तनाव भी हो सकता है।

**सिंह** — आज का दिन उत्तम रहेगा व उन पर अपने माता-पिता का आशीर्वाद बना रहेगा। कुछ क्षेत्रों में उन्हें असफलता हाथ लग सकती है,लेकिन आत्मविश्वास पहले की तुलना में मजबूत होगा। ऐसे समय में किसी भी समस्या का डटकर सामना करें।

**कन्या** — आज यदि आप शेयर बाजार में पैसों को निवेश करते रहते हैं तो संभल कर पैसा लगाएं ,क्योंकि कहीं से बड़ा नुकसान होने की संभावना है। जीवनसाथी के प्रति आपका प्रेम भाव बढ़ेगा। आप अपने परिजनों को काफी समय देंगे।

**तुला** — आज के दिन आपका अपनी माता के साथ वैचारिक रूप से मतभेद हो सकता है,जिससे घर में तनाव का माहौल रहेगा। इस दौरान आपकी माता का स्वास्थ्य भी खराब रह सकता है,जिससे मन विचलित रहेगा।

**वृश्चिक** — आज यदि आपको पहले से कोई समस्या है तो उससे आराम मिलेगा तथा स्वास्थ्य पहले से अच्छा रहेगा। बीपी और शुगर के रोगी बाहर का खाना खाने से बचें और घर पर पौष्टिक आहार का ही सेवन करें। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**धनु** — आज यदि आप अपने साथी से दूर हैं तो उन्हें आपकी चिंता रहेगी। ऐसे में स्वयं के स्वभाव को सरल रखें तथा अहंकार को अपने ऊपर हावी न होने दें। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको सफलता मिल सकती है। योजनाओं को अच्छी तरह से क्रियान्वित कर पाएंगे।

**मकर** — आज आप अपनी कार्यशैली में व्यापक बदलाव कर सकते हैं। साथ ही शारीरिक रूप से थोड़ा कमजोर महसूस करेंगे। कानूनी मामलों को लेकर आपको थोड़ा परेशान होना पड़ सकता है। भाई-बहन को लेकर आप कुछ परेशान हो सकते हैं।

**कुंभ** — आज कॉलेज में पढ़ रहे छात्र अपने लिए नए मार्गदर्शक की खोज में रहेंगे,जिससे वे अपना लक्ष्य निर्धारित कर सकें। आपको कहीं से काम करने का अवसर प्राप्त होगा जिसे हाथ से न जाने दें,क्योंकि भविष्य की दृष्टि से यह आपके लिए सहायक सिद्ध होगा।

**मीन** — आज आप अपने प्रेम जीवन के प्रति नीरस भाव रखेंगे तथा साथी के प्रति रुचि कम होगी। किंतु आपका पार्टनर आपको भलीभांति समझेगा,जिससे उनका साथ आपको मिलेगा। आय की स्थिति काफी अच्छी रहेगी। इच्छित कार्य समय से पूरे हो जाएंगे।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
- दीवाना मस्ताना — सुबह : 11.45
- यमला पगला दीवाना — शाम : 06.17

**SONY PIX**
- गॉडजिला — सुबह : 10.57
- वेनम — शाम : 06.51

**&pictures**
- द कराटे किड — सुबह :10.39
- द कश्मीर फाइल्स — रात : 08.00

**ZEE CINEMA**
- तारे जमीन पर — सुबह : 10.26
- समय 2 — रात : 08.30

**colors CINEPLEX**
- तो बात पक्की — सुबह : 09.55
- पद्मावत — रात : 09.47

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- आज खाना क्यों नहीं बनाया?
पत्नी- गिर गई थी लग गई।
पति- कहां गिर गई थी और क्या लग गई थी ?
पत्नी- तकिए पर गिर गई थी।
और आंख लग गई थी।

टीचर- तुम पढ़ाई पर ध्यान क्यों नहीं देते?
स्टूडेंट- क्योंकि पढ़ाई सिर्फ दो वजहों से की जाती है।
टीचर-अच्छा जनाब, कौन सी हैं वो दो वजहें, जरा बताओ तो?
स्टूडेंट- या तो डर से या शौक से, मैं बिना वजह कोई शौक रखता नहीं और डरता तो मैं किसी से भी नहीं।

## मैंथा भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 950 फ्लैग- 1100 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 900
**रामपुर :** शिवालिक-965 फ्लैग- 1085 डीएमओ-830 बोल्ड-1120

## मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव : दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60 से 70 रुपए चना काबली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये ।

## स्टील, एल्युमिनियम के बर्तनों पर आईएसआई का ठप्पा अनिवार्य

**नई दिल्ली।** सरकार ने स्टेनलेस स्टील और एल्युमिनियम के बर्तनों की सुरक्षा, गुणवत्ता और दक्षता को बढ़ाने के लिए विनिर्माताओं पर भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के गुणवत्ता संबंधी निर्देशों को अनिवार्य बनाया है। बर्तनों पर आईएसआई की मुहर अनिवार्य है और इसका उल्लंघन करना दंडनीय बना दिया गया है।

उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस संबंध में वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा 14 मार्च, 2024 को जारी गुणवत्ता नियंत्रण आदेश के अनुसार ऐसे बर्तनों पर आईएसआई चिह्न अनिवार्य कर दिया गया। इसका अनुपालन न करना दंडनीय है। बीआईएस ने मानकों की सूची बनाई है। इसका उद्देश्य प्रदर्शन और उपभोक्ता सुरक्षा को बढ़ावा देते हुये व्यंजनों की सांस्कृतिक विविधता को बनाये रखना है।

# रक्षा उत्पादन करीब 1.27 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर: मंत्रालय

### भारत को वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करना सरकार की प्रतिबद्धता : राजनाथ

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत का वार्षिक रक्षा उत्पादन 2023-24 में 1.27 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह मेक इन इंडिया कार्यक्रम में एक और उपलब्धि है। वित्त वर्ष 2022-23 में रक्षा उत्पादन का मूल्य 1,08,684 करोड़ था।

सिंह ने एक्स पर लिखा कि भारत को वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। रक्षा मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार, रक्षा मंत्रालय ने प्रधानमंत्री मोदी नीत सरकार की नीतियों और पहलों के सफल कार्यान्वयन पर, आत्मनिर्भरता प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए 2023-24 में मूल्य के संदर्भ में स्वदेशी रक्षा उत्पादन में अभी तक की सर्वाधिक वृद्धि हासिल की है। इसमें कहा गया कि 2023-24 में वार्षिक रक्षा उत्पादन करीब 1.27 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सभी रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (डीपीएसयू), रक्षा सामग्री बनाने वाले अन्य सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों और निजी कंपनियों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार देश में रक्षा उत्पादन का मूल्य रिकॉर्ड स्तर अर्थात 1,26,887 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह गत वित्त वर्ष के रक्षा उत्पादन की तुलना में 16.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।



- वित्त वर्ष 2022-23 में रक्षा उत्पादन का मूल्य था 1,08,684 करोड़ रुपये

### गत वर्ष के उत्पादन के मूल्य से 16.8 प्रतिशत अधिक

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ने 2023-24 में रक्षा उत्पादन के मूल्य में अभी तक की सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की है। रक्षा उत्पादन 2023-24 में 1,26,887 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो गत वित्त वर्ष के उत्पादन के मूल्य से 16.8 प्रतिशत अधिक है। रक्षा मंत्रालय ने कहा, 2023-24 में उत्पादन के कुल मूल्य (वीओपी) में से 79.2% योगदान डीपीएसयू/अन्य पीएसयू का और 20.8% का योगदान निजी क्षेत्र का रहा। निरपेक्ष मूल्य के संदर्भ में डीपीएसयू/पीएसयू तथा निजी क्षेत्र दोनों ने रक्षा उत्पादन में स्थिर वृद्धि दर्ज की है। यह उपलब्धि 10 वर्षों में सरकार द्वारा आत्मनिर्भरता प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए लाए गए नीतिगत सुधारों और पहलों तथा व्यापार सुगमता की वजह से हासिल हुई है।

# प्याज, टमाटर की कीमतों में उछाल से शाकाहारी थाली 10% हुई महंगी

मुंबई, एजेंसी

शाकाहारी थाली की कीमत जून में औसतन 10 प्रतिशत तक बढ़ गई। प्याज, टमाटर और आलू की कीमतों में आई तेजी इसकी प्रमुख वजह रही। क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस की मासिक रिपोर्ट रोटी राइस रेट के अनुसार, ब्रॉयलर मुर्गे की कीमत में गिरावट से मांसाहारी भोजन की लागत में कमी आई है। रिपोर्ट के अनुसार शाकाहारी थाली की कीमत जून में 10 प्रतिशत बढ़कर 29.4 रुपये जो जून 2023 में 26.7 रुपये थी। मई 2024 में यह 27.8 रुपये थी।



शाकाहारी थाली में रोटी, सब्जियां (प्याज, टमाटर तथा आलू), चावल, दाल, दही और सलाद शामिल है। शाकाहारी थाली की कीमत में वृद्धि का कारण टमाटर की कीमतों में 30%, आलू में 59% और प्याज में 46% की वृद्धि को बताया गया है। प्याज के मामले में रबी की फसल के रकबे में गिरावट से आवक कम रही, जबकि मार्च में बेमौसम बारिश से आलू की पैदावार कम हुई। कर्नाटक तथा आंध्र प्रदेश में उच्च तापमान से टमाटर की आवक पिछले साल की तुलना में 35% कम हुई। वहीं चावल की कीमतों में 13% और दालों में 22% की वृद्धि हुई।

मांसाहारी थाली की कीमत जून में घटकर 58 रुपये रह गई, जबकि गत वर्ष जून में 60.5 रुपये थी। मई में इसकी कीमत 55.9 रुपये प्रति थाली थी। ब्रॉयलर मुर्गे की कीमत में 14% की कमी आई है।

### टमाटर की कीमत 80 रुपये प्रति किलो

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी से आपूर्ति कम होने के कारण दिल्ली में टमाटर की खुदरा कीमतें 70-80 रुपये प्रति किग्रा तक पहुंच गई हैं। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में फलों और सब्जियों की प्रमुख आपूर्तिकर्ता मदर डेयरी अपने खुदरा केंद्र सफल पर 75 रुपये प्रति किलो की दर से टमाटर बेच रही है। स्थानीय सब्जी विक्रेता 70-80 रुपये प्रति किलो टमाटरों की बिक्री कर रहे हैं। मदर डेयरी के प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि पहाड़ी इलाकों के प्रमुख टमाटर उत्पादक क्षेत्रों में भीषण गर्मी पड़ने से फसल प्रभावित हुई है। उपज कम होने से खुदरा बाजारों में टमाटर की आपूर्ति सीमित हो गई है और कीमतों में उछाल आया है। ऑनलाइन मंच ओटिपी और ब्लिंकिट पर टमाटर की बिक्री 80 रुपये प्रति किलो के भाव पर की जा रही है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 93350 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 74575 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55550-55750 |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,850 |
| चांदी आभूषण | 91,300 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72700 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71700 |
| सिल्वर (पक्की) | 905 (अनुमानित) |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 72,900 |
| सोना रवा | 72,750 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 91,100 |
| चांदी (999) | 91,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

## विदेशी मुद्रा भंडार 1.7 अरब डॉलर घटकर 651.9 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में गिरावट आने से 28 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 1.7 अरब डॉलर कम होकर 651.9 अरब डॉलर रह गया। पिछले सप्ताह ये 81.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 653.7 अरब डॉलर पर रहा था।

रिजर्व बैंक के अनुसार, 28 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के बड़े घटक परिसंपत्ति 1.3 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 572.9 अरब डॉलर पर आ गया। स्वर्ण भंडार 42.7 करोड़ डॉलर कम होकर 56.53 अरब डॉलर पर आ गया।

# नायडू ने वित्त मंत्री से कर्ज में डूबे आंध्र प्रदेश के लिए मांगी वित्तीय सहायता

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय बजट पेश होने से पहले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की और कर्ज में डूबे राज्य की मदद करने का आह्वान किया। नॉर्थ ब्लॉक में हुई बैठक में नायडू ने आंध्र की विभिन्न परियोजनाओं के लिए केंद्रीय सहायता मांगी। तेलुगू देशम पार्टी के मंत्री भी बैठक में शामिल हुए।

राज्य सरकार के अनुसार, आंध्र प्रदेश का सार्वजनिक ऋण 2019-20 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के 31.02% से बढ़कर 2023-24 में 33.32% हो गया है। यह राज्य के राजकोषीय स्थिति में गिरावट का संकेत देता है। नायडू की प्रमुख मांगों में पोलावरम सिंचाई परियोजना के लिए धन, पिछड़े क्षेत्रों के लिए विशेष सहायता तथा नई राजधानी अमरावती के विकास के लिए समर्थन शामिल है। सीतारमण ने नायडू की चिंताओं को धैर्यपूर्वक सुना और आश्वासन दिया कि वह व्यापक वित्तीय बाधाओं के भीतर आंध्र प्रदेश की मांगों पर विचार करेंगी।



नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात करते आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू।

# रिजर्व बैंक ने विनिर्माण कंपनियों का तिमाही सर्वेक्षण किया शुरू

मुंबई, एजेंसी

- मौद्रिक नीति तैयार करने में विनिर्माण की भूमिका अहम

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने विनिर्माण क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों के ऑर्डर बुक, भंडार और क्षमता उपयोग का तिमाही सर्वेक्षण शुरू करने की घोषणा शुक्रवार को की। मौद्रिक नीति तैयार करने में विनिर्माण क्षेत्र की भूमिका काफी अहम होती है।

रिजर्व बैंक 2008 से ही तिमाही आधार पर विनिर्माण क्षेत्र के ऑर्डर बुक, भंडार में मौजूद माल और क्षमता के इस्तेमाल संबंधी (ओबिकस) सर्वेक्षण संचालित करता रहा है। इस सर्वेक्षण में एकत्र की गई जानकारी में संदर्भ तिमाही (अप्रैल-जून 2024) के दौरान कंपनियों को मिले नए ऑर्डर, तिमाही की शुरुआत में ऑर्डर की स्थिति, तिमाही के अंत में लंबित ऑर्डर, तिमाही के अंत में तैयार माल, कार्य-प्रगति और कच्चे माल के स्टॉक समेत कुल भंडार शामिल हैं। तिमाही के दौरान मात्रा और मूल्य के संदर्भ में मदवार उत्पादन, लक्षित समूह से स्थापित क्षमता और तिमाही के दौरान उत्पादन/स्थापित क्षमता में परिवर्तन के कारणों को भी एकत्र किया जाता है। प्रतिक्रियाओं से क्षमता उपयोग के स्तर का अनुमान लगाया जाता है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### सारंगी झारखंड हाईकोर्ट के नए मुख्य न्यायाधीश

**रांची।** न्यायमूर्ति विद्युत रंजन सारंगी ने शुक्रवार को झारखंड उच्च न्यायालय के 15वें मुख्य न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो के अलावा कई न्यायाधीश और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी भी शामिल हुए। कैबिनेट सचिव वंदना ददेल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा जारी नियुक्ति अधिपत्र पढ़ा। न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्रा के 28 दिसंबर, 2023 को सेवानिवृत्त होने के बाद से उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का पद रिक्त था।

### पश्चिम बंगाल में मिला द्वितीय विश्व युद्ध का बम

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि झाड़ग्राम जिले में एक खुले मैदान में द्वितीय विश्व युद्ध के समय का एक बम मिला जो फटा नहीं था और उसे सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर दिया गया। एक्स पर अभियान की तस्वीर साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की मशीनरी ने भारतीय वायु सेना के साथ मिलकर बम को सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर दिया।

### राव का इस्तीफा, रास में एक और सीट खाली

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में शुक्रवार को एक नई रिक्ति पैदा हो गई जब सदन के सभापति जगदीप धनखड़ ने के केशव राव का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। राव ने कांग्रेस में शामिल होने के बाद भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के राज्यसभा सदस्य के रूप में अपनी सदस्यता छोड़ दी थी। राव 2020 से तेलंगाना से बीआरएस के राज्यसभा सदस्य थे। वह बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए थे। उन्होंने बृहस्पतिवार को संसद के ऊपरी सदन की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया।

### केरल के त्रिशूर में अफ्रीकी स्वाइन फीवर फैला

**त्रिशूर (केरल)।** त्रिशूर जिले के गांव में अफ्रीकी स्वाइन फीवर फैलने के मामले सामने आए हैं। अफ्रीकी स्वाइन फीवर जानलेवा और संक्रामक रोग है जो पालतू और जंगली सूअरों को अपनी चपेट में ले लेता है। यह संक्रमित सूअर के शरीर से निकलने वाले तरल पदार्थ के प्रत्यक्ष संपर्क में आने पर सूअरों में फैल सकता है। त्रिशूर डीएम ने जिले के मदक्कथारा पंचायत में एक निजी फार्म के 310 सूअरों को मारने का आदेश दिया है। वेलियंथारा के 14वें वार्ड में कुट्टालपुझा बाबू के स्वामित्व वाले सूअरों में इस बीमारी की पुष्टि हुई है। डीएम ने पशुपालन अधिकारी को सूअरों को मारकर दफनाने का निर्देश दिया है।

# मोदी ने दूरसंचार कंपनियों को 34,824 करोड़ रुपये वसूलने की दी छूट : कांग्रेस

### मोबाइल शुल्क में बढ़ोतरी किए जाने पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर किया कटाक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने दूरसंचार क्षेत्र की तीन प्रमुख कंपनियों द्वारा शुल्क दर में बढ़ोतरी किए जाने के बाद शुक्रवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस ने कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल का जनता के लिए उसके मित्रवादी पूंजीवाद का प्रसाद है।

पार्टी महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने सवाल किया कि मोदी सरकार ने 109 करोड़ सेल फोन उपभोक्ताओं की जेब से 34,824 करोड़ रुपये की वसूली की अनुमति क्यों दी? हाल ही में तीन प्रमुख दूरसंचार कंपनियों रिलायंस जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने ढाई साल के अंतराल के बाद मूल्य वृद्धि की घोषणा की। सबसे पहले सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस जियो ने यह कदम उठाया। सुरजेवाला ने कहा कि हिंदुस्तान के सेल फोन मार्केट में सिर्फ तीन सेल फोन ऑपरेटर हैं। रिलायंस जियो के 48 करोड़, एयरटेल के 39 करोड़ व वोडाफोन आइडिया के 22 करोड़ 37 लाख उपभोक्ता हैं।

ट्राई की रिपोर्ट के अनुसार सेल फोन कंपनियां अपने हर सेल फोन ग्राहक से 152.55 पैसे प्रति माह कमाती हैं। उन्होंने कहा कि 27 जून को रिलायंस जियो ने अपने रेट 12 से 27% बढ़ा दिए। 8 जून को एयरटेल ने अपने रेट 11 से 21% बढ़ा दिए। 29 जून को वोडाफोन आइडिया ने भी अपने रेट 10 से 24% बढ़ा दिए। सुरजेवाला का कहना था कि साफ है कि तीनों कंपनियों ने सलाह कर सिर्फ 72 घंटे में सेलफोन की शुल्क दर बढ़ाने की घोषणा की। अगर हम सेल फोन कंपनियों का औसत देखें तो पता चलेगा कि रिलायंस जियो के हर यूजर पर 30.51 रुपये की बढ़त हुई है। यानी सालाना 17,568 करोड़ रुपये अतिरिक्त वूसल किए जाएंगे।



- मोदी के तीसरे कार्यकाल का जनता के लिए उसके मित्रवादी पूंजीवाद का प्रसाद है : रणदीप सुरजेवाला

# कानूनी मान्यता से इनकार के फैसले पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

**समलैंगिक विवाह**

- पांच न्यायाधीशों की पीठ फैसले की करेगी समीक्षा

सुप्रीम कोर्ट 10 जुलाई के अपने पिछले साल के उस फैसले की समीक्षा की मांग करने वाली याचिकाओं पर विचार करेगा, जिसमें समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार किया गया था। कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड वाद सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ पिछले वर्ष 17 अक्टूबर के फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिकाओं पर अपने कक्ष में विचार करेगी। पुनर्विचार याचिकाओं पर न्यायाधीशों द्वारा कक्ष में विचार किया जाता है।

प्रधान न्यायाधीश के अलावा पीठ के अन्य सदस्य न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति हिमा कोहली, न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा होंगे। समलैंगिक अधिकार कार्यकर्ताओं को झटका देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 17 अक्टूबर को समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया था और कहा था कि कानून द्वारा मान्यता प्राप्त विवाहों को छोड़कर विवाह करने का कोई भी दूसरा तरीका विधिक तौर पर उचित नहीं है। साथ ही न्यायालय ने कहा था कि कानून बनाने का काम संसद का है। न्यायालय ने हालांकि, समलैंगिक लोगों के लिए समान अधिकारों और उनकी सुरक्षा को मान्यता दी और आम जनता को इस संबंध में संवेदनशील होने का आह्वान किया था ताकि उन्हें भेदभाव का सामना नहीं करना पड़े।

## बंगाल के विस अध्यक्ष ने टीएमसी के दो विधायकों को दिलाई शपथ

### उपाध्यक्ष ने किया इनकार

**कोलकाता।** प. बंगाल विधानसभा के उपाध्यक्ष के बदले अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस के दो नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई। राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने विधानसभा के उपाध्यक्ष को शपथ दिलाने के लिए अधिकृत किया था। राजभवन और विधानसभा के बीच चले गतिरोध के बाद, दोनों विधायक रयात हुसैन सरकार और सायंतिका बनर्जी को विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान शपथ दिलाई गई। हुसैन सरकार मुर्शिदाबाद जिले के भगवानगोला से विधायक हैं जबकि सयंतिका बनर्जी कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके बारानगर से विधायक हैं।

गुरुवार शाम को राज्यपाल बोस ने उपाध्यक्ष आशीष बनर्जी को शुक्रवार को विधानसभा में शपथ दिलाने के लिए अधिकृत किया। उनका रुख था कि विधायकों को राजभवन में शपथ दिलाई जाएगी। उपाध्यक्ष ने खुद को कार्यक्रम से अलग कर लिया और कहा कि जब अध्यक्ष आसन पर मौजूद हों तो उपाध्यक्ष द्वारा शपथ दिलाना नियमों के खिलाफ है। उपाध्यक्ष की अपील के बाद बिमान बनर्जी ने दोनों विधायकों को सदन में बुलाया और शपथ दिलाई।

# भाजपा काम रोको अभियान के तहत स्कूली शिक्षा बर्बाद कर रही : आप

नई दिल्ली, एजेंसी



दिल्ली के मंत्री गोपाल राय ने पांच हजार शिक्षकों के तबादले के आदेश पर भाजपा की आलोचना की। उन्होंने कहा कि भाजपा अधिकारियों पर दबाव बनाकर केजरीवाल सरकार द्वारा विकसित शिक्षा प्रणाली को नष्ट करने की कोशिश कर रही है। राय ने कहा कि आप सरकार के काम में बाधा उत्पन्न करने के लिए भाजपा का काम रोको अभियान जारी है। शिक्षा निदेशालय ने 11 जून को ऑनलाइन अनुरोध शीर्षक से जारी परिपत्र के तहत जिन शिक्षकों ने एक ही स्कूल में 10 वर्ष से अधिक सेवा दी है उन्हें आवेदन करना होगा अन्यथा उन्हें स्थानांतरित किया जाएगा।

**रथयात्रा की तैयारी**



कोलकाता में रथ यात्रा उत्सव से पहले रथ के पहिये को पेंट करता इस्कॉन का सदस्य। • एजेंसी

# छत्तीसगढ़ : कुएं में जहरीली गैस से 5 की मौत

रायपुर, एजेंसी



- कोरबा जिले में कुएं में डूबने से पिता-पुत्री समेत 4 लोगों की मौत

छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में शुक्रवार को कुएं में जहरीली गैस के रिसाव से पिता और दो पुत्रों समेत 5 लोगों की मौत हो गई है। घटना बिर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत किकिरदा गांव की है। बिलासपुर क्षेत्र के आईजी संजीव शुक्ला ने बताया कि ग्रामीणों के मुताबिक रामचंद्र जायसवाल (60) के कुएं में लकड़ी का टुकड़ा गिरा था, जिसे निकालने के लिए वह कुएं में उतरे, लेकिन बाहर नहीं निकल सके। परिजनों ने पड़ोस के पटेल और चंद्रा परिवार से मदद मांगी, जिसके बाद रमेश पटेल (50), उनके बेटे जितेंद्र पटेल (25), राजेंद्र पटेल (20) और पड़ोसी टिकेश्वर (25) भी कुएं में उतरे लेकिन वे भी नहीं निकल पाए। आईजी ने बताया कि कुएं में जहरीली गैस के रिसाव से उनकी मौत हुई। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हादसे पर दुख जताया है। वहीं, कोरबा जिले के कटघोटा के ग्राम जुराली के डिपरा पारा निवासी पिता-पुत्री समेत चार लोगों की कुएं में डूबकर मौत हो गई।

## प्रज्वल की जमानत पर एसआईटी दर्ज कराए आपत्ति

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को विशेष जांच दल (एसआईटी) को निर्देश दिया कि वह जनता दल सेक्युलर (जद-एस) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना की ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर अपनी आपत्ति दर्ज कराए।

रेवन्ना पर कई महिलाओं से दुष्कर्म और उनका यौन उत्पीड़न करने का आरोप है और पूरे प्रकरण की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई है। न्यायमूर्ति कृष्णा एस. दीक्षित की एकल पीठ ने कहा कि अदालत में आपत्ति दर्ज कराई जाए। विशेष अदालत ने 26 जून को रेवन्ना की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी।

# महिला आयोग ने मोइत्रा पर प्राथमिकी दर्ज करने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष पर टिप्पणी के बाद टीएमसी सांसद पर कार्रवाई के लिए आयोग ने पुलिस से कहा

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने अध्यक्ष रेखा शर्मा के विरुद्ध टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की आपत्तिजनक टिप्पणी पर स्वतः संज्ञान लेते हुए उनके खिलाफ पुलिस से प्राथमिकी दर्ज करने के लिए कहा है। एक्स पर जारी वीडियो पर टीएमसी सांसद के टिप्पणी के एक दिन बाद आयोग ने यह रुख अख्तियार किया।

वीडियो में उत्तर प्रदेश के हाथरस में हुई भगदड़ के स्थल पर एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष को दिखाया गया था जिस पर महुआ ने लिखा, वह अपने बॉस का पजामा संभालने में व्यस्त हैं।

एनसीडब्ल्यू ने एक्स पर कहा, टिप्पणी अपमानजनक है और यह गरिमा के साथ रहने के महिला के अधिकार का उल्लंघन है। आयोग ने पाया कि यह टिप्पणी भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 79 के अंतर्गत आती है। वह टिप्पणियों की निंदा करता है और मोइत्रा के खिलाफ कार्रवाई चाहता है। एनसीडब्ल्यू ने लिखा, मोइत्रा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होनी चाहिए और तीन दिनों में आयोग को कार्रवाई रिपोर्ट से अवगत कराया जाना चाहिए।

# जंगलों, नदियों-नालों के रखरखाव को लेकर हाईकोर्ट नाराज

शिमला, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने समय रहते राष्ट्रीय राजमार्गों सहित जंगलों, नदियों और नालों का उचित रखरखाव न करने पर चेतावनी दी। कोर्ट ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के लापरवाह अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश सत्येन वैद्य की खंडपीठ ने कहा कि यह जानकर दुख होता है कि 12 जून, 2024 को अदालत के आदेश के बावजूद ब्यास नदी के तल के बीच से चट्टानों और पत्थरों को नहीं हटाया गया है। इन पत्थरों से पानी के टकराने से बहाव नदी तट तक आ जाता है और सड़कों को नुकसान पहुंचता है। जंगलों में फेंके गए मलबे से भूमि कटाव होता है और नदियों-नालों का बहाव रुक जाता है। यह सामान्य ज्ञान की बात है, इसलिए हर बार एनएचएआई द्वारा स्थिति को स्टडी करने के बाद एक्शन में आने की बात समझ से परे है।



- एनएचएआई के लापरवाह अधिकारियों को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने दी चेतावनी

### कोर्ट ने 12 जून को राज्य सरकार को दिया था आदेश

मामले में न्यायालय ने गत 12 जून को राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने के आदेश दिए थे कि राष्ट्रीय राजमार्गों के अलावा अन्य सड़कों की स्थिति अच्छी बनी रहे, ताकि नागरिकों को भोजन, ईंधन इत्यादि की आपूर्ति बनाई रखी जा सके। एनएचएआई को भी आदेश दिए थे कि वह भी बरसात से पहले ब्यास नदी के बीच से पत्थरों और चट्टानों को हटाए, ताकि नदी के बहाव तट से टकराकर राष्ट्रीय राजमार्ग को कोई नुकसान न पहुंचा सके। प्रदेश में पिछले वर्ष हुई भारी बरसात से सैकड़ों सडकें तबाह हो गई थीं। न्यायालय ने कहा था कि लोक निर्माण विभाग का आपदा से पहले जागना जरूरी है। आपदा के बाद जागने से धन का दुरुपयोग होता है।

अदालत ने स्टेटस रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद कहा कि उन्हें एनएचएआई का नदी की स्थिति की स्टडी करने के बाद यह कहना स्वीकार्य नहीं है कि मानसून के दौरान नदी से पत्थरों और चट्टानों को नहीं हटाया जा सकता है, क्योंकि एनएचएआई के पास जून का पूरा महीना था। जब मानसून ने हिमाचल प्रदेश को नहीं छुआ था लेकिन एनएचएआई ने कुछ भी नहीं किया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि एनएचएआई की इस निष्क्रियता के कारण कोई अप्रिय घटना होती है, तो एनएचएआई के अधिकारियों के खिलाफ उचित निर्देश जारी किया जाएगा। मामले पर अगली सुनवाई पहली अगस्त को निर्धारित की गई है।

# 2036 का दावा मजबूत करेंगे पेरिस ओलंपिक के आपके अनुभव : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी



ओलंपिक 2036 की मेजबानी की भारत की दावेदारी कामयाब रहने को लेकर आश्वस्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक जा रहे खिलाड़ियों से इस दावे को मजबूत करने के लिये पेरिस में व्यवस्थाओं का अनुभव साझा करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस ओलंपिक जा रहे खिलाड़ियों से व्यक्तिगत और आनलाइन बातचीत में कहा कि उनके द्वारा साझा की जाने वाली जानकारी 2036 ओलंपिक की मेजबानी का दावा मजबूत करने में काम आएगी।

प्रधानमंत्री ने कहा भारत की कोशिश है कि हम 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करें। इससे भी बड़ा माहौल बनता है और हम प्रयास कर रहे हैं। बुनियादी ढांचा तैयार करने पर विशेषज्ञ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा मैं ओलंपिक से पहले नहीं लेकिन बाद में वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेने का आपसे आग्रह करूंगा। आप लोग भी खेल के बाद वहां व्यवस्थायें क्या हैं, उसे देखें। खिलाड़ियों से जो इनपुट मिलेगा, वह 2036 के लिए काम आएगा। आप यह देखकर आएंगे तो हमें बहुत सुविधा होगी। प्रधानमंत्री मोदी की खिलाड़ियों से बातचीत का पूरा वीडियो उनके कार्यालय से शुक्रवार को जारी किया गया। बातचीत में खेल मंत्री मनसुख मांडविया और भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी टी उषा भी मौजूद थीं।

पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच खेले जाएंगे। भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तोक्यो ओलंपिक में रहा है जिसमें भालाफेंक में नीरज चोपड़ा के ऐतिहासिक स्वर्ण समेत सात पदक जीते। भारत के 100 से अधिक खिलाड़ियों ने ओलंपिक के लिये क्वालीफाई किया है जिसमें 21 निशानेबाज हैं। भारत ने ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा बार बार जताई है जिसे अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाक का भी समर्थन मिला है। भारत की राह हालांकि आसान नहीं होगी क्योंकि कतर और सऊदी अरब भी दौड़ में हो सकते हैं। ओलंपिक 2036 के मेजबान का फैसला अगले साल आईओसी के चुनाव से पहले आने की संभावना नहीं है जिसमें नया अध्यक्ष चुना जाएगा।

## नीरज से बोले प्रधानमंत्री, तुम्हारी मां के हाथ का चूरमा खाना है

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जुटे नीरज चोपड़ा से मजाकिया अंदाज में कहा कि उसने अभी तक चूरमा भेजा नहीं जिस पर ओलंपिक और विश्व चैंपियन भालाफेंक स्टार ने इस बार उन्हें चूरमा खिलाने का वादा किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस महीने के आखिर में हो रहे पेरिस ओलंपिक के लिये जा रहे खिलाड़ियों से व्यक्तिगत और आनलाइन बातचीत के दौरान नीरज से चूरमे की फरमाइश की तो एथलीट प्रियंका गोस्वामी से पूछा कि वह ओलंपिक में अपने बालकृष्ण को साथ ले जा रही है या नहीं। ऑनलाइन बातचीत में जुड़े नीरज से चुटकी लेते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा चूरमा आया नहीं तेरा अभी तक। इस पर सकुचाते हुए नीरज ने कहा सर चूरमा लेकर आएंगे इस बार। प्रधानमंत्री ने इस पर कहा मुझे तो तेरी मां के हाथ का चूरमा खाना है। पिछली बार तोक्यो ओलंपिक से लौटने के बाद खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए मोदी ने अपने आवास पर चोपड़ा को चूरमा और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू आइसक्रीम खिलाई थी।



## खेल डायरी

### प्रज्ञानानंदा ने कारूआना को ड्रॉ पर रोका

**बुकारेस्ट (रोमानिया)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर में अमेरिका के फेबियानो कारूआना से ड्रॉ खेला जबकि विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने नीदरलैंड के अनीश गिरि से बाजी बराबरी पर खत्म की। चौथी बार एक भी मुकाबले का नतीजा नहीं निकला और सभी बाजियां ड्रॉ रही। कारूआना ने दस खिलाड़ियों के राउंड रॉबिन टूर्नामेंट में आधा अंक की बढ़त बना रखी है। आठ मुकाबलों में पांच अंक लेकर कारूआना शीर्ष पर हैं जबकि प्रज्ञानानंदा, गुकेश और फ्रांस के फिरोजा अलीरजा उनसे आधा अंक पीछे हैं। रूस के इयान नेपोम्नियाशिच और वाचियेर लाग्रेव चार अंक लेकर पांचवें स्थान पर हैं।

### एशियाई बिलियडर्स के फाइनल में आडवाणी

**रियाद।** भारत के क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी एशियाई बिलियडर्स में हैट्रिक बनाने के करीब हैं जिन्होंने हमवतन सौरव कोठारी को 5-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। आडवाणी ने हर फ्रेम में 100 का स्कोर किया। उन्होंने 100-29, 100-33, 101-38, 100-21, 100-0 से जीत दर्ज की। इससे पहले क्वार्टर फाइनल में उन्होंने भारत के ही श्रीकृष्णा सूर्यनारायणन को 5-0 से हराया था।

### एशियाई युगल स्क्वाश के पहले दिन जीते अभय

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह ने मलेशिया के जोहोर में चल रही एशियाई युगल स्क्वाश चैंपियनशिप के पहले दिन भारतीय चुनौती की अगुवाई करते हुए अपने दोनों वर्गों में जीत दर्ज की। भारतीय दल ने पांच में से चार मुकाबले जीते। अभय और वेलावन सेंथिलकुमार ने फिलीपीन के डेविड पेलिनो और रेमार्क बेगोर्निया को पुरूष युगल में 2-0 से हराया।

### राजावत क्वार्टर फाइनल में, त्रिसा-गायत्री भी जीते

**कैलगरी (कनाडा)।** भारत के उदीयमान बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए जापान के ताकुमा ओबायाशी को सीधे गेम में हराकर कनाडा ओपन एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दुनिया के 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने 33वीं रैंकिंग वाले ओबायाशी को 38 मिनट में 21-19, 21-11 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से होगा। महिला युगल में तीसरी वरीयता प्राप्त त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। उन्होंने डेनमार्क की नताशा एंथोनिसेन और नीदरलैंड की एलिसा टी को अंतिम 16 के मुकाबले में 17-21, 21-7, 21-8 से हराया। अब उनका सामना चीनी ताइपै की पेइ एस सियेह और एन जू हंग से होगा। अनुपमा उपाध्याय और तान्या हेमंत की जोड़ी दूसरे दौर में हार गई।

### भारतीय रेफरी उवेना ने की संन्यास की घोषणा

**नई दिल्ली।** फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप (2016) में सहायक रेफरी की भूमिका निभाने वाली भारत की उवेना फर्नांडिस ने शनिवार को संन्यास की घोषणा की। यह जानकारी अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शुक्रवार को दी। उवेना फीफा के किसी विश्व कप फाइनल में सहायक रेफरी की भी भूमिका निभाने वाली इकलौती भारतीय है। उन्होंने जॉर्डन में फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप में अंपायरिंग की थी। गोवा की रहने वाली 43 वर्षीय उवेना रेफरी मूल्यांकनकर्ता और प्रशिक्षक के रूप में काम करना जारी रखेंगी। उन्होंने एआईएफएफ से कहा मैं लगभग 20 वर्षों तक रेफरी रही हूं और मुझे लगता है कि मैंने पहले ही अपने काम के साथ न्याय किया है और इस प्रक्रिया में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। भारतीय वायु सेना में एक वरिष्ठ अधिकारी उवेना ने कहा मैंने पहले ही अपना काम कर दिया है, इसलिए मैंने सोचा कि युवाओं को भी मौका मिलना चाहिए।

# विराट-रोहित के बिना नई शुरुआत करेगी युवा टीम

## जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत का पहला टी-20 मुकाबला आज, शुभमन की अगुवाई में अभिषेक और रियान करेंगे पदार्पण

हरारे, एजेंसी

रोहित शर्मा और विराट कोहली के बिना की युवा ब्रिगेड जिम्बाब्वे के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रही पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला में उतरेगी तो इस प्रारूप में यह भारतीय क्रिकेट के नये दौर का सूत्रपात भी होगा। भारत में टी-20 विश्व कप की जीत के सतत जारी जश्न के बीच शुभमन गिल की कप्तानी वाली आईपीएल सितारों से सजी यह युवा टीम जीत का अपना सिलसिला शुरू करना चाहेगी।

आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले पंजाब के अभिषेक शर्मा और राजस्थान रॉयल्स के लिये खेलने वाले असम के रियान पराग इस श्रृंखला के जरिए पदार्पण करेंगे। पिछले कुछ साल में रोहित और कोहली टी-20 क्रिकेट में कई द्विपक्षीय श्रृंखलाओं से बाहर रहे हैं। अब टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से दोनों के संन्यास के बाद उनकी कमी जरूर खलेगी। इसकी भरपाई करना तो मुश्किल है लेकिन फिर परिवर्तन संसार का नियम है। जिम्बाब्वे मजबूत टीम नहीं है लेकिन टी-20 प्रारूप में दोनों टीमों के बीच बहुत गहरा अंतर नहीं है। आईपीएल में पंजाब किंग्स के लिये खेलने वाले सिकंदर रजा भारत के लिए चुनौती साबित हो सकते हैं। शिवम दुबे, संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल तीसरे मैच से ही उपलब्ध होंगे। भारत के भावी टी-20 कप्तान हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव भी भविष्य में इस प्रारूप में लौटेंगे लिहाजा अंतिम एकादश में ज्यादा जगह खाली नहीं है ।

**मैच : शाम 04:30 बजे**

**भारत : (पहले दो मैचों के लिए) :** शुभमन गिल (कप्तान), रूतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश, तुषार देशपांडे, साइ सुदर्शन, जितेश शर्मा, हर्षित राणा।

**जिम्बाब्वे :** सिकंदर रजा (कप्तान), फराज अकरम, ब्रायन बेनेट, जोनाथन कैंपबेल, टेंडाइ चतारा, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट केइया , क्लाइव एम, वेसली मेदेवेरे, टी मारूमानी, वेलिंगटन मसाकाजा, ब्रेंडन मावुता, ब्लेसिंग मुजाराबानी, डियोन मायर्स , एंटम नकवी, रिचर्ड एंगारावा, मिल्टन शुम्बा।

अब से 2026 टी-20 विश्व कप तक भारतीय टीम इस प्रारूप में 34 मैच खेलेगी। कप्तान गिल पारी का आगाज करेंगे और देखना होगा कि उनके अजीज दोस्त अभिषेक शर्मा को पदार्पण का मौका मिलता है या चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ खेलते हैं। अभिषेक पारी की शुरूआत करते हैं तो गायकवाड़ तीसरे नंबर पर उतर सकते हैं। पराग चौथे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं लिहाजा उनके चयन की संभावना अधिक है। आक्रामक फिनिशर रिंकू सिंह पांचवें नंबर पर उतर सकते हैं जबकि छठे नंबर पर जितेश शर्मा या ध्रुव जुरेल को उतारा जा सकता है। गेंदबाजी में आवेश खान और खलील अहमद का खेलना तय है जबकि डैथ ओवरों के खतरनाक गेंदबाज मुकेश कुमार तीसरे तेज गेंदबाज होंगे । दुबे के आने तक वॉशिंगटन सुंदर को मौका मिल सकता है।



विश्वविजेता टीम के कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, यशस्वी जायसवाल और शिवम दुबे को सम्मानित करते महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे। ● एजेंसी

## मुख्यमंत्री ने टीम के लिए 11 करोड़ के पुरस्कार की घोषणा की

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के लिए शुक्रवार को 11 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की। यह घोषणा यहां विधान भवन में की गई जहां भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, यशस्वी जायसवाल और शिवम दुबे को सम्मानित किया गया।

शिंदे ने अपने भाषण में विश्व कप में टीम की चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर मिली जीत के अलावा सूर्यकुमार के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मैच में लिए गए शानदार कैच की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने सहयोगी टीम के सदस्य पारस म्हाम्ब्रे और अरूण कनाडे के योगदान की प्रशंसा करते हुए उन्हें सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने मुंबई पुलिस की गुरुवार को विजय परेड के दौरान भीड़ प्रबंधन की भी सराहना की। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री अजीत पवार और देवेंद्र फडनवीस भी मौजूद थे। पवार ने कहा रोहत शर्मा ने स्पष्ट कर दिया कि वह टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में अब नहीं खेलेंगे, लेकिन जब भी हम टी-20 मैच देखेंगे, हम हमेशा आपको और आपकी टीम की उपलब्धियों को याद रखेंगे। फडनवीस ने रोहित की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका नाम अब हमेशा के लिए क्रिकेट इतिहास में लिखा जाएगा।

रोहित ने कहा कि फाइनल में टीम प्रयास से जीत मिली। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुझे कहा कि इस तरह का आयोजन विधान भवन परिसर में कभी नहीं किया गया है। इतने लंबे इंतजार के बाद क्रिकेट विश्व कप भारत लाकर सपना सच हो गया। यह टीम प्रयास था। उन्होंने मजाक करते हुए कहा, यह पूरी तरह से टीम प्रयास था। सूर्या ने सभी को कहा कि वह भाग्यशाली रहे कि गेंद उनके हाथ में आ गई। अगर ऐसा नहीं हुआ होता तो मैं उसे अगले मैच में बाहर बिठा देता। फाइनल में मैच का रूख बदलने वाला कैच लेने वाले सूर्यकुमार ने कहा मैं आप सभी से मिलकर खुश हूं। हमें कल और आज यहां विधान भवन में जो समर्थन मिला, मैं उसे कभी नहीं भुला पाऊंगा। दुबे ने कहा मुझे गर्व है कि मैं महाराष्ट्र में रह रहा हूं। हम कल मिले स्वागत से अभिभूत हो गए।

### ट्रॉफी क्या मायने रखती है यह कल देखा

**मुंबई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने यहां अभूतपूर्व स्वागत से अभिभूत होकर कहा कि विजय परेड के दौरान प्रशंसकों के असीम प्यार ने साबित कर दिया कि यह टी-20 विश्व कप सिर्फ उनकी टीम के लिए नहीं बल्कि पूरे देश के लिए क्या मायने रखता है। रोहित ने बीसीसीआई टीवी से कहा आप इस रोमांच से अनुमान लगा सकते हैं। इससे साबित होता है कि यह ट्रॉफी सिर्फ हमारे लिए नहीं बल्कि पूरे देश के लिए क्या मायने रखती है। मुझे खुशी है कि हम इस तरह का कुछ हासिल कर सके। रोहित ने दूसरी बार टी-20 विश्व कप जीता है लेकिन उनके लिए यह खास है। उन्होंने कहा 2007 अलग था। मैं उसे भूल नहीं सकता क्योंकि वह मेरा पहला विश्व कप था। यह खास है क्योंकि मैं इस बार कप्तान था। मेरे लिए यह बहुत गर्व का पल है।

### प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए चुने गए बुमराह, रोहित

**दुबई।** आईसीसी ने टी-20 विश्वकप टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले जसप्रीत बुमराह और रोहित शर्मा तथा महिला वर्ग में स्मृति मंधाना, मैया बाउचिर और विशमी गुणरत्ने को प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए नामांकित किया। आईसीसी की ओर से प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए जारी की गई नामांकित सूची में भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और और अफगानिस्तान के बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज तथा महिला वर्ग में स्मृति मंधाना, इंग्लैंड की मैया बाउचिर, श्रीलंका की विशमी गुणरत्ने भी शामिल है। बुमराह ने जून में हुए टी-20 विश्वकप टूर्नामेंट में 15 विकेट चटकाए।

## फर्नले को हराकर नोवाक तीसरे दौर में




**लंदन।** सात बार के विंबलडन चैंपियन सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ब्रिटेन के जैकब फर्नले संघर्षपूर्ण मुकाबले में हराकर विंबलडन चैंपियनशिप के तीसरे दौर में पहुंच गए है। ऑल इंग्लैंड क्लब में खेले गये मुकाबले में, एक महीने पहले घुटने में लगी चोट के बावजूद जोकोविच ने ग्रैंड स्लैम के मुख्य ड्रा में अपना पहला मैच खेल रहे ब्रिटिश वाइल्डकार्ड जैकब फर्नले पर 6-3, 6-4, 5-7, 7-5 से जीत दर्ज की। सर्बियाई खिलाड़ी जोकोविच तीसरे दौर में मुकाबला एलेजांद्रो टेबिलो और फ्लेवियो कोबोली के मैच के विजेता से होगा। मैच के बाद जोकोविच ने फर्नले के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा जैकब को शानदार मैच के लिए बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने शानदार प्रयास किया और बहुत बढ़िया टेनिस खेला।

# द. अफ्रीका ने भारत को 12 रन से हराया

चेन्नई, एजेंसी



विकेट लेने के बाद जश्न मनातीं दक्षिण अफ्रीका की खिलाड़ी। ● एजेंसी

- दक्षिण अफ्रीका की तजमिन ब्रिट्स और मारिजने काप ने लगाए अर्धशतक
- पहले टी-20 में जेमिमा रोड्रिग्स ने खेली 53 रनों की नाबाद पारी

दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम ने तजमिन ब्रिट्स (81 रन) और मारिजने काप (57 रन) के अर्धशतकों की मदद से शुक्रवार को यहां पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत को 12 रन से शिकस्त देकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाई। ब्रिट्स ने 56 गेंद में 10 चौके और तीन छक्के जड़े जबकि काप ने 33 गेंद में आठ चौके और एक छक्का लगाया।

बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने 189 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में भारतीय टीम जेमिमा रोड्रिग्स (नाबाद 53 रन) के अर्धशतक के बावजूद चार विकेट पर 177 रन ही बना सकी। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (18 रन) और स्मृति मंधाना (46 रन) ने पहले विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी निभाकर भारत को अच्छी शुरुआत कराई, लेकिन अयाबोंगा खाका ने शेफाली को आउट कर पहला झटका दिया। मंधाना को क्लो ट्रायोन की आउट किया। मंधाना ने 30 गेंद की पारी में सात चौके और दो छक्के लगाए। दयालन हेमलता (14 रन) ज्यादा देर तक बल्लेबाजी नहीं कर सकीं और 17 गेंद खेलने के बाद नाडिने डि क्लर्क का शिकार हुईं। कप्तान हरमनप्रीत कौर (35 रन) पारी की अंतिम गेंद पर एन मलाबा की गेंद पर आउट हुई जिससे उनके और रोड्रिग्स (30 गेंद, सात चौके, एक छक्का) के बीच चौथे विकेट के लिए 59 गेंद में 90 रन की साझेदारी का अंत हुआ और टीम 12 रन से हार गईं।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज ब्रिट्स और कप्तान लौरा वोलवार्ट (33 रन) ने सतर्क शुरूआत करते हुए 43 गेंद में 50 रन की साझेदारी निभायी जिससे टीम प्रतिस्पर्धी स्कोर की ओर अग्रसर हुई। इस पारी में बने 189 रन टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के खिलाफ उसका सर्वोच्च स्कोर भी है। लौरा चौथे ओवर में भाग्यशाली रहीं जब तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर (दो विकेट) की गेंद पर श्रेयंका पाटिल (टखना मुड़ने के कारण मैदान से बाहर गयीं डी हेमलता की जगह उतरीं) ने उनका कैच छोड़ दिया, तब वह 24 रन पर थीं। राधा यादव (दो विकेट) ने लौरा को आउट कर पहले विकेट की भागीदारी का अंत किया। इस दौरान स्मृति मंधाना ने काप और विकेटकीपर ऋचा घोष ने ब्रिट्स के कैच छोड़े। ऋचा कैच लेने के प्रयास में चेहरे पर चोट लगने से मैदान से चली गईं। ब्रिट्स और काप ने दूसरे विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी निभाकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। राधा ने काप को आउट कर यह साझेदारी तोड़ी। अनुभवी क्लो ट्रायोन (12) और काप ने फिर तेजी से 38 रन जोड़े।

**संक्षिप्त स्कोर बोर्ड**

**दक्षिण अफ्रीका :** 189/4, 20 ओवर। तजमिन ब्रिट्स 81, मारिजने काप 57, लौरा वोलवार्ट 33, क्लो ट्रायोन 12। **विकेट :** पूजा वस्त्राकर 2, राधा यादव 2।

**भारत :** 117/4, 20 ओवर। शेफाली 18 , स्मृति मंधाना 46, हरमनप्रीत 35, जेमिमा रोड्रिग्स 53 नाबाद। **विकेट :** अयबोंगा खाका 1।

## पाकिस्तान करेगा इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और बांग्लादेश की मेजबानी

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अंतिम समय में अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला घोषित करने की परंपरा से हटते हुए शुक्रवार को पुष्टि की कि पुरुष टीम 2024-25 सत्र में इंग्लैंड के खिलाफ हाई प्रोफाइल श्रृंखला सहित नौ टेस्ट, 14 वनडे और नौ टी-20 मैच खेलेगी। पाकिस्तान इस साल अक्टूबर में तीन मैच की टेस्ट श्रृंखला के लिए इंग्लैंड की मेजबानी करेगा जबकि बांग्लादेश और वेस्टइंडीज के दौरे भी शामिल हैं।

पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी ने कहा, ये श्रृंखलाएं अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पाकिस्तान का स्थान मजबूत करने के लिए हमारी रणनीति का अहम हिस्सा है। पीसीबी ने कहा कि बांग्लादेश रावलपिंडी (21 से 25 अगस्त) और कराची (30 अगस्त से तीन सितंबर) में दो टेस्ट खेलेगा और अंतर्राष्ट्रीय सत्र की शुरूआत करेगा जिसका समापन नौ मार्च को प्रस्तावित आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 फाइनल से होगा। पाकिस्तान का सामना तीन टेस्ट में इंग्लैंड से होगा जो मुल्तान, कराची और रावलपिंडी में होंगे।

## आदित्य बोले- मुंबई से कभी विश्व कप फाइनल मत छीनना

मुंबई, एजेंसी

शिव सेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने शुक्रवार को कहा कि मुंबई में टी-20 विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम का भव्य स्वागत बीसीसीआई के लिए संदेश भी है कि देश की वित्तीय राजधानी से कभी भी किसी बड़े टूर्नामेंट का फाइनल मैच मत छीनो। ऐसा लगता है कि ठाकरे की टिप्पणी बीसीसीआई की आलोचना के लिए थी जिसने 2023 में आईसीसी वनडे विश्व कप की मेजबानी में इसका फाइनल मुंबई के बजाय अहमदाबाद को दिया था।

भारत पिछले साल नंवबर में हुए विश्व कप फाइनल में आस्ट्रेलिया से हार गया था। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, मुंबई में कल का जश्न बीसीसीआई को कड़ा संदेश भी है कि मुंबई से कभी भी विश्व कप फाइनल मत छीनो। ठाकरे की यह टिप्पणी टी-20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम की मुंबई में विजय परेड के एक दिन बाद आई है।

### बीसीसीआई एक ही शहर को नहीं दे सकता प्राथमिकता : राजीव

**मुंबई।** बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे की प्रतिक्रिया के जवाब में कहा कि जब महत्वपूर्ण फाइनल के आयोजन की बात आती है तो बोर्ड एक शहर को दूसरे पर प्राथमिकता नहीं दे सकता। शुक्ला ने कहा कोलकाता में भी 1987 विश्व कप का फाइनल हो चुका है और कोलकाता को भारत में क्रिकेट का मक्का कहा जाता है। इसलिए यह फैसला नहीं किया जा सकता कि फाइनल एक विशेष शहर में ही होना चाहिए। मुंबई में कई सेमीफाइनल और फाइनल हो चुके हैं। शुक्ला ने कहा कोलकाता (ईडन गार्डन्स) की क्षमता काफी अधिक है जिसमें करीब 80,000 दर्शकों (66,000 के करीब) दर्शक आ सकते हैं। ऐसा अन्य शहरों में भी है। यह फैसला पूरे देश को और सभी स्टेडियमों को ध्यान में रखकर लिया जाता है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### पाक में पर्यावरण के नमूनों में मिला पोलियो वायरस

**इस्लामाबाद** पाकिस्तानी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान के दो नए जिलों के साथ-साथ तीन प्रांतों के छह पहले से संक्रमित जिलों के सीवेज नमूनों में वाइल्ड पोलियो वायरस टाइप 1 का पता चला है। मंत्रालय ने कहा कि इस वायरस का पता 10 से 12 जून के बीच दक्षिण-पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर, सिबी, केच, डुक्की, उस्ता मुहम्मद और मस्तुंग जिलों, पूर्वी पंजाब प्रांत के रावलपिंडी जिले और उत्तर-पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के एबटाबाद जिले से एकत्र किए गए पर्यावरण नमूनों से लगाया गया था।

### वेटिकन ने अपने पूर्व राजदूत को किया बहिष्कृता

**रोम।** वेटिकन ने अमेरिका में अपने पूर्व राजदूत आर्कबिशप कार्लो मारिया विगानो को विभाजन का दोषी पाते हुए, बहिष्कृत कर दिया है। यह पोप फ्रांसिस के सबसे प्रबल आलोचकों में गिने जाने वाले उग्र रूढ़िवादी (विगानो) के लिए अपरिहार्य अंत है। शुक्रवार को एक प्रेस वक्तव्य में कहा गया कि वेटिकन के सिद्धांत कार्यालय ने गुरुवार को अपने सदस्यों की बैठक के बाद यह प्रतिबंध लगाया।

### इजरायली हमले में सात फिलिस्तीनी मारे गए

**रामल्लाह।** फिलिस्तीन के उत्तरी वेस्ट बैंक में जेनिन शहर और उसके शरणार्थी शिविर में इजरायली हवाई हमले और गोलीबारी में सात फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

### पाकिस्तान में सोशल मीडिया पर छह दिन प्रतिबंध

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने इस्लामी महीने मुहर्रम के दौरान नफरत फैलाने वाली सामग्री को नियंत्रित करने के उद्देश्य से सोशल मीडिया मंच यूट्यूब, व्हाट्सऐप, फेसबुक, इंस्टाग्राम और टिकटॉक पर 13 से 18 जुलाई तक प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। पंजाब सरकार की ओर से जारी की गई एक अधिसूचना के अनुसार, मुख्यमंत्री मरियम नवाज की कानून एवं व्यवस्था संबंधी कैबिनेट समिति ने 12 करोड़ से अधिक की आबादी वाले प्रांत में प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की है।

### चीन में नए उपग्रह समूह का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण

**बीजिंग।** चीन ने उत्तरी शांक्सी प्रांत के ताइयुआन उपग्रह प्रक्षेपण केन्द्र से से शुक्रवार सुबह 6:49 बजे तियानहुई 5-02 उपग्रह समूह को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया गया। उपग्रह समूह को संशोधित लॉन्ग मार्च-6 वाहक रॉकेट द्वारा ले जाया गया और उसने नियोजित कक्षाओं में प्रवेश कर लिया है। उपग्रहों के इस समूह का उपयोग भौगोलिक मानचित्रण, भूमि संसाधन सर्वेक्षण, वैज्ञानिक प्रयोग और अन्य उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। यह वाहक रॉकेटों की लॉन्ग मार्च श्रृंखला का 527वां मिशन है।

### तुर्की में 45 आईएस संदिग्ध हिरासत में

**अंकारा।** तुर्की पुलिस ने आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएस) से जुड़े होने के संदेह में 45 लोगों को हिरासत में लिया है। तुर्की के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने एक्स पर लिखा आईएस के खिलाफ अभियान के परिणामस्वरूप कुल 81 में से 16 प्रांतों में 45 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। यह अभियान इस्तांबुल, अंताल्या और अंकारा और अन्य स्थानों पर चलाया गया। येरलिकाया ने बताया कि छापे के दौरान बड़ी संख्या में मुद्रा और डिजिटल डेटा जब्त किया गया।

# पैन कार्ड से हो सकता है स्कैम, धोखेबाज ले सकते हैं मनमाफिक लोन

आज के दौर में देश के नागरिकों के लिए पेन कार्ड एक जरूरी डॉक्यूमेंट बन गया है। इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने, बीमा प्रीमियम जमा करने, बैंक अकाउंट खोलने, डेबिट कार्ड या क्रेडिट कार्ड बनवाने या प्रोपर्टी खरीदने में पैन कार्ड की डिटेल देना जरूरी है। इसी का फायदा उठाकर साइबर ठग लोगों को पैन कार्ड स्कैम का धड़ल्ले से शिकार बना रहे हैं। हाल ही में पैन कार्ड स्कैम का एक मामला मुंबई से सामने आया है। दरअसल एक बुजुर्ग महिला को 2010-11 में 1.3 करोड़ रुपये की संपत्ति को बेचने के लिए आयकर विभाग से नोटिस मिला। हालांकि यह कोई पहली घटना नहीं है, जब पैन कार्ड के दुरुपयोग का मामला सामने आया हो। इससे पहले भी देश के अलग-अलग हिस्सों से पैन कार्ड का गलत इस्तेमाल कर ठगी करने की शिकायतें मिली हैं। ऐसे में पैन कार्ड का इस्तेमाल करते समय बेहद सावधान और सतर्क रहने की जरूरत है यह भी हो सकता है कि आपके नाम पर कोई लोन ले ले।




### पैन कार्ड स्कैम क्या है

पैन कार्ड का इस्तेमाल व्यक्ति और संस्था टैक्स से जुड़े कानूनों का पालन कर रहे हैं या नहीं, यह ट्रैक करने के लिए किया जाता है। कार्ड में नाम, जन्मतिथि, फोटो, पैन नंबर व हस्ताक्षर जैसी जानकारी होती है। यह जानकारी साइबर ठग के हाथ लग जाए तो वह कई तरीकों से दुरुपयोग कर सकता है।

### इस तरह बचें स्कैम से

इस स्कैम के अधिकांश मामलों में साइबर ठग लोगों को मोबाइल फोन पर पैन कार्ड अपडेट करने के नाम पर फर्जी लिंक भेजते हैं। लिंक पर क्लिक करते ही ठग फोन पर रिमोट एक्सेस लेने के लिए एक स्क्रीन-शेयरिंग ऐप डाउनलोड कराते हैं।

### गलत इस्तेमाल पर ऐसे करें पता

कार्ड का कोई गलत इस्तेमाल तो नहीं कर रहा है, यह जानने का सबसे अच्छा तरीका है क्रेडिट स्कोर को चेक करना। स्कोर आपको इस बारे में जानकारी देता है कि पैन कार्ड के साथ कुछ अनऑथराइज्ड एक्टिविटी तो नहीं हो रही है। अगर किसी तरह के फ्रॉड की जानकारी लगे तो तुरंत शिकायत करनी चाहिए।

### यह सावधानियां बरतनी चाहिए

पैन कार्ड नंबर और इससे जुड़ी कॉन्फिडेंशियल जानकारी कंम्प्यूटर या मोबाइल फोन में न रखें। अनजान ऑनलाइन पोर्टल पर अपना पूरा नाम या जन्मतिथि दर्ज न करें। किसी होटल में कमरा बुक करते समय, ई-टिकट बुकिंग के समय वोटर आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस या आधार कार्ड जैसी आईडी का इस्तेमाल करें।

### स्कैम का शिकार होने पर ऐसे करें शिकायत

- : https://www.protean-tinpan.com/ के ऑफिशियल पोर्टल पर जाएं।
- इसके बाद होम पेज पर ऊपर दाईं तरफ कस्टमर केयर ऑप्शन पर जाएं।
- फिर ड्रॉप-डाउन कर कंप्लेन/क्वैरी के ऑप्शन पर क्लिक करें।
- इसके बाद एक शिकायत पत्र आएगा, इसमें अपनी शिकायत से जुड़ी डिटेल्स को भरकर कैप्चा दर्ज करें।
- शिकायत से जुड़ी जानकारी और कैप्चा दर्ज करने के बाद ''सबमिट'' के बटन पर क्लिक करें।


प्रधानमंत्री बनने के बाद स्टॉर्मर का स्वागत करते नागरिक।


डाउनटाउन आवास में पत्नी के साथ नवनियुक्त प्रधानमंत्री खुशी जाहिर करते हुए। • एजेंसी


डाउनटाउन छोड़ने के बाद पत्नी अक्षिता के साथ ऋषि सुनक।

# बड़ी संख्या में चुने गए भारतीय मूल के सांसद

## ब्रिटेन में कंजर्वेटिव पर भारी पड़ी लेबर पार्टी, 14 साल बाद सत्ता परिवर्तन, सुनक ने लोगों से माफी मांगी

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन के आम चुनाव में भारतीय मूल के लगभग 26 सांसद वहां की संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स के लिए चुने गए हैं। निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने यॉर्कशायर में रिचमंड और नॉर्थलेर्टन निर्वाचन क्षेत्र में निर्णायक जीत के साथ ब्रिटिश भारतीयों की जीत का नेतृत्व किया है।

सुनक ने एक संदेश में कहा इस मुश्किल समय में मैं रिचमंड और नॉर्थलेर्टन निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के प्रति अपना आभार व्यक्त करना चाहता हूं जिन्होंने मुझे लगातार समर्थन दिया है। अपनी सीट फिर से जीतने वाले अन्य प्रमुख ब्रिटिश भारतीय टोरी नेताओं में पूर्व गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन और प्रीति पटेल शामिल हैं। गगन महिंद्रा ने कंजर्वेटिव पार्टी के लिए अपनी साउथ वेस्ट हर्टफोर्डशायर सीट पर जीत हासिल की। वहीं शिवानी राजा ने लीसेस्टर ईस्ट निर्वाचन क्षेत्र में विजय प्राप्त की। वह यहां से भारतीय मूल के लेबर उम्मीदवार राजेश अग्रवाल के खिलाफ चुनाव मैदान में थीं। चुनाव परिणामों से पता चलता है कि लेबर पार्टी में सबसे अधिक संख्या में भारतीय प्रवासी उम्मीदवार विजयी हुए हैं। लेबर पार्टी को 200 से अधिक सीट की बढ़त के साथ भारी जीत दिलाने के बाद स्टार्मर ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री बने और उन्होंने ऋषि सुनक की जगह ली। ब्रिटेन में कंजर्वेटिव पर लेबर पार्टी भारी पड़ी और इस तरह 14 साल बाद सत्ता परिवर्तन हुआ।


महाराजा चार्ल्स तृतीय से मुलाकात के बाद आधिकारिक रूप से ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री।

### सत्ता परिवर्तन से एफटीए में कुछ संशोधन संभव

**नई दिल्ली।** सत्ता परिवर्तन से ब्रिटेन और भारत के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को मंजूरी मिलने की उम्मीद है, इसमें मामूली बदलाव हो सकते हैं। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने कहा कि लेबर पार्टी एफटीए के फायदों को पहचानेगी, क्योंकि इससे उच्च टैरिफ बाधाओं को दूर करते हुए तेजी से बढ़ते और बड़े भारतीय बाजार तक पहुंच मिलती है।

### दुनिया भर के नेताओं ने दी बधाई

**लंदन।** प्रधानमंत्री मोदी ने स्टॉर्मर को बधाई देते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के साथ ही पारस्परिक विकास एवं समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सकारात्मक तथा रचनात्मक सहयोग की उम्मीद जताई। साथ ही सुनक के नेतृत्व की सराहना की और अपने कार्यकाल के दौरान भारत और ब्रिटेन के संबंधों को प्रगाढ़ करने में उनके सक्रिय योगदान के प्रति आभार जताया।

**आस्ट्रेलिया :** प्रधानमंत्री एंथनी ने कहा सरकार के साथ रचनात्मक रूप से काम करने के लिए उत्सुक हैं।

**इटली :** प्रधानमंत्री मेलोनी ने कहा इटली व ब्रिटेन के बीच मजबूत संबंध है और मुझे विश्वास है कि हम अपने नागरिकों के हित में प्रगाढ़ संबंध विकसित करना जारी रखेंगे।

**नार्वे :** नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोरे ने स्टॉर्मर और लेबर पार्टी को चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी।

### डाउनटाउन को छोड़ते समय भावुक हुए सुनक

**लंदन।** ब्रिटेन के निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने शुक्रवार को कहा कि आम चुनाव में अपनी पार्टी की हार की जिम्मेदारी लेते हुए वह कंजर्वेटिव पार्टी के नेता का पद छोड़ देंगे। इसके साथ ही सुनक ने उन दिवाली उत्सवों को याद किया जो उन्होंने भारतीय मूल के पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री के रूप में डाउनिंग स्ट्रीट (ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का आवास) पर अपने परिवार के साथ मनाए थे। सुनक (44) का कार्यकाल करीब 20 महीना रहा और प्रधानमंत्री के रूप में अपने विदाई भाषण में वह भावुक हो गए। उन्होंने मतदाताओं से माफी मांगी लेकिन जोर दिया कि उन्होंने बतौर प्रधानमंत्री पूरे समर्पण से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। उन्होंने अपनी पार्टी के सहयोगियों से भी माफी मांगी जो चुनाव में हार गए। सुनक ने कहा सबसे पहले मैं यह कहना चाहूंगा कि मुझे खेद है। मैंने इस पद पर पूरी ईमानदारी से काम किया।

### निगेल फराज आठवें प्रयास में बने सांसद



**लंदन।** निगेल फराज अपने आठवें प्रयास में ब्रिटेन की किसी संसदीय सीट से निर्वाचित होने में कामयाब हो गए। वह क्लैक्टन से जीत हासिल करके पहली बार सांसद बने हैं। फराज की कट्टर दक्षिणपंथी रिफॉर्म यूके पार्टी ने ब्रिटेन के आम चुनाव में चार सीट पर जीत हासिल की है। फराज (60) ने कंजर्वेटिव पार्टी के उम्मीदवार जाइल्स वाटलिंग को हराया। वाटलिंग 2017 से एसेक्स के इस तटीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे थे।

# रूस में सेना में भारतीयों का मुद्दा उठाएंगे मोदी

- सोमवार को रूस एवं ऑस्ट्रिया की यात्रा पर जाएंगे प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को रूस एवं ऑस्ट्रिया की यात्रा पर जाएंगे और वह रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन के साथ बातचीत में भारतीय नौजवानों के रूसी सेना में भर्ती होकर यूक्रेन के मोर्चे पर भेजे जाने का मुद्दा उठायेंगे और ऐसे सभी भारतीय युवाओं को मुक्त कर स्वदेश भेजने का भी अनुरोध करेंगे। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

इस मौके पर विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) पवन कपूर, अतिरिक्त सचिव (यूरेशिया) चरणजीत सिंह और अतिरिक्त सचिव (मध्य यूरोप) अरुण कुमार भी मौजूद थे। क्वात्रा ने प्रधानमंत्री की यात्रा की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री 22वें वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए रूस के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर 8-9 जुलाई को मॉस्को की आधिकारिक यात्रा करेंगे। प्रधानमंत्री का सोमवार को दोपहर में मॉस्को पहुंचने का कार्यक्रम है। मोदी के सम्मान में सोमवार 8 जुलाई को राष्ट्रपति एक निजी रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे। प्रधानमंत्री क्रेमलिन में अज्ञात सैनिक की कब्र पर पुष्पांजलि भी अर्पित करेंगे और उसके बाद मोदी मॉस्को में प्रदर्शनी स्थल का दौरा करेंगे।

इन कार्यक्रमों के बाद दोनों नेताओं के बीच एक एकांत में बातचीत होगी, जिसके बाद प्रधानमंत्री मोदी और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता होगी। विदेश सचिव ने कहा कि मोदी नौ जुलाई को दोपहर बाद मास्को से विएना जाएंगे। ऑस्ट्रिया के चांसलर के निमंत्रण पर नरेंद्र मोदी 9-10 जुलाई को ऑस्ट्रिया में रहेंगे।

### पुतिन से बातचीत को मॉस्को पहुंचे हंगरी के प्रधानमंत्री



**बुडापेस्ट (हंगरी)।** हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ वार्ता के लिए मॉस्को पहुंचे। ओरबान के प्रेस प्रमुख ने शुक्रवार को बताया कि दो वर्ष से अधिक समय पहले यूक्रेन पर आक्रमण के बाद किसी यूरोपीय नेता की यह रूस की दुर्लभ यात्रा है। ओरबान की यह यात्रा यूक्रेन की इसी तरह की अघोषित यात्रा के कुछ ही दिनों बाद हो रही है, जहां उन्होंने राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की थी और प्रस्ताव रखा था कि यूक्रेन रूस के साथ तत्काल युद्ध विराम पर विचार करे। यूरोपीय संघ में पुतिन के सबसे करीबी सहयोगी माने जाने वाले ओरबान ने यूक्रेन की सहायता करने तथा युद्ध के लिए मॉस्को पर प्रतिबंध लगाने के यूरोपीय संघ के प्रयासों को नियमित रूप से अवरुद्ध, विलंबित या कमजोर किया है। वह लंबे समय से यूक्रेन में शत्रुता समाप्त करने की वकालत करते रहे हैं।

# इमरान खान ने प्रधान न्यायधीश पर जताया अविश्वास, भूख हड़ताल की दी धमकी

इस्लामाबाद, एजेंसी



जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने शुक्रवार को धमकी दी कि अगर उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायधीश काजी फैज ईसा उनके मामलों में न्याय करने में असफल होते हैं तो वह भूख हड़ताल पर चले जाएंगे।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 71 वर्षीय प्रमुख ने रावलपिंडी की अदियाला जेल में मीडिया से बातचीत के दौरान यह बयान दिया। उन्होंने इस दौरान पार्टी और उनके मामलों को संभालने वाली पीठों में मुख्य न्यायाधीश ईसा की भागीदारी पर चल रही चिंताओं का हवाला दिया। वह अदियाला जेल में अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई के सिलसिले में अदालत में उपस्थित थे। उन्होंने अपनी पीटीआई पार्टी से संबंधित मामलों की सुनवाई के लिए गठित पीठ में मुख्य न्यायाधीश ईसा की उपस्थिति पर आपत्ति जताई तथा चेतावनी दी कि यदि प्रधान न्यायाधीश न्याय देने में विफल रहे तो वे भूख हड़ताल पर चले जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके वकीलों ने उनकी पार्टी के मामलों के बारे में सुनवाई करने वाली प्रत्येक पीठ में प्रधान न्यायाधीश ईसा को शामिल करने पर आपत्ति जताई है। पूर्व प्रधानमंत्री ने पूछा प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा पीटीआई और मेरे मामलों की सुनवाई करने वाली हर पीठ में कैसे शामिल होते हैं? खान ने यह भी कहा कि पूर्व प्रधान न्यायाधीश गुलजार अहमद ने कहा था कि ईसा पीटीआई के मामलों की सुनवाई नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि पीटीआई के वकीलों का मानना है कि उन्हें न्याय नहीं मिलेगा, इसलिए हमारे मामलों की सुनवाई किसी और को करनी चाहिए।

## रूसी क्षेत्र में 50 यूक्रेनी ड्रोन नष्ट

**मॉस्को।** रूस की हवाई सुरक्षा ने रात भर में तीन रूसी क्षेत्रों में 50 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट किया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा पिछली रात के दौरान जब कीव शासन ने रूसी संघ के क्षेत्र पर मानव रहित हवाई वाहनों का उपयोग करके आतंकवादी हमलों को अंजाम देने का प्रयास किया। ड्यूटी पर मौजूद वायु रक्षा प्रणालियों ने क्रास्नोडार क्षेत्र में 14 यूएवी, ज़ापोरोज़े के ऊपर 26 यूएवी को नष्ट कर दिया और रोस्तोव क्षेत्र में 10 यूएवी को भी नष्ट कर दिया। पुतिन ने कहा है कि इस ऑपरेशन का उद्देश्य आठ वर्षों तक कीव शासन द्वारा नरसंहार के शिकार लोगों की रक्षा करना है।

# प्रंचड 12 जुलाई को करेंगे बहुमत परीक्षण का सामना

काठमांडू, एजेंसी



नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड 12 जुलाई को प्रतिनिधि सभा में बहुमत परीक्षण का सामना करेंगे। गुरुवार को इसकी घोषणा की गई। इस सप्ताह की शुरुआत में प्रचंड के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार से दो प्रमुख राजनीतिक दलों ने समर्थन वापस ले लिया था। प्रधानमंत्री ने संसद सचिव को एक पत्र लिखकर बहुमत परीक्षण के लिए मतदान की व्यवस्था करने का अनुरोध किया है।

काठमांडू पोस्ट की खबर में कहा गया है दाहाल ने संविधान के अनुच्छेद 100 (2) के तहत बहुमत परीक्षण कराने का अनुरोध किया है, जिसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री जिस दल का नेतृत्व कर रहे हैं, अगर वह विभाजित हो जाता है या कोई राजनीतिक दल गठबंधन सरकार से समर्थन वापस ले लेता है तो प्रधानमंत्री को 30 दिन में प्रतिनिधि सभा में बहुमत साबित करने के लिए प्रस्ताव पेश करना होगा। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष ओलि ने गठबंधन सरकार बनाने के लिए सोमवार को समझौता किया था।

## मीटू अभियान में फ्रांसीसी निर्देशक पर आरोप तय

**पेरिस।** एक प्रमुख फ्रांसीसी फिल्म निर्देशक पर महिला कलाकारों से जुड़े एक मामले की जांच कर रहे फ्रांसीसी न्यायाधीश ने दुष्कर्म, यौन उत्पीड़न और हिंसा के प्रारंभिक आरोप तय किए हैं। पेरिस में अभियोजक कार्यालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बेनोइट जैक्वॉट को 50 से ज्यादा फिल्मों और टेलीविजन कार्यक्रमों के निर्देशन का श्रेय दिया जाता है। फ्रांसीसी फिल्म उद्योग और उसके इतर यौन शोषण और शारीरिक दुर्व्यवहार के मामले में उनका नाम एक बार फिर प्रमुखता से उभरा है। फ्रांसीसी अभिनेत्री जूडिथ गॉडरेच ने आरोप लगाया है कि जैक्वॉट ने उनके साथ छह साल तक बलात्कार किया और शारीरिक शोषण किया।

## बॉलीवुड हलचल

### भोजपुरी लोकगीत राजा जी के पातर कमरिया रिलीज

**मुंबई।** गायिका करिश्मा कक्कड़ और अभिनेत्री चांदनी मेहता का भोजपुरी लोकगीत राजा जी के पातर कमरिया रिलीज हो गया है। लोकगीत वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है।इस गाने में दिखाया गया है कि एक युवा पत्नी जोकि बहुत सुंदर है, वह अपने पति से बहुत प्यार करती है और वह अपने पति की तारीफों के पुल बांध रही है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत राजा जी के पातर कमरिया के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को करिश्मा कक्कड़ ने गाया है। वीडियो में चांदनी मेहता नजर आ रही हैं। इस गाने को आशुतोष तिवारी ने लिखा है।

### फिल्म अल्फा में नजर आएंगी आलिया भट्ट-शरवरी वाघ



**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार आलिया भट्ट और शरवरी बाघ स्पाई यूनिवर्स फिल्म अल्फा में काम करती नजर आएंगी। यशराज फिल्म्स की पहली फीमेल लीड स्पाई मूवी का टाइटल अल्फा रखा गया है। फिल्म के टाइटल के साथ पहला वीडियो यशराज फिल्म्स ने सोशल मीडिया मेकर्स ने रिवील कर दिया है, जिसमें आलिया की आवाज में बैकग्राउंड में सुनाई दे रही हैं। आलिया कहती हैं, ग्रीक एल्फाबेट का सबसे पहला अक्षर और हमारे प्रोग्राम का मोटो। सबसे पहले, सबसे तेज, सबसे वीर, ध्यान से देखो तो हर शहर में एक जंगल है और हर जंगल में राज करेगा एक अल्फा। अल्फा के टाइटल अनाउंसमेंट वीडियो में आखिरी में फिल्मिंग नाऊ भी लिखा गया है।आलिया भट्ट ने अल्फा के टाइटल वीडियो को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, ये अल्फा का टाइम है...गर्ल्स!

## ईरान में राष्ट्रपति चुनाव के लिए पुनः मतदान प्रारंभ

**दुबई।** ईरान में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के मारे जाने के बाद शुक्रवार को देश में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव हो रहे हैं जिसमें मुकाबला कट्टरपंथी परमाणु वार्ताकार सईद जलीली और सुधारवादी मसूद पेजेश्कियन के बीच है। इससे पहले 28 जून को मतदान के शुरुआती दौर में किसी भी उम्मीदवार को 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट नहीं मिले जिसके कारण दोबारा मतदान कराए जा रहे हैं। जेल में बंद नोबेल पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी सहित कई लोगों ने चुनाव के बहिष्कार का आह्वान किया है। कट्टरपंथी पूर्व परमाणु वार्ताकार सईद जलीली और हार्ट सर्जन तथा लंबे समय से संसद सदस्य रहे मसूद पेजेश्कियन के बीच टक्कर है।

**बदलाव** मानसूनी बारिश में आई तीन गुना से अधिक कमी

# जलवायु परिवर्तन का गहरा असर नैनीताल के मानसून पर

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** जलवायु परिवर्तन का गहरा असर नैनीताल के मानसून में नजर आता है। जिसमें तीन गुना तक कमी दर्ज की गई है। विश्व विख्यात इस हिल स्टेशन के मानसूनी बारिश में भारी अनिरन्तरता देखने को मिली है। इस नगर में मानसून के दौरान तीन हजार मिमी से अधिक वर्षा हुआ करती थी, जो गिरकर हजार मिमी से भी नीचे जा पहुची है।

अतीत गवाह है , 25 वर्ष पहले तक नैनीताल का मानसून झूमकर बरसा करता था। बरसा की तीव्रता को ध्यान में रखते हुए मानसून में शायद ही कार्यक्रम निर्धारित किए जाते थे। मगर वर्ष 2000 के बाद मौसम में तब्दीली आनी शुरु हो गई। दरअसल यह वह वही नगर है, जिसके अपने क्षेत्रीय बारिश का भी एक चक्र हुआ करता था। जिसे लोकल बारिश कहा जाता था। जून के शुरुआत में यह बारिश हुआ करती थी। इसकी वजह अत्यधिक नमी हुआ करती थी, जिसमें अब भारी कमी आ जाने के कारण लोकल बारिश का दौर लगभग समाप्त हो चुका है। जानकार बताते हैं कि लोकल बारिश 200 मिमी तक होती थी। मानसूनी बारिश को लेकर एक और बदलाव खंड वृष्टि के रूप में देखने को मिली है।

**2015 से 23 के बीच 10 वर्ष में हुई मानसून का आंकड़ा**




### जलवायु परिवर्तन है कारण

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के पर्यवारण वैज्ञानिक डा नरेंद्र सिंह कहते हैं कि जलवायु परिवर्तन ने नैनीताल की बारिश को प्रभावित किया है। जिस कारण मानसून ही नही, बल्कि पश्चिमी विक्षोभ की बारिश में बदलाव आया है। मगर इस बार ला नीना प्रभाव के चलते उम्मीद है कि मानसून की बारिश में सामान्य से अधिक बढ़ोतरी होगी।